पत्रिका

## पंडित दीनदयाल उपाध्याय सम्बलन पखवाड़ा शिविर

# 'कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाएं'

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**रामसर.** कस्बे के राजीव गांधी सेवा केंद्र पर शुक्रवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय सम्बलन पखवाड़े के तहत शिविर आयोजित किया गया। शिविर में भाजपा नेता कैलाश लांबा तथा मंडल अध्यक्ष मुकेश चौधरी ने ग्रामीणों को राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाने का आह्वान किया।

शिविर में अटल ज्ञान केंद्र के मरम्मत का प्रस्ताव, जन्म मृत्यु के पांच, संशोधन के आठ आवेदन स्वीकृत किए गए, पशु चिकित्सा प्रभारी डॉ. पूजा मीणा द्वारा छोटे पशुओं के 55, बड़े पशु 155 का उपचार तथा 120 पशुओं का बीमा किया गया। राजकीय सामुदायिक चिकित्सा प्रभारी डॉ. अभिषेक बराला की टीम ने 370 मरीज का इलाज, गर्भवती महिलाओं का टीकाकरण किया गया। नसीराबाद उपखंड अधिकारी देवीलाल यादव द्वारा निक्षय पोषण किट एएनएम कमला द्वारा वितरित करवाया गया। राजस्व विभाग द्वारा बंटवारा 3, सीमाज्ञान 6, रास्ता प्रकरण 5, नामांतरण 11, न्यायालय प्रकरण 2, पट्टा स्वामित्व वितरण 35 दिए गए। शिविर में उपखंड अधिकारी यादव, तहसीलदार ममता यादव, श्रीनगर विकास अधिकारी महेश चौधरी, मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी हेमंत कुमार मिश्रा, सहायक विकास अधिकारी जमील मोहम्मद, गिरदावर अशोक मीणा, पटवारी निलेश कुमावत, नायब तहसीलदार आफताब अहमद, एडवोकेट फारूक खत्री, सरपंच जालिम सिंह सिसोदिया, पूर्व सरपंच संजय माहेश्वरी, कनिष्ट सहायक शैतान माली, वीडीओ नरेश सैनी, वार्डपंच विशाल साहू आदि मौजूद रहे।



रामसर. कस्बे के राजीव गांधी सेवा केंद्र पर आयोजित शिविर में पट्टे वितरित करते अधिकारी। पत्रिका

28/06/2025 | Kishangarh | Page : 15
Source : https://epaper.patrika.com/

पत्रिका



## पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय पखवाड़ा

# शिविर में सीमाज्ञान के पांच और नामांतरण के 10 प्रकरण निपटाए

### खीरियां और केबानिया में हुआ आयोजन

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**सरवाड़ /सराना** . पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय पखवाड़ा के तहत शुक्रवार को ग्राम पंचायत खीरियां व केबानिया में शिविर आयोजित किया गया। शिविरों मे सीमाज्ञान के 5, नामांतरण के 10, रास्तों के 3, आपसी सहमति बंटवारा के 6 प्रकरणो का निस्तारण किया गया। पंचायत राज विभाग की ओर से 11 पट्टे वितरण किए गए। जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग की ओर से 5 लीकेज ठीक किए गए। कृषि विभाग ने मृदा परीक्षण के 35 नमूने लिए व 10 मृदा स्वास्थ्य कार्ड वितरण किए। वन विभाग ने 38 पौधे वितरण किए। विद्युत निगम की ओर से बिजली के तारों से लगे हुए 8 पेड़ों की छंगाई की गई तथा खाद्य सुरक्षा विभाग ने 41 आवेदनों का निस्तारण किया। इस दौरान सरवाड़ उपखंड अधिकारी गुरुप्रसाद तंवर ने ग्राम पंचायतो में आयोजित शिविरों का निरीक्षण कर मौके पर मौजूद अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। शिविर में तहसीलदार बंटी राजपूत, टांटोटी तहसीलदार शिवराम मीणा, सहायक विकास अधिकारी रघुवीर सिंह, मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी रामेश्वर प्रसाद झारोटिया, सहायक अभियंता अक्षय कुमार गुप्ता आदि ने भागीदारी निभाई। खीरियां में आयोजित शिविर में ब्लॉक चिकित्सा अधिकारी कविता पन्निकर व सामाजिक कार्यकर्ता शकील खान की ओर से क्षय रोग से ग्रसित रोगियो को निक्षय पोषण किट वितरित किए गए। उपखंड अधिकारी तंवर ने कहा कि क्षय रोगियों की देखभाल समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। पोषण युक्त भोजन मिलने से रोगियों की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ेगी जो इनके स्वस्थ होने में सहायक सिद्ध होगी। इस दौरान डॉ. पवन शर्मा, चिकित्साकर्मी राकेश मुवालका, कमरजहां, काजल यादव आदि ने सहयोग किया।



सरवाड़ के निकट ग्राम खीरियां में पोषण किट वितरित करते अधिकारी।




सराना. समीपवर्ती ग्राम केबाणिया में शिविर के दौरान समस्याएं सुनते उपखंड अधिकारी एवं मंचासीन अन्य अधिकारी। पत्रिका

### स्वामित्व योजना में सौंपे पट्टे, 120 पशुओं का टीकाकरण

**सराना @ पत्रिका.** केबाणिया में हुए शिविर में ग्रामीणों के कई समस्याओं का मौके पर ही निस्तारण किया गया। ग्राम विकास अधिकारी रामजीलाल चौधरी ने बताया कि शिविर में 120 पशुओं का टीकाकरण, आगंतु 315, सीमाज्ञान 03, रास्ता प्रकरण 05, आपसी सहमति बंटवारा 02 आवासीय पट्टे 02, सा.सु. पेंशन 05, खाद्य सुरक्षा 10, मृदा स्वास्थ्य कार्ड 08 आदि प्रकरणों का निस्तारण किया गया। इस दौरान पौधरोपण भी किया गया। सरपंच विजय कंवर आदि मौजूद रहे।

ED
मेल/ फीमेल जनरल
ICU नर्सिंग स्टाफ,
अनुभवी को
दीपांशु हॉस्पिटल
जयपुर 9660710690
पार
ल टॉवर
OWER LIMITED
सेवायें ) विश्वास

दैनिक नवज्योति
anchal - 28 Jun 2025 - Page 2

# शिविर में ग्रामीणों को मिली राहत

न्यूज सर्विस/नवज्योति, मदनगंज-किशनगढ़

पण्डित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़ा के तहत बरना



ग्राम पंचायत बरना में शिविर आयोजित किया गया। सहायक शिविर प्रभारी अधिकारी अजीत कुमार बुन्देला ने बताया कि शिविर में 16 सीमाज्ञान के प्रकरण, 25 नामांतरणकरण, 4 रास्ता प्रकरण, मृदा स्वास्थ्य कार्ड वितरण 15, खाद्य सुरक्षा योजना में 12, स्वामित्व कार्ड पट्टा 22, पशु टीकाकरण 100, बीपीएल परिवारों में चयनित 05, पौधों का वितरण 200, विद्यालय पुस्तक वितरण 07, खाद्य सुरक्षा में आधार कार्ड सीडिंग 08, खाद्य सुरक्षा में नवीन नाम जोड़े 12, खाद्य सुरक्षा ईकेवाईसी 7 को दी गई। शिविर में विकास अधिकारी रेखा मीणा, अतिरिक्त विकास अधिकारी शक्तिसिंह एवं समस्त ग्राम पंचायत स्तरीय अधिकारी अधिकारी, कर्मचारीगण एवं जन प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## अतिक्रमण हटाकर खुलवाया आम रास्ता

शिविर के दौरान सहायक शिविर प्रभारी तहसीलदार किशनगढ़ के समक्ष ग्राम बरना के पप्पू रामप्यारी, लेखराज व अन्य ने परिवाद प्रस्तुत कर शिकायत की कि उनके खेतों में जाने वाले रास्ते पर अतिक्रमण के कारण आने जाने हेतु काफी कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है। जिस पर सहायक शिविर प्रभारी बुंदेला ने तत्काल राजस्व विभाग एवं पंचायती राज विभाग के अधिकारियों को रास्ते पर हो रहे अतिक्रमण के संबंध में मौका जांच कर रास्ता खोले जाने हेतु निर्देशित किया गया। राजस्व विभाग एवं पंचायतीराज विभाग के अधिकारियों ने उक्त स्थल का मौका निरीक्षण

# वर्षों पुरानी समस्याओं का निस्तारण

## पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा















दैनिक भास्कर ब्यावर 25-06-2025

## विजयनगर.मसूदा.पीसांगन

# 24 जून से 9 जुलाई तक पंचायतों में लगेंगे अंत्योदय संबल शिविर

भास्कर न्यूज | मसूदा

पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के तहत 24 जून से 9 जुलाई तक मसूदा क्षेत्र की विभिन्न ग्राम पंचायतों में शिविर लगाए जाएंगे।

शिविरों में सरकारी योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। पात्र लोगों को योजनाओं का लाभ दिलाया जाएगा। 24 जून को अंधेरी देवरी, खीमपुरा के पंचायत भवन परिसर और श्यामगढ़ के राउमावि में शिविर लगे। 25 जून को देवमगरी, जामोला और सतावड़िया पंचायत भवन परिसर में शिविर होंगे।

26 जून को दौलतपुरा पंचायत भवन परिसर, सथाना के राउमावि और शिखरानी के राउमावि में शिविर होंगे। 27 जून को धौलादांता और नन्दवाड़ा के राउमावि, नयागांव पंचायत भवन परिसर में शिविर होंगे। 30 जून को देवमाली के राउमावि, शेरगढ़ और बेगलियावास पंचायत भवन परिसर में शिविर होंगे। 1 जुलाई को लूलवा, झड़क और नाड़ी पंचायत भवन परिसर में शिविर होंगे। 2 जुलाई को शिवपुरा घाटा पंचायत भवन परिसर और जीवाणा के राउमावि में शिविर होंगे। 3 जुलाई को पीपलाज और कानाखेड़ा के राउमावि, खरवा पंचायत भवन परिसर में शिविर होंगे।

4 जुलाई को देवपुरा पंचायत भवन परिसर, मोयणा और हरराजपुरा के राउमावि में शिविर होंगे। 5 जुलाई को लोडियाना और जालिया के राउमावि में शिविर होंगे। 7 जुलाई को मायला, किराप और मानपुरा पंचायत भवन परिसर में शिविर होंगे। 8 जुलाई को दौलतपुरा के राउमावि, रामगढ़ के राजकीय सामुदायिक चिकित्सालय परिसर और उत्तमी पंचायत भवन परिसर में शिविर होंगे।

9 जुलाई को हनुतिया और बाड़ी के राउमावि, शिवनगर पंचायत भवन परिसर में शिविर आयोजित होंगे। सभी शिविरों के प्रभारी उपखंड अधिकारी होंगे। सहायक प्रभारी विकास अधिकारी, तहसीलदार मसूदा और तहसीलदार विजयनगर रहेंगे।

दैनिक भास्कर
ब्यावर 25-06-2025



# 24 जून से 9 जुलाई तक पंचायतों में लगेंगे अंत्योदय संबल शिविर

भास्कर न्यूज | मसूदा

पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के तहत 24 जून से 9 जुलाई तक मसूदा क्षेत्र की विभिन्न ग्राम पंचायतों में शिविर लगाए जाएंगे।

शिविरों में सरकारी योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। पात्र लोगों को योजनाओं का लाभ दिलाया जाएगा। 24 जून को अंधेरी देवरी, खीमपुरा के पंचायत भवन परिसर और श्यामगढ़ के राउमावि में शिविर लगे। 25 जून को देवमगरी, जामोला और सतावड़िया पंचायत भवन परिसर में शिविर होंगे।

26 जून को दौलतपुरा पंचायत भवन परिसर, सथाना के राउमावि और शिखरानी के राउमावि में शिविर होंगे। 27 जून को धौलादांता और नन्दवाडा के राउमावि, नयागांव पंचायत भवन परिसर में शिविर होंगे। 30 जून को देवमाली के राउमावि, शेरगढ़ और बेगलियावास पंचायत भवन परिसर में शिविर होंगे। 1 जुलाई को लूलवा, झक और नाड़ी पंचायत भवन परिसर में शिविर होंगे। 2 जुलाई को शिवपुरा घाटा पंचायत भवन परिसर और जीवाणा के राउमावि में शिविर होंगे। 3 जुलाई को पीपलाज और कानाखेड़ा के राउमावि, खरवा पंचायत भवन परिसर में शिविर होंगे।

4 जुलाई को देवपुरा पंचायत भवन परिसर, मोयणा और हरराजपुरा के राउमावि में शिविर होंगे। 5 जुलाई को लोडियाना और जालिया के राउमावि में शिविर होंगे। 7 जुलाई को मायला, किराप और मानपुरा पंचायत भवन परिसर में शिविर होंगे। 8 जुलाई को दौलतपुरा के राउमावि, रामगढ़ के राजकीय सामुदायिक चिकित्सालय परिसर और उत्तमी पंचायत भवन परिसर में शिविर होंगे।

9 जुलाई को हनुतिया और बाड़ी के राउमावि, शिवनगर पंचायत भवन परिसर में शिविर आयोजित होंगे। सभी शिविरों के प्रभारी उपखंड अधिकारी होंगे। सहायक प्रभारी विकास अधिकारी, तहसीलदार मसूदा और तहसीलदार विजयनगर रहेंगे।

दैनिक भास्कर

ब्यावर 26-06-2025

# बांझाकुडी में जिला कलेक्टर ने अंत्योदय संबल पखवाड़ा शिविर का निरीक्षण किया

ब्यावर| पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा 2025 के अंतर्गत बुधवार को बांझाकुड़ी, पंचायत समिति जैतारण में आयोजित शिविर का जिला कलेक्टर कमल राम मीना ने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विभिन्न विभागों द्वारा संपादित कार्यों का गहन अवलोकन करते हुए आमजन के हित में तन्मयता, संवेदनशीलता और पूर्ण मनोयोग से कार्य करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। कलेक्टर ने कैंप के दौरान ग्रामीणों से सीधा संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं। कई ग्रामीणों द्वारा बताई गई व्यक्तिगत एवं सामूहिक समस्याओं को उन्होंने स्वयं शिकायत रजिस्टर में दर्ज कर अपनी जन प्रतिबद्धता एवं संवेदनशीलता का परिचय दिया। उनका यह कार्य अन्य अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए प्रेरणा स्त्रोत बनकर सामने आया। इस अवसर पर जिला कलेक्टर ने पात्र लाभार्थियों को



पट्टे और पेंशन स्वीकृति पत्र भी वितरित किए। साथ ही, पर्यावरण संरक्षण की दिशा में कदम बढ़ाते हुए उन्होंने पौधारोपण कर जनभागीदारी से हरित पहल की शुरुआत की। जिला कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी दर्ज शिकायतों का लेखबद्ध विश्लेषण कर उनका स्थायी समाधान सुनिश्चित किया जाए, ताकि भविष्य में इन समस्याओं की पुनरावृत्ति न हो।

दैनिक भास्कर

किशनगढ़ 28-06-2025

# पंडित दीनदयाल अंत्योदय शिविर में 41 मामलों का निपटारा



भास्कर न्यूज | सरवाड़

खीरिया पंचायत में शुक्रवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय पखवाड़ा के तहत शिविर में मौके पर ही कई राजस्व प्रकरणों का निस्तारण किया गया। इस दौरान सीमा ज्ञान के 5, नामांतरण के 10, रास्तों के 3 और आपसी सहमति से बंटवारे के 6 प्रकरणों का समाधान किया गया। शिविर में पंचायत राज विभाग की ओर से 11 पट्टे वितरित किए। जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग ने लीकेज के 5 मामलों का निपटारा किया। कृषि विभाग ने मृदा परीक्षण के 35 नमूने लिए और 10 मृदा स्वास्थ्य कार्ड वितरित किए। वन विभाग ने 38 पौधे वितरित किए। खाद्य सुरक्षा विभाग ने 41 आवेदनों का निस्तारण किया। चिकित्सा विभाग की ओर से पोषण किट वितरित किए गए।

इस दौरान तहसीलदार सरवाड़ बंटी राजपूत, तहसीलदार टांटोटी शिवराम मीणा, सीबीईओ रामेश्वर प्रसाद झारोटिया, मुख्य ब्लॉक चिकित्सा अधिकारी डॉ. कविता पारीक, सहायक विकास अधिकारी रघुवीर सिंह, पीएचईडी के एईएन अक्षय कुमार गुप्ता, एसडीएम कार्यालय से गोपाल लाल धाकड़, चिकित्सा विभाग से कमरुन्निसा सहित विभागीय अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे। इस दौरान शिविर में जून माह में जन्म लेने वाली बेटियों का जन्मोत्सव भी मनाया गया।

**एसडीएम ने किया शिविर का निरीक्षण:** सरवाड़ उपखंड अधिकारी गुरु प्रसाद तंवर ने शिविर का खीरिया में निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों और कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। ग्रामीणों की समस्याओं का तत्काल निस्तारण करने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए।

दैनिक भास्कर
जीतो सोना चांदी
अखबार शुरू करवाने के लिए
9292 91 9292
पर मिस्ड कॉल दें।
दैनिक भास्कर
सच्ची खबर, बेधड़क

## शिविर में राजस्व प्रकरणों का निस्तारण, मिली राहत

अरवड़-सराना। केकानिया पंचायत में शुक्रवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय पखवाड़ा के तहत शिविर का आयोजन किया गया। ग्राम विकास अधिकारी रामजी लाल चौधरी ने बताया कि शिविर प्रभारी टांटोटी तहसीलदार शिवराम मीणा के निर्देशन में मौके पर ही कई राजस्व प्रकरणों का निस्तारण किया गया। इससे ग्रामीणों को बड़ी राहत मिली। शिविर में सीमा ज्ञान के 3 प्रकरण, 2 नामांतरण, रास्तों के 3 प्रकरण, आपसी सहमति बंटवारा 4 प्रकरण व पंचायत राज विभाग द्वारा 5 पट्टे वितरण किए गए। जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग द्वारा 5 लीकेज, कृषि विभाग द्वारा मृदा परीक्षण के 35 नमूने व 10 मृदा स्वास्थ्य कार्ड वितरण, वन विभाग द्वारा पौधे वितरण 38 पौधरोपण 1, विद्युत विभाग द्वारा बिजली के तारों से लगे हुए 8 पेड़ों की छंगाई की गई। खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा 41 आवेदनों का निस्तारण किया गया। सरवाड़ एसडीएम गुरु प्रसाद तंवर ने पंचायतों में आयोजित शिविर का निरीक्षण कर मौके पर मौजूद अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान करते हुए समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। इस दौरान सरपंच विजय कंवर, सहायक विकास अधिकारी रघुवीर सिंह, अतिरिक्त ब्लॉक शिक्षा अधिकारी सत्येन्द्र आचार्य सहित कई अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## शिविर में 120 पशुओं का बीमा, 35 पट्टे वितरित

रामसर। पंडित दीनदयाल उपाध्याय संबल पखवाड़े के तहत गांव में शिविर आयोजित किया गया। शिविर में अटल ज्ञान केंद्र की मरम्मत का प्रस्ताव रखा गया। जन्म-मृत्यु के 5 और संशोधन के 8 आवेदन स्वीकृत किए गए। पशु चिकित्सा प्रभारी डॉ. पूजा मीणा ने पशुओं का इलाज किया। 120 पशुओं का बीमा भी किया गया। सीएचसी प्रभारी डॉ. अभिषेक बराला की टीम ने 370 मरीजों का इलाज किया। नसीराबाद एसडीएम देवीलाल यादव ने निशय पोषण किट का वितरण करवाया। राजस्व विभाग ने 3 बंटवारे, 6 सीमा ज्ञान, 5 रास्ता प्रकरण, 11 नामांतरण, 2 न्यायालय प्रकरण और 35 पट्टे स्वामित्व वितरण किए। शिविर में भाजपा नेता कैलाश लांबा और मंडल अध्यक्ष मुकेश चौधरी ने ग्रामीणों से जनकल्याणकारी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लेने की अपील की। तहसीलदार ममता यादव, श्रीनगर विकास अधिकारी महेश चौधरी, सीबीईओ हेमंत कुमार मिश्रा, जमील मोहम्मद, अशोक मीणा, नितेश कुमावत, आफताब अहमद सहित अन्य मौजूद रहे।

पाली जिला 28-06-2025

वातावरण धर्ममय हो गया।

साथ स्वागत किया गया।

**शिविर •** विकास अधिकारी ने शिविरों का किया निरीक्षण, ग्रामीणों की समस्याएं सुनकर मौके पर समाधान

# 107 ग्रामीणों को मिले पट्टे, 15 विभागों की सेवाएं एक जगह

भास्कर न्यूज | रायपुर

पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के तहत शुक्रवार को रायपुर पंचायत समिति के विकास अधिकारी भंवरलाल सिंघाड़िया ने ग्राम पंचायत बांसिया, रामपुरा और प्रतापगढ़ में लगे शिविरों का निरीक्षण किया। उन्होंने व्यवस्थाओं का जायजा लिया। ग्रामीणों से संवाद कर जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। शिविरों में ग्रामीणों की समस्याएं सुनी गईं। कई मामलों का मौके पर ही समाधान किया गया। प्रतापगढ़ पंचायत में पात्र ग्रामीणों को 107 पट्टे और विभिन्न प्रमाण-पत्र वितरित किए गए। शिविरों में राजस्व, सामाजिक सुरक्षा, कृषि, पशुपालन, श्रमिक कल्याण, जल जीवन मिशन सहित 15 विभागों की सेवाएं एक ही स्थान पर दी जा रही हैं। इस दौरान प्रतापगढ़ सरपंच गुलाब सिंह, सहायक प्रशासनिक अधिकारी सुरेंद्र सिंह रावत, ग्राम विकास अधिकारी नीलम राज, अनिल वैष्णव सहित अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

निरीक्षण के दौरान विकास अधिकारी ने विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉल देखे। योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी ली। कर्मचारियों ने खेत तक रास्ता बनवाने, रेवेन्यू कोर्ट के मामलों में रिपोर्ट तामील करवाने, बिजली के ढीले तार ठीक कराने, टूटे पोल की मरम्मत, जल टंकियों की सफाई, लंबित नल कनेक्शन, खुदी सड़कों की मरम्मत और खाद्य सुरक्षा योजना के तहत गेहूं वितरण जैसे कार्यों की जानकारी दी।

**जल जीवन मिशन के 6 प्रकरणों का निस्तारण :** राजस्व विभाग की प्रमुख सेवाओं में लम्बित पत्रावली निस्तारण, सीमा ज्ञान के 18 प्रकरण, रास्ता प्रकरण के 10 मामले, बंटवारे के 23 प्रकरण, अटल सेवा केंद्र हेतु स्थल चिह्नांकन और भूमि आवंटन से जुड़ी प्रक्रिया शामिल रही। पेंशन योजनाओं के 40, श्रमिक कल्याण के 67, कृषि व पशुपालन योजनाओं के 30 और जल जीवन मिशन के 6 प्रकरणों का निस्तारण किया गया।

## निमाज में ग्रामीणों को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई





निमाज. पखवाड़ा शिविर के दौरान उपस्थित अधिकारी व ग्रामीण। इस दौरान ग्रामीणों को शपथ दिलाई।

भास्कर न्यूज | निमाज

कस्बे के भगवान महावीर राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में शुक्रवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा 2025 के तहत शिविर लगाया गया। शिविर की अध्यक्षता उपखंड अधिकारी रवि प्रकाश ने की। शिविर में जलदाय, महिला बाल विकास, पंचायत राज, राजस्व, शिक्षा सहित 16 विभागों के कर्मचारियों ने भाग लिया। आम लोगों की समस्याओं का मौके पर समाधान किया गया।

उपखंड अधिकारी रवि प्रकाश ने लोगों को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई। ग्राम विकास अधिकारी मुकेश माली ने बताया कि शिविर में स्वामित्व योजना के 53, नरेगा के 2, राज्य वित्त आयोग के 9, अटल ज्ञान केंद्र का 1, कृषकोण, पेंशन सत्यापन के 62, शौचालय के 12, खाद्य सुरक्षा के 31 आवेदन मिले। इनमें से 7 का मौके पर निस्तारण किया गया। आधार से जुड़े 8, केवाईसी के 23, विद्युत विभाग की 6 में से 3 समस्याओं का समाधान किया गया। जलदाय विभाग की 3, राजस्व विभाग में बंटवारे के 5, सीमा ज्ञान के 4, नाम शुद्धिकरण के 11 और नामांतरण के 96 आवेदन प्राप्त हुए।

**ग्रामीणों ने पशु मेला मैदान से अतिक्रमण हटाने की मांग :** शिविर में ग्रामीणों ने पशु मेला मैदान से अतिक्रमण हटाने, बिजली, सफाई और बरसाती पानी की निकासी की मांग उठाई। मौके पर तहसीलदार रविंद्र सिंह चौहान, प्रशासक दिव्या कुमारी, पूर्व उप सरपंच भगवती सिंह उदावत, सहायक अभियंता हेमेंद्र सिंह, कनिष्ठ अभियंता माखनलाल मीणा, आरआई राजू राम गुर्जर, प्रधानाचार्य सरिता मौर्य, प्रकाश प्रजापति, पटवारी अक्षय शर्मा, मोनिका राठौड़, चंद्रप्रकाश बामलेचा, नीतू सिंह सहित जनप्रतिनिधि और ग्रामीण मौजूद रहे।

# पूर्व विधायक भतडा ने कलेक्टर से की

मगरा क्षेत्र में तेज बारिश, र

दैनिक भास्कर
बहरोड़/कोटपूतली भास्कर
28-06-2025

# राजीव गांधी सेवा केन्द्र पर लगा समाधान शिविर, 231 रोगी पहुंचे



माजरीकलां. गण्डाला शिविर में जानकारी लेते ग्रामीण।

माजरीकलां| गण्डाला कस्बा के राजीव गांधी सेवा केन्द्र पर शुक्रवार को पण्डित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय सम्बल पखवाड़ा के तहत शिविर लगाया गया। शिविर में लोगों की समस्याएं सुनी गईं। गण्डाला नायब तहसीलदार अजीत सिंह यादव ने बताया कि राजस्व विभाग से जुड़े 10 बंटवारे, 3 शुद्धि पत्र, 2 रास्ते, 32 इंतकाल, 8 सीमा ज्ञान और 2 पत्थर गाढ़ी के मामले आए। सभी का निस्तारण किया गया। शिविर में 231 रोगी पहुंचे। चिकित्सक नहीं होने से नर्सिंग ऑफिसर ने दवा दी। बिजली विभाग के पास 2 खम्भे और 2 निम्न क्षमता की लाइन बदलने के प्रस्ताव आए। सहायक कृषि अधिकारी बलराम यादव ने तारबंदी, फार्म पौंड और गोवर्धन जैविक उर्वरक योजनाओं की जानकारी दी। शिविर में हल्का पटवारी सुमनेश यादव, पशु चिकित्सक शिवराम पाल, अभिमन्यु सिंह, कंवर सिंह, जलदाय विभाग के जेईएन नीरज यादव, सुरेश कुमार यादव, एईओ बलवंत यादव, मनोज यादव, कैलाश चन्द, शर्मिला सहित कई ग्रामीण मौजूद रहे।

# शिविर में बिजली, पानी व रास्ते संबंधी समस्याओं का निस्तारण

**माजरीकलां @ पत्रिका.** क्षेत्र के गण्डाला गांव में शुक्रवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्योदय संबल पखवाड़ा शिविर का आयोजन हुआ। शिविर में बहरोड़ एसडीएम, तहसीलदार, विकास अधिकारी, कानूनगो, हलका पटवारी एवं नायब तहसीलदार गण्डाला सहित अन्य विभागों के अधिकारी या कर्मचारी मौजूद रहे। शिविर में बिजली, पानी, रास्ता, खाद्य सुरक्षा, राजस्व, स्वास्थ्य, सामाजिक सुरक्षा आदि परीवादों का निस्तारण किया गया। शिविर में सरपंच तारावती देवी ने बीपीएल परीवारों की पुनः सर्वे के मापदण्ड को बढ़ाने के लिए शिविर प्रभारी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया है कि बीपीएल सैंन्सस 2002 के चयनित बीपीएल परीवारों की राज्य सरकार की ओर से पंडित दीनदयाल उपाध्याय संबल पखवाड़ा के दौरान पुनः सर्वे कमेटी से करवाया जा रहा है। इस सर्वे में दिए गए प्रपत्र के अनुसार सभी बीपीएल परीवार अपात्र की श्रेणी में आ रहे हैं। जबकि इन परीवारों की आर्थिक स्थिति सुदृढ़ नहीं हुई है। अतः बीपीएल परीवारों की पुनः सर्वे के मापदण्ड को बढ़ाया जाए। महात्मा गांधी विद्यालय खेल मैदान की चारदीवारी के अन्दर कूड़ा-करकट व गोबर डालकर अतिक्रमण करने की शिकायत उपखण्ड अधिकारी को दी गई। उपखण्ड अधिकारी ने पुलिस थाने में अतिक्रमियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करवाने के लिए निर्देशित किया। गण्डाला गांव के निहाली माता मन्दिर के दक्षिण दिशा में रह रहे 20-25 परीवारों को पीने का पानी मुहैया कराने और आम रास्ते में सीसी सड़क करवाने के लिए ज्ञापन दिया इस पर शिविर प्रभारी ने जलदाय विभाग अधिकारी को टैंकर से पेयजल आपूर्ति करने के निर्देश दिए और विकास अधिकारी को सीसी सड़क बनवाने के लिए निर्देशित किया।



शिविर प्रभारी को ज्ञापन सौंपते सरपंच व अन्य।

# शिविर में निपटाईं समस्याएं



**नारायणपुर @ पत्रिका.** उपखंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत मुण्डावरा में शुक्रवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय पखवाड़ा के अंतर्गत विशेष शिविर लगा। इसमें सभी विभागों की सहभागिता के साथ जनसेवा और योजनाओं का लाभ सीधे ग्रामीणों को पहुंचाया गया। एसडीएम दिनेश शर्मा, तहसीलदार अनिल कुमार, पंचायती राज विभाग के प्रतिनिधि राजेंद्र नरूका, ग्राम सचिव रजनीकांत, पटवारी सुरेंद्र, चिकित्सा विभाग, जलदाय, राजस्व, समाज कल्याण सहि सभी विभागीय अधिकारी उपस्थि रहे। शिविर को सफलतापूर्व संचालित किया गया। शिविर जन आधार पंजीकरण, राजस्व संबंधी समाधान, चिकित्स परामर्श, सामाजिक सुरक्ष योजनाओं का पंजीकरण, पेयजल व्यवस्था, आवास योजनाओं संबंधित कार्य एवं पेंशन आवेदन जैसी कई सेवाएं एक ही स्थान प आमजन को प्रदान की गईं। शिवि में ग्रामीणों की भागीदार उत्साहजनक रही।

# अंत्योदय पखवाड़े के तहत अंधेरी देवरी में जनकल्याण कैंप का आयोजन

ब्यावर, (राधेश्याम दर्जी)। राज्य सरकार के महत्वाकांक्षी कार्यक्रम पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के तहत ग्राम पंचायत अंधेरी देवरी, पंचायत समिति मसूदा में जनकल्याणकारी शिविर का आयोजन किया गया। जिला कलेक्टर श्री कमल राम मीणा ने कैंप का शुभारंभ किया और व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। जिला कलेक्टर ने उपस्थित सभी विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देश दिए कि वे प्री-कैंप गतिविधियों के माध्यम से अधिक से अधिक लोगों को जोड़ें ताकि समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचे। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि कैंप में प्राप्त होने वाली शिकायतों और समस्याओं का एक दर्ज पंजिका में संधारण सुनिश्चित किया जाए, ताकि जो कार्य कैंप दिवस पर नहीं हो सकें, उनका समाधान आगामी दिनों में किया जा सके। उन्होंने कहा, कोई भी नागरिक बिना समाधान के वापस न जाए- यदि कार्य तत्काल नहीं हो पा रहा, तो निश्चित समय में समाधान सुनिश्चित हो। इस अवसर पर मसूदा विधायक श्री वीरेंद्र सिंह कानावत ने भी शिविर में भाग लिया। उन्होंने ग्रामीणों से अधिक संख्या में शिविर में भाग लेने की अपील की तथा आबादी पट्टों



और आपसी बंटवारे के मामलों को प्राथमिकता से निपटाने पर जोर दिया। कैंप के दौरान कई लाभार्थियों को पट्टों का वितरण किया गया और विभिन्न योजनाओं से जुड़ी सेवाएं प्रदान की गईं। ग्रामीणों ने पेयजल आपूर्ति को लेकर जनता जल योजना में असमानता की शिकायत करते हुए बताया कि सड़क के एक ओर स्थित जवाजा गांव में नियमित जलापूर्ति हो रही है, जबकि मसूदा के लोग जल संकट से जूझ रहे हैं। इस पर संबंधित विभाग ने जानकारी दी कि योजना के लिए टेंडर प्रक्रिया पूर्ण हो चुकी है और शीघ्र ही वर्क ऑर्डर जारी किए जाएंगे। शिविर की शुरुआत पौधारोपण के साथ की गई, जो पखवाड़े के पर्यावरणीय पक्ष को दर्शाता है। इस दौरान अतिरिक्त जिला कलेक्टर श्री मोहनलाल खटनावलिया, उपखंड अधिकारी श्री कुलदीप सिंह शेखावत सहित अनेक विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे। यह जनकल्याणकारी शिविर राज्य सरकार की जनसुनवाई आधारित शासन व्यवस्था को ग्रामीण स्तर पर प्रभावी रूप देने की दिशा में एक सार्थक प्रयास है।

# रूपनगर में अंत्योदय संबल पखवाड़े का शुभारंभ — समस्याओं का मौके पर समाधान, वर्षों पुराने भूमि विवाद का निपटारा






कमल साहू /ब्यावर राज्य सरकार के निर्देशानुसार पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा 2025 के अंतर्गत ग्राम पंचायत रूपनगर केंद्र पर जनकल्याणकारी कैंप का आयोजन किया गया। जिला कलेक्टर श्री कमल राम मीणा ने विधिवत फीता काटकर शिविर का शुभारंभ किया और ग्रामीणों की उपस्थिति में मौके पर ही विभिन्न समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित कराया। शिविर में उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए जिला कलेक्टर ने राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने की प्रतिबद्धता जताई और अधिकारियों को जनसमस्याओं के प्रति संवेदनशील रहते हुए त्वरित निस्तारण करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर अतिरिक्त जिला कलेक्टर मोहनलाल खटनावलिया, एसीईओ गोपाललाल, तहसीलदार हनुत सिंह, बीडीओ बलराम मीणा सहित अनेक अधिकारी मौजूद रहे शिविर में प्रमुख उपलब्धियाँ: वर्षों पुराने भूमि विवाद का समाधान: ग्राम चोड़ा निमड़ी, पटवार मंडल रूपनगर की खाता संख्या 12, रकबा 4.6295 हेक्टेयर की 20 वर्षों से लंबित सामलात कृषि भूमि का मौके पर ही आपसी सहमति से सहखातेदारों के मध्य बंटवारा करवाया गया। यह समाधान ग्रामीणों के लिए एक बड़ी राहत का कारण बना। अटल सेवा केंद्र को स्वीकृति: ग्रामीण क्षेत्र की डिजिटल और प्रशासनिक पहुंच को सशक्त करने के लिए रूपनगर में अटल सेवा केंद्र की स्वीकृति प्रदान की गई, जिससे अब ग्रामीणों को विभिन्न सेवाएं उनके गांव में ही उपलब्ध होंगी। ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक:उपखंड अधिकारी दिव्यांश सिंह की अध्यक्षता में ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों की बैठक आयोजित की गई, जिसमें आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान हेतु दिशा-निर्देश जारी किए गए। यह शिविर राज्य सरकार की "जन-जन तक सेवा, अंतिम व्यक्ति तक सुविधा" की भावना को साकार करने की दिशा में एक प्रभावी कदम रहा। शिविर के दौरान लोगों ने सहजता से अपनी समस्याएं प्रस्तुत कीं और उन्हें समाधान का आश्वासन मिला।

# "अंत्योदय पखवाड़े के तहत अंधेरी देवरी में जनकल्याण कैंप का आयोजन — आमजन से सीधा संवाद, लाभ भी और समाधान भी"

कमल साहू /ब्यावर,राज्य सरकार के महत्वाकांक्षी कार्यक्रम पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के तहत ग्राम पंचायत अंधेरी देवरी, पंचायत समिति मसूदा में जनकल्याणकारी शिविर का आयोजन किया गया। विधायक वीरेंद्र सिंह कानावत व जिला कलेक्टर श्री कमल राम मीणा ने कैंप का शुभारंभ किया और व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। जिला कलेक्टर ने उपस्थित सभी विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देश दिए कि वे प्री-कैंप गतिविधियों के माध्यम से अधिक से अधिक लोगों को जोड़ें ताकि समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचे। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि कैंप में प्राप्त होने वाली शिकायतों और समस्याओं का एक दर्ज पंजिका में संधारण सुनिश्चित किया जाए, ताकि जो कार्य कैंप दिवस पर नहीं हो सकें, उनका समाधान आगामी दिनों में किया जा सके। उन्होंने कहा, "कोई भी नागरिक बिना समाधान के वापस न जाए—यदि कार्य तत्काल नहीं हो पा रहा, तो निश्चित समय में समाधान सुनिश्चित हो।" इस अवसर पर मसूदा विधायक श्री वीरेंद्र सिंह कानावत ने भी शिविर में भाग लिया। उन्होंने ग्रामीणों से अधिक संख्या में शिविर में भाग लेने की अपील की तथा आबादी पट्टों और आपसी बंटवारे के मामलों को प्राथमिकता से निपटाने पर जोर दिया। कैंप के दौरान कई लाभार्थियों को पट्टों का वितरण किया गया और विभिन्न योजनाओं से जुड़ी सेवाएं प्रदान की गईं। ग्रामीणों ने पेयजल आपूर्ति को लेकर जनता जल योजना में असमानता की शिकायत करते हुए बताया कि सड़क के एक ओर स्थित जवाजा गांव में नियमित



जलापूर्ति हो रही है, जबकि मसूदा के लोग जल संकट से जूझ रहे हैं। इस पर संबंधित विभाग ने जानकारी दी कि योजना के लिए टेंडर प्रक्रिया पूर्ण हो चुकी है और शीघ्र ही वर्क ऑर्डर जारी किए जाएंगे। शिविर की शुरुआत पौधारोपण के साथ की गई, जो पखवाड़े के पर्यावरणीय पक्ष को दर्शाता है। इस दौरान अतिरिक्त जिला कलेक्टर श्री मोहनलाल खटनावलिया, उपखंड अधिकारी कुलदीप सिंह शेखावत सहित अनेक विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे। यह जनकल्याणकारी शिविर राज्य सरकार की जनसुनवाई आधारित शासन व्यवस्था को ग्रामीण स्तर पर प्रभावी रूप देने की दिशा में एक सार्थक प्रयास है।

# समस्याओं का समाधान, सालों पुराने भूमि विवाद सुलझे




पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**ब्यावर.** पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा अभियान के तहत ग्राम पंचायत रूपनगर केंद्र पर जनकल्याणकारी कैंप का जिला कलक्टर कमलराम मीणा ने उद्घाटन किया। शिविर में आमजन की विभिन्न समस्याओं का समाधान किया गया। जिला कलक्टर ने राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का संकल्प जताया। अतिरिक्त जिला कलक्टर मोहनलाल खटनावलिया, एसीईओ गोपाललाल, तहसीलदार हनुत सिंह, बीडीओ बलराम मीणा ने शिविर से संबंधित जानकारी दी।

ग्राम चोड़ा निमड़ी, पटवार मंडल रूपनगर मे रकबा 4.6295 हेक्टेयर की 20 वर्षो से लंबित शामलाती कृषि भूमि का मौके पर ही आपसी सहमति से सहखातेदारों में बंटवारा करवाया गया। रूपनगर में अटल सेवा केंद्र की स्वीकृति प्रदान की गई। जिससे ग्रामीणों को विभिन्न सेवाएं उनके गांव में ही उपलब्ध होंगी। शिविर के दौरान लोगों ने सहजता से अपनी समस्याएं प्रस्तुत की जिनके समाधान का अधिकारियों ने भरोसा दिलाया।

# अंत्योदय पखवाड़े के तहत अंधेरी देवरी में जनकल्याण कैंप का आयोजन, शिविर में आमजन से सीधा संवाद कर किया समस्याओं का समाधान



## कैलाशचंद राजावत भटियानी अध्यक्ष

# जिला कलक्टर ने किया शिविर का निरीक्षण




ब्यावर @ पत्रिका. पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के तहत हाजीवास (रायपुर) में आयोजित शिविर का जिला कलक्टर कमल राम मीना ने निरीक्षण किया। इस अवसर पर उपखंड अधिकारी रवि प्रकाश, एसीईओ गोपाल लाल ने शिविर में जानकारी दी। जिला कलक्टर ने ग्रामीणों से संवाद कर योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी ली।

के बाद मृत घोषित कर दिया।

जालिया प्रथम में पं. दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल शिविर का आयोजन

# आपसी सहमति से निपटाए जमीन बंटवारे के मामले

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com



**ब्यावर.** पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के तहत ग्राम पंचायत जालिया-प्रथम में बुधवार को आयोजित शिविर में लंबित भूमि बंटवारा के विवाद में सभी पक्षकारों की सहमति से विभाजन प्रस्ताव तैयार कर मामले का निपटारा किया गया। उपखंड अधिकारी एवं तहसील प्रशासन की टीम के समक्ष कैंप में मौके पर चार सहमति बंटवारे के प्रकरणों में आदेश जारी किए। कैंप के दौरान गांव के 50 वर्ष पुराने मामले का निस्तारण कर बंटवारा करवाया। इसके अलावा शिविर में सीमाज्ञान, नामांतरण, रास्ता से संबंधित विवादों का भी निपटारा हुआ। कैंप में प्रभारी प्रभुसिंह यादव, दिनेश खींची, पटवारी मूलाराम भाटी, सुनीता जाट, अजय सिंह चौहान, अंकुर कटारा सहित कई विभागों के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

## बडाखेड़ा में पौधरोपण

इसी तरह बडाखेड़ा में आयोजित कैंप में कृषि भूमि का बंटवारा, सीमा ज्ञान, नामांतरण, [illegible], [illegible] और डीबीटी संबंधी कार्य निष्पादित करने के साथ ही पौधरोपण किया गया। शिविर प्रभारी [illegible] उपखंड अधिकारी, तहसीलदार सहित विभाग के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

# बिजली कटौती से मेड़िया क्षेत्र के ग्रामीण परेशान

ब्यावर। ब्यावर खास रोड स्थित मेड़िया क्षेत्र के लोग बिजली की अघोषित कटौती से परेशान हैं। गर्मी एवं उसम के इस दौर में बिजली नहीं आने के कारण क्षेत्रवासियों ने बुधवार सुबह कलक्टर कार्यालय पहुंचकर समस्या के समाधान की मांग की है। ग्रामीणों ने कलक्टर कमलराम मीणा को दिए ज्ञापन में बताया कि मेड़िया क्षेत्र में कटौती का कोई समय निर्धारित नही है। मामले में कई बार निगम के अधिकारियों को भी अवगत कराया जा चुका है। बावजूद इसके बिजली व्यवस्था को सुचारू नहीं किया जा रहा है। क्षेत्रवासी पुखराज, गोपी चांवरिया, जगदीशसिंह, रेखा शर्मा, मीना शर्मा, भूपेश शर्मा, मुकेशकुमार, भंवरलाल, राजकिरण जांगिड़, प्रकाशकंवर, सियाराम सैनी सहित अनेक लोगों ने कलक्टर मीणा से उचित कार्रवाई कर समस्या के समाधान की मांग की है।



पत्रिका

SOCIETY
**सोसायटी** 19 **राजस्थान पत्रिका**
करौली, शनिवार, 28 जून, 2025

[ नांगललाट, ढिंढोरा, पटोंदा, बालघाट, कुड़

## पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय सम्बल पखवाड़ा

# शिविरों की सेवाओं का जमीनी स्तर पर लिया जायजा

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**करौली.** पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़ा के तहत शुक्रवार को करौली पंचायत समिति की ग्राम पंचायत मांची एवं गुड़ला में शिविर लगे। इनमें विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने लोगों की समस्याएं सुनी और निस्तारण किया। वहीं जिला कलक्टर नीलाभ सक्सेना ने निरीक्षण कर अधिकारियों को शिविरों के तहत अधिकाधिक ग्रामीणों को राहत प्रदान करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कलक्टर ने पीएचईडी, राजस्व, चिकित्सा, समाज कल्याण, श्रम विभाग, जल संसाधन विभाग, शिक्षा, सार्वजनिक निर्माण विभाग, महिला एवं बाल विकास सहित अन्य विभागों द्वारा दी जा रही सेवाओं का जमीनी स्तर पर जायजा लिया। साथ ही उपस्थित अधिकारियों को अधिक से अधिक लोगों को योजनाओं से राहत पहुंचाने के निर्देश दिए। उन्होंने इस दौरान वहां उपस्थित लोगों से दी जा रही सेवाओं की जानकारी ली व अधिकारियों को समय पर उपस्थित होकर पखवाड़े को सफल बनाने को कहा। कलक्टर ने कहा कि पखवाड़े का उद्देश्य अंतिम पंक्ति में बैठे लोगों को लाभान्वित कर अन्त्योदय के मूल उद्देश्य को चरितार्थ करना है। इस दौरान तहसीलदार महेन्द्र गुर्जर सहित अन्य ब्लॉक स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

**पटोंदा.** समीप की ग्राम पंचायत सलेट के अटल सेवा केंद्र पर शुक्रवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय जन स्वावलंबन पखवाड़ा के तहत शिविर आयोजित किया गया। जिसमें जाति, मूल निवास, आधार कार्ड, जनाधार कार्ड और विभिन्न पेंशन योजनाओं के प्रकरणों का निस्तारण किया गया। शिविर प्रभारी विकास अधिकारी ज्ञान सिंह चौधरी ने बताया कि शिविर में लंबित पत्थर गढ़ी, सीमा ज्ञान, विद्युत तारों के संपर्क में आने वाले पेड़-पौधों की कटिंग, पाइप लाइन, दवा वितरण संबंधी समस्याओं का निस्तारण किया। रोगियों को ग्राम पंचायत की ओर से पोषण किट वितरित की गई। वहीं चरागाह में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधे लगाए गए। शिविर में दो दर्जन से अधिक लोगों की समस्याओं का समाधान किया गया। सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। लोगों से योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की। विकास अधिकारी ने कार्मिकों से कहा कि लोगों की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के साथ होना चाहिए। दोपहर में करीब एक घंटे बारिश से व्यवधान आया। बारिश का मौसम होने से फरियादी भी कम आए। कृषि विभाग, चिकित्सा एवं विद्युत विभाग के अधिकारियों ने विभागीय योजनाओं की जानकारी दी। इस दौरान विकास अधिकारी ज्ञान सिंह चौधरी, चंदनसिंह, महेंद्रसिंह, डॉ. दर्शनसिंह, पटवारी बहादुर सिंह, सरपंच अनिल कुमार, सुरेंद्र चौधरी, समयसिंह सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।



**करौली.** मांची ग्राम पंचायत में जानकारी लेते जिला कलक्टर।



**करौली.** शिविर में पोषण किट प्रदान करते विभागीय अधिकारी।

### पोषण किटों का किया वितरण

**करौली.** पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़ा के तहत ग्राम पंचायत जीतकीपुर के आईटी केन्द्र पर आयोजित शिविर में स्वास्थ्य विभाग की ओर से सरपंच पवन कुमार ने क्षय रोगी को पोषण किट उपलब्ध कराई। कार्यक्रम में बीसीएमओ राजेश कुमार मीणा ने जानकारी दी कि राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के तहत 1 जून 2025 से सघन टीबी मुक्त भारत अभियान शुरू हुआ है। इस अभियान के तहत लोगों को टीबी की बीमारी की गंभीरता के बारे में जानकारी दी जा रही है। कार्यक्रम में सभी मौजूद लोगों को निक्षय मित्र बनने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में रूप मीणा सीएचओ, कृष्णा एएनएम, हरवाई आशा, पिरामल फाउंडेशन से स्वाती अग्रवाल सहित अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।



**गुढ़ाचंद्रजी.** शिविर में पोषण किट वितरित करते अधिकारी।

### शिविर में समस्याओं का किया समाधान

**गुढ़ाचंद्रजी.** पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय सम्बल पखवाड़ा अभियान के तहत कस्बे के राजीव गांधी सेवा केन्द्र पर शुक्रवार को आयोजित शिविर में लोगों की समस्याओं का त्वरित समाधान किया गया। शिविर में एक दर्जन से भी अधिक विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। शिविर प्रभारी व अतिरिक्त विकास अधिकारी मुकेश मीणा ने बताया कि सरपंच कीर्ति सिंह ने मां सरस्वती के चित्रपट के समक्ष दीप प्रज्वलित कर शिविर की शुरुआत की। शिविर में लोगों की बिजली, पानी, सड़क आदि की समस्याओं का समाधान किया जा रहा है। शिविर में राजस्व विभाग की ओर से भूमि के नामांतरण खोलने सहित अन्य कार्य किए गए। पशु चिकित्सा केंद्र प्रभारी विक्रम सिंह गुर्जर ने पशुपालकों को दवाएं वितरित कीं। ग्राम पंचायत द्वारा एक दर्जन से भी अधिक जॉब कार्ड वितरित किए गए। चिकित्सा विभाग की ओर से पोषण कीट का वितरण किया गया। इस मौके पर नायब तहसीलदार अमरसिंह मीणा, विनीता मीणा, राजीव गांधी ब्रिगेड कांग्रेस के जिला अध्यक्ष कालूराम मीणा रिंगसपुरा, सचिव विमला मीणा, प्यारेलाल सैनी आदि उपस्थित रहे।



**पटोंदा.** सलेट में शिविर में महिला को पोषण किट प्रदान करते अधिकारी।

दैनिक भास्कर करौली 28-06-2025



**आयोजन •** जिलेभर में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के तहत शिविरों में उमड़ रहे लोग

# शिविर में सुनी समस्याएं, प्रकरणों का निस्तारण किया

[illegible]



[illegible] | [illegible] में शिविर में लोगों को सरकारी योजनाओं के बारे में बताते हुए।



[illegible] | एक जगह मिली सभी सरकारी सेवाएं। लोगों ने लिया लाभ

## गुनसार में 100 से ज्यादा फरियादें सुनी

[illegible]

## नाम शुद्धिकरण और विकलांग सर्टिफिकेट दिए



[illegible]

## एक ही जगह मिली सभी सरकारी सेवाएं

[illegible]

## शिविरों में उमड़े ग्रामीण, 9 जुलाई तक चलेंगे



टोडाभीम | ग्राम पंचायत पदमपुरा शिविर में उमड़ा जनसैलाब।

[illegible]

## निसूरा में जरूरतमंदों को राहत मिली

[illegible]

## कलेक्टर ने मांची व गुडला में शिविर का निरीक्षण किया

[illegible]

## वृद्धावस्था पेंशन शुरू की

[illegible]

पत्रिका

ड़गांव ]

# सुनी समस्याएं, किया निस्तारण



**निसूरा@ पत्रिका.** निसूरा गांव के अटल सेवा केंद्र पर शुक्रवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के तहत आयोजित शिविर में लोगों की समस्याओं का समाधान किया गया। शिविर में बालघाट तहसीलदार मुकुटसिंह गुर्जर ने सरकारी योजनाओं की जानकारी देकर इनसे लाभान्वित होने की बात कही। शिविर के दौरान राजस्व विभाग की ओर से मौके पर ही एक बंटवारा प्रकरण, सीमांकन के तीन प्रकरण, नामांतरण के 5 प्रकरणों का निस्तारण किया। वहीं जन्म मृत्यु के 15 आवेदन आए। इस मौके पर अतिरिक्त विकास अधिकारी राजेश शर्मा, भू-अभिलेख निरीक्षक उदयभान मीणा, पटवारी बलवीर जाटव, प्रधानाचार्य विजय सिंह, कृषि पर्यवेक्षक रामसिंह आदि मौजूद रहे।

# आम रास्ते से हटवाएं अतिक्रमण

**बामनवास@ पत्रिका.** ग्राम पंचायत सांचौली में सार्वजनिक रास्तों पर बढ़ते अतिक्रमण को लेकर शुक्रवार को ग्रामीणों की ओर से उपखंड अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग की गई।

सरपंच चरतलाल मीना के नेतृत्व में ग्रामीणों ने ज्ञापन में बताया कि सांचौली ग्राम पंचायत के टिगरिया गांव में कुछ लोगों ने सार्वजनिक रास्तों और मुख्य सड़कों पर कब्जा कर लिया है। इससे आम जनता को आवागमन में परेशानी हो रही है। अतिक्रमणकारियों ने सड़कों पर लकड़ी और पत्थरों का ढेर लगाकर अवरोध पैदा कर दिया है। इससे सत्यनारायण के मकान से पप्पू नाई के मकान तक, इस मार्ग पर वाहनों और पैदल यात्रियों को आने-जाने में अत्यधिक कठिनाई हो रही है।

28/06/2025 | Karoli | Page : 19
Source : https://epaper.patrika.com/

करौली 28-06-2025

# अमरगढ़ गांव में टीबी मरीजों को बांटी निक्षय किट, दवाओं की जानकारी भी दी



सपोटरा| ग्राम पंचायत अमरगढ़ में शुक्रवार को अटल सेवा केंद्र पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के तहत शिविर लगाया गया। इसमें चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग ने आधा दर्जन टीबी मरीजों को निक्षय किट वितरित की। सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी रोहित अग्रवाल ने बताया कि मरीजों को दवाओं के साथ खानपान की जानकारी दी गई। मरीजों को बताया गया कि दवाएं समय पर लें और पोषण का ध्यान रखें।

दैनिक नवज्योति
matsyanchal - 28 Jun 2025 - Page 8

## सनेट में लगा अन्त्योदय संबल योजना शिविर

**न्यूज सर्विस/नवज्योति, हिंडौनसिटी।** समीप की ग्राम पंचायत सनेट के अटल सेवा केंद्र पर शुक्रवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल योजना के तहत शिविर का आयोजन किया गया। शिविर प्रभारी श्रीमहावीरजी के तहसीलदार हरसहाय मीणा ने बताया कि शिविर में परिवादियों के परिवाद सुनकर मौके पर निस्तारण किए गए।



पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय योजना के तहत शिविर में सभी विभागों के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे, जिनमें जलदाय विभाग चिकित्सा विभाग जगवीर एएनम सरिता, पशु चिकित्सा विभाग डॉ. उपकार चौधरी, रिंकू मीना, कृषि विभाग से सत्यनारायण शर्मा, दिलीप मीणा, ग्रामीण विकास से नरेशकांत शर्मा, पंचायत समिति श्रीमहावीरजी विकास अधिकारी ज्ञानसिंह, ग्राम विकास अधिकारी चंदन सिंह, लिपिक पुष्पेंद्र जैन, गिरदावर गजानंद गुप्ता, पटवारी बहादुर सिंह सहित राजकीय विभागों के सभी कर्मचारी अधिकारी शिविर में उपस्थित रहे, जिन्होंने मौके पर ही परिवादियों को सुनकर उनकी समस्याओं का निस्तारण किया। इस मौके पर सरपंच अनिल कुमार सहित कई वार्ड पंच और भाजपा के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## पंड़ित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संभल पखवाड़ा शिविर आयोजित

**न्यूज सर्विस/नवज्योति, करौली।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संभल पखवाड़ा के अंतर्गत ग्राम पंचायत जीत की पुर के आई टी केंद्र पर आयोजित शिविर में स्वास्थ्य विभाग द्वारा सरपंच पवन कुमार के कर कमलों से टीवी मरीज रोगी गोविंद महावर को पोषण किट उपलब्ध कराई। कार्यक्रम में बी.सी.एम.ओ. राजेश कुमार मीणा ने बताया कि राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के तहत 1 जून 2025 में सघन टीवी मुक्त भारत अभियान शुरू हो चुका है इस अभियान के तहत लोगों को टीवी की बीमारी की गंभीरता के बारे में जानकारी दी जा रही है। कार्यक्रम में सभी मौजूद लोगों को निक्षय मित्र बनने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में सी.एच.ओ. रूप मीणा , ए.एन.एम.कृष्णा आशा सहयोगी हरवाई एवं जिला स्तरीय अधिकारी, नायब तहसीलदार विनीता मीणा, अमर सिंह मीणा एवं समसत विभागों के अधिकारी कर्मचारी शामिल हुए सरकारी सभी ने अच्छी सरकारी योजनाओं के बारे में बताया।



दैनिक नवज्योति
matsyanchal - 28 Jun 2025 - Page 8

# कलक्टर ने मांची और गुड़ला में चल रहे शिविर का किया निरीक्षण

## सेवाओं का जमीनी स्तर पर लिया जायजा, आमजन को अधिक से अधिक लाभान्वित करने के निर्देश

**न्यूज सर्विस/नवज्योति, करौली।** जिला कलक्टर नीलाभ सक्सेना ने शुक्रवार पंचायत समिति करौली की ग्राम पंचायत मांची व गुडला में आयोजित




पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़ा शिविर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पीएचईडीए राजस्व, चिकित्सा, समाज कल्याण, श्रम विभाग, जल संसाधन विभाग, शिक्षा, सानिवि, महिला एवं बाल विकास सहित अन्य विभागों द्वारा दी जा रही सेवाओं का जमीनी स्तर पर जायजा लिया व उपस्थित अधिकारियों को अधिक से अधिक लोगों को योजनाओं से राहत पहुंचाने के निर्देश भी दिए। उन्होंने इस दौरान वहां उपस्थित लोगों से दी जा रही सेवाओं की जानकारी ली व अधिकारियों को समय पर उपस्थित होकर पखवाडे को सफल बनाने के निर्देश भी दिए। जिला कलक्टर ने कहा कि पखवाडे का उद्देश्य अंतिम पंक्ति में बैठे लोगों को लाभान्वित कर अन्त्योदय के मूल उद्देश्य को चरितार्थ करना है। इस दौरान तहसीलदार महेन्द्र गुर्जर सहित अन्य ब्लॉक स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

दैनिक नवज्योति matsyanchal - 28 Jun 2025 - Page 8

# 32 वर्ष पुराने मामले को सुलझाकर परिवादी को राहत प्रदान

**न्यूज सर्विस/नवज्योति, करौली।** पण्डित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़ा के अंतर्गत 26 जून को तहसील सुरोठ की ग्राम पंचायत खीपकापुरा में शिविर का आयोजन किया गया। ग्राम पंचायत खीपकापुरा के ग्राम मुंडा का पुरा के निवासी तीतुरिया पुत्र कुंदे, रामपति बेवा खुबिराम, राजेश महेंद्र पिसरान खुबीराम, सुनीता पत्नी स्व रामेश्वर जाति जाटव निवासी मुंडा का पुरा द्वारा 7 दिसम्बर 1993 को ग्राम मुंडा का पुरा में खसरा न 863 व 864 कुल रकबा 0.44 हैक्टेयर रजिस्ट्री द्वारा क्रय किया था। लेकिन अमल दरामद नहीं हुआ जिसके लिए क्रेता द्वारा वर्ष 2007 में उपखंड न्यायलय हिंडौन में वाद दायर किया उपखंड अधिकारी द्वारा वर्ष 25 अप्रैल 2007 को क्रेताओं के पक्ष में बंटवारा स्कीम तैयार करने बाबत डिक्री का आदेश पारित कर दिया, लेकिन डिक्री की पालना नहीं हुई उक्त डिक्री की पालना के लिए क्रेताओं ने तहसीलदार सुरोठ को शिविर में प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया। जिसका तहसीलदार द्वारा त्वरित निर्णय लेकर भू-अभिलेख निरीक्षक व पटवारी को आदेश कर उपखंड न्यायलय की डिक्री अनुसार बंटवारा स्कीम तुरंत तैयार करवाई गयी। इस प्रकार 32 वर्ष बाद पण्डित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़ा शिविर के अंतिम पंक्ति के अंतिम व्यक्ति को लाभान्वित कर अन्त्योदय के मूल उद्देश्य को चरितार्थ किया गया। समस्त ग्राम वासी द्वारा राजस्व सरकार एवं स्थानीय प्रशासन का शिविर आयोजन करने पर भावनात्मक धन्यवाद दिया गया।

## मुख्यमंत्री वृद्धावस्था पेंशन योजना शुरू कर परिवादी को राहत

**न्यूज सर्विस/नवज्योति, करौली।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़ा के अंतर्गत 26 जून को तहसील सूरौठ की ग्राम पंचायत खेड़ी हैवत में शिविर का आयोजन किया गया। ग्राम पंचायत खेड़ी हैवत के राजू पुत्र किशोरी द्वारा सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के अन्तर्गत मुख्यमंत्री वृद्धावस्था पेंशन योजना हेतु आवेदन प्राप्त हुआ। जिसको मौके पर ही ई.मित्र द्वारा ऑन लाइन आवेदन क्रमांक 15978607 करवाया गया।

जिसको जांच में पात्र पाये जाने के उपरांत कार्यवाही करते हुए तहसील स्तर एवं पंचायत समिति स्तर से स्वीकृत कर दिया गया तथा पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़ा शिविर में अंतिम पंक्ति के अंतिम व्यक्ति को लाभान्वित कर अन्त्योदय के मूल उद्देश्य को चरितार्थ किया गया। प्रार्थी द्वारा रा'य सरकार एवं स्थानीय प्रशासन का शिविर आयोजन करने पर भावनात्मक धन्यवाद दिया गया।

# जिला कलेक्टर ने ग्राम पंचायत मांची व गुडला में चल रहे शिविर का किया औचक निरीक्षण

**करौली ( प्रा.सं. )।** जिला कलेक्टर नीलाभ सक्सेना ने शुक्रवार पंचायत समिति करौली की ग्राम पंचायत मांची व गुडला में




आयोजित पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाडा शिविर का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पीएचईडी, राजस्व, चिकित्सा, समाज कल्याण, श्रम विभाग, जल संसाधन विभाग, शिक्षा, सानिवि, महिला एवं बाल विकास सहित अन्य विभागों द्वारा दी जा रही सेवाओं का जमीनी स्तर पर जायजा लिया व उपस्थित अधिकारियों को अधिक से अधिक लोगों को योजनाओं से राहत पहुचाने के निर्देश भी दिये। उन्होंने इस दौरान वहां उपस्थित लोगों से दी जा रही सेवाओं की जानकारी ली व अधिकारियों को समय पर उपस्थित होकर पखवाडे को सफल बनाने के निर्देश भी दिये। जिला कलेक्टर ने कहा कि पखवाडे का उद्देश्य अंतिम पंक्ति में बैठे लोगों को लाभान्वित कर अन्त्योदय के मूल उद्देश्य को चरितार्थ करना है। इस दौरान तहसीलदार महेन्द्र गुर्जर सहित अन्य ब्लॉक स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

पत्रिका

# पचास साल बाद राधा-रुक्मा को पुश्तैनी जमीन में मिला हक



**राजसमंद.** शिविर में जमीन के हक का प्रमाण पत्र सौंपते मौजूद अधिकारी।

**राजसमंद.** राजस्थान की धड़कती धरती पर जब इंसाफ की आवाज गूंजती है, तो वह केवल फैसला नहीं होता – वह इतिहास बन जाता है। ऐसा ही इतिहास रचा दो बहनों राधा और रुक्मा ने, जो राजसमंद जिले के एक छोटे से गांव कुंडेली की रहने वाली हैं। एक लंबी लड़ाई के बाद उन्हें वह हक मिला, जो उनका जन्मसिद्ध अधिकार था – पुश्तैनी जमीन।

**गांव की हर बेटी के लिए बनी मिसाल:** आज राधा और रुक्मा न केवल जमीन की मालकिन हैं, बल्कि गांव की हर बेटी के लिए उम्मीद की एक जलती मशाल भी हैं। उन्होंने यह साबित कर दिया कि महिला होने का मतलब कमजोर होना नहीं है। अगर नीति और नीयत साथ हो, तो वर्षों की अन्याय की दीवार भी ढहाई जा सकती है।

**न्याय का सूरज उगा, आधी सदी के बाद:** शिविर के दौरान यह स्पष्ट हो गया कि जमीन पर असली हक राधा और रुक्मा का ही है। और फिर वह ऐतिहासिक पल आया, जब वर्षों बाद, जब राजस्व विभाग ने उनके नाम जमीन का नामांतरण किया। यह केवल कागजी प्रक्रिया नहीं थी, यह आंसुओं से सींची गई एक उम्मीद की फसल थी।

## अंत्योदय पखवाड़ा: न्याय की दस्तक

**राज्य** सरकार द्वारा शुरू किए गए "पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े" के अंतर्गत देवगढ़ तहसील की सांगावास ग्राम पंचायत में एक जनकल्याण शिविर लगा। उद्देश्य था समाज के उस अंतिम व्यक्ति तक न्याय और योजनाओं का लाभ पहुँचाना, जिसे बरसों से अनदेखा किया गया। राधा और रुक्मा ने भी अपनी पीड़ा और दस्तावेजों के साथ इस शिविर का रुख किया। अधिकारियों ने न सिर्फ उनकी बात सुनी, बल्कि संवेदनशीलता के साथ पुराना रिकॉर्ड खंगाला, गवाहों के बयान दर्ज किए और तहसील स्तर पर सच्चाई की परतें उधेड़ीं।

## दर्द से शुरू हुई कहानी

**राधा** और रुक्मा की जिंदगी की कहानी किसी फिल्म की पटकथा से कम नहीं। जब वे केवल दो और चार वर्ष की थीं, तभी उनके सिर से पिता का साया उठ गया। एक मां, दो मासूम बेटियां और थोड़ी-सी पुश्तैनी जमीन – यही कुल जमा जीवन की पूंजी थी। पर समाज की बेरुखी और रिश्तेदारों की लालच के सामने यह पूंजी भी छिन गई। चाचा और ताऊ ने दस्तावेजी ताकत के बल पर जमीन पर कब्जा जमा लिया। विधवा मां की मजबूरी और बेटियों की कमजोरी ने किसी को चुनौती देने की हिम्मत नहीं दी।

28/06/2025 | Rajsamand | Page : 6
Source : https://epaper.patrika.com/

पत्रिका

पं. दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़ा के तहत शिविर

# मौके पर ही मिल रही राहत, शिविरों में उमड़ रहे ग्रामीण



राजसमंद. फियावड़ी में लगे शिविर में पौधरोपण करते विकास अधिकारी।

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

**राजसमंद.** पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़े के तहत ग्राम पंचायत में शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। ग्राम पंचायत फियावड़ी में शिविर के दौरान विकास अधिकारी महेश गर्ग और अन्य लोगों द्वारा पौधारोपण किया गया।

जिले में विभिन्न ग्राम पंचायतों में आयोजित इन शिविरों में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल शिविरों में ग्रामीणों की विभिन्न समस्याओं के समाधान और आवश्यक सेवाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध कराई गईं। शिविरों में लंबित पत्थरगढ़ी और सीमाज्ञान प्रकरणों का निस्तारण, लंबित नामान्तरणों का निपटारा, लंबित कुरेजात रिपोर्ट तैयार करना और रास्तों के प्रकरणों का समाधान किया गया। आपसी सहमति से बंटवारे की कार्यवाही भी की गई। पंडित दीनदयाल उपाध्याय गरीबी मुक्त गांव योजना के तहत बीपीएल परिवारों का सर्वे किया गया तथा इन्हें विभिन्न सरकारी योजनाओं से जोड़ने के लिए आवेदन लिए गए। मंगला पशु बीमा योजना में पंजीकृत पशुओं के हेल्थ सर्टिफिकेट तैयार करने और पॉलिसी जनरेट करने का कार्य भी संपादित हुआ। पशुओं की जांच, इलाज और टीकाकरण की सेवाएं भी दी गई। शिविरों में एनएफएसए अंतर्गत लंबित प्रकरणों का निस्तारण किया गया तथा पात्र लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड वितरित किए गए। साथ ही, झूलते विद्युत तारों एवं अतिरिक्त विद्युत पोलों की मरम्मत का कार्य भी इन शिविरों में किया गया।

## पसूंद, पीपलांत्री, वणाई में 1 एवं काबरा में 7 को शिविर

**राजसमंद.** पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा शिविरों में आंशिक संशोधन किया गया है। उपखंड अधिकारी बृजेश गुप्ता ने बताया कि आंशिक संशोधन के पश्चात पसूंद, पीपलांत्री, वणाई ग्राम पंचायतों में 1 जुलाई को शिविरों का आयोजन होगा। इसी तरह रेलमगरा पंचायत समिति की ग्राम पंचायत काबरा में आयोजित शिविर पूर्व में स्थगित हो जाने से अब 7 जुलाई को पुनः शिविर आयोजित होगा। इन शिविरों में आमजन विभिन्न विभागों से संबंधित अपनी समस्याएं और परिवेदनाएं लेकर उपस्थित हो सकते हैं।

## उन्नत बीजों के मिनीकिट वितरण

**कुंवारिया.** तहसील क्षेत्र की फियावड़ी ग्राम पंचायत परिसर में शुक्रवार को पं. दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा शिविर में अटल भूजल योजना के तहत महिला किसानों को मूंग के उन्नत बीजों के मिनी किट वितरण किए गए। विकास अधिकारी महेश चंद्र गर्ग, फियावड़ी ग्राम पंचायत प्रशासक सुरेश चंद्र जाट, उप सरपंच प्रेम देवी, कन्हैया लाल जाट, जगदीश चन्द्र गर्ग, लेहरू लाल कुमावत आदि मौजूद थे।



@कुंवारिया

## मिली राहत: हाथों-हाथ खोला तीसरी पीढ़ी की विरासत का नामान्तरण

**कुंभलगढ़.** उपखण्ड में राज्य सरकार की ओर से आयोजित पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़ा के तहत शुक्रवार को ग्राम पंचायत ओड़ा में आयोजित शिविर में एक मामले में तीसरी पीढ़ी का नामान्तरण हाथों-हाथ खोला गया।

शिविर में प्रार्थी सुरेशसिंह पुत्र देवा ओड़ निवासी ओड़ा की वाड़ी-देवास द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र के अनुसार प्रार्थी के दादाजी मेरा पुत्र किशना ओड़ का विरासत का नामान्तरण पिछले 60 वर्षों से नहीं हुआ। शिविर प्रभारी एवं उपखण्ड अधिकारी आकांक्षा दुबे के समक्ष प्रार्थी के प्रस्तुत होने पर जांच करवाई गई, जिसमें पाया कि प्रार्थी के दादाजी की मौत लगभग 60 वर्ष पूर्व हो गई थी, तथा मृत्यु प्रमाण-पत्र आज दिनांक तक नहीं बना था, जिसके अभाव में विरासत का नामान्तरण नहीं हो पाया। प्रार्थी के पिता देवा एवं उनके भाई भेरा की भी मौत हो चुकी है। उपखण्ड अधिकारी ने मौके पर ही समस्त कार्यवाही पूर्ण करवाकर नामान्तरण की कार्यवाही के निर्देश दिए। तहसीलदार कुम्भलगढ़ ने शिविर में ही प्रार्थी के दादाजी का ग्राम पंचायत के लेटर पेड पर मृत्यु प्रमाण-पत्र बनवा पटवारी हल्का ओड़ को नामान्तरण के निर्देश दिए। इसको लेकर जब पटवारी हल्का ने उक्त खाते का नामान्तरण भरना शुरू किया तो उसमें आई तकनीकी समस्या से एक बार तो प्रार्थी निराश हो गए, तब उपखण्ड अधिकारी से पुनः निवेदन किया, जिस पर उन्होंने तहसीलदार कुम्भलगढ़ को इस प्रकरण को आज ही निस्तारित करने के निर्देश दिए। इस पर तहसीलदार बाबूलाल बारनेरिया ने त्वरित कार्यवाही करते हुए आरजीसी से सम्पर्क कर उक्त प्रकरण की जांच करवाई, तो फिर तकनीकी त्रुटि सामने आई, जिसे हटाया गया व प्रार्थी का 60 वर्षों से लंबित नामान्तरण दायर करवाया गया। उक्त नामान्तरकरण से 13 खातेदार लाभान्वित हुए, जिसमें से कुछ खातेदार तीसरी पीढ़ी के थे।

**लसानी-देवगढ़.** पंचायत समिति क्षेत्र में आंजना एवं लसानी ग्राम पंचायत में गुरुवार को शिविर आयोजित किए गए। शिविर की अध्यक्षता देवगढ़ एसडीएम अर्चना चौधरी एवं तहसीलदार धर्मेंद्र स्वामी ने की।

विकास अधिकारी राजाराम गुर्जर ने बताया कि शिविर में करीब 85 नामांतरण, 9 सहमति से खाता विभाजन, 2 कुरेजात रिपोर्ट, 8 रास्ते के प्रकरण, 32 सीमाज्ञान एवं पत्थरगढ़ी के मामलों सहित अन्य मामलों का निस्तारण किया गया। साथ ही स्वामित्व योजना के तहत 26 लाभार्थियों को पट्टे भी वितरित किए गए। शिविर के दौरान विभिन्न योजनाओं में पात्र लोगों को प्रमाण-पत्र भी वितरित किए। शिविर में आंजना प्रशासक अंबालाल भील, लसानी प्रशासक अनुराग मेवाड़ा एवं राजस्व सहित सभी विभागों के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे। लसानी ग्राम पंचायत में आयोजित शिविर में जब एक वृद्ध कांपते कदमों से आगे बढ़े तो किसी ने अनुमान भी नहीं लगाया था कि वे एक ऐसी कहानी अपने भीतर समेटे हुए हैं, जो आज प्रशासनिक संवेदनशीलता की एक जीवंत मिसाल बन जाएगी। 78 वर्षीय जेठू राम एक छोटी सी ढाणी में रहने वाले अपने साथ दर्जनों दस्तावेज लेकर पहुंचे। सभी प्रमाणों में उनका नाम जेठू राम था आधार कार्ड, राशन कार्ड, बैंक पासबुक, वोटर पहचान-पत्र, सबकुछ। लेकिन, जब बात उनकी जमीन और अधिकारों की आती थी, तो उन्हें जैतरा कहकर पुकारा जाता था क्योंकि जमाबंदी में यही नाम दर्ज था। शिविर में मौजूद प्रशासनिक अधिकारियों ने न केवल उन्हें सुना, बल्कि महसूस किया। कोई फाइल जांच-पड़ताल का हवाला देकर बात को टाला नहीं। तत्काल दस्तावेजों की समीक्षा हुई और उसी क्षण उनके नाम का संशोधित नामांतरण दर्ज कर दिया गया। अब वे आप केवल जेठू राम ही नहीं, जमीन की भाषा में भी जेठू राम हैं।

## रिकॉर्ड में जाति गलत दर्ज थी, बंटवारे में फंस रहा था पेंच, प्रशासन ने निकाला



**नाथद्वारा.** उपखंड की खमनोर पंचायत समिति की ग्राम पंचायत बामनहेड़ा में गुरुवार को आयोजित पंडित दीनदयाल अंत्योदय संबल पखवाड़ा शिविर में राजस्व ग्राम खेड़ाणा के खातेदारों को वर्षों से लंबित जाति की त्रुटि और भूमि विभाजन संबंधी समस्या से राहत मिली। खामनलाल, छगनलाल, भंवरलाल, लक्ष्मीलाल पुत्र भूरा जो कि ब्राह्मण हैं, उनके साथ भंवरलाल पुत्र भाना गाडरी के नाम राजस्व रिकॉर्ड में खाता संख्या 75 की भूमि कई वर्षों से सहखातेदारी में चल रही थी। ब्राह्मण जाति के खातेदारों की रिकॉर्ड में गलती से गाडरी जाति दर्ज होने और इसी कारण सहमति नहीं बनने से भूमि का बंटवारा भी नहीं हो पा रहा था। शिविर में तहसीलदार व राजस्व विभाग की टीम ने प्रकरण की त्वरित जांच की और मौके पर जाति शुद्धि करते हुए खातेदारों के नाम के आगे ब्राह्मण दर्ज किया और सहमति के अनुसार बंटवारे का आदेश भी जारी किया। इसी प्रकार शिविर में 63 वर्षीय एक कृषक को अपने नाम की असली पहचान मिली एसडीएम रक्षा पारीक ने मामले की गंभीरता को समझते हुए राजस्व टीम को तत्काल निर्देशित किया। शिविर में ही जांच, दस्तावेज तैयार कर नाम शुद्धि का आदेश जारी हो गया। आदेश की प्रति किशनलाल को मिली तो उन्होंने राहत की सांस ली।

28/06/2025 | Rajsamand | Page : 10
Source : https://epaper.patrika.com/

दैनिक भास्कर
राजसमन्द भास्कर 28-06-2025

### फियावड़ी में पौधरोपण और टीकर में पीएचईडी ने कंटिजेंसी कार्य का भौतिक सत्यापन किया

# अंत्योदय संबल पखवाड़ा : शिविरों में लंबित पत्थरगढ़ी, सीमाज्ञान, नामांतरण, रास्तों के प्रकरणों का निस्तारण

भास्कर न्यूज | राजसमंद

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार 9 जुलाई तक पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा मना रही है। इसके तहत हर ग्राम पंचायत में शिविर लगाए जा रहे हैं। इन शिविरों में ग्रामीणों को मौके पर ही राहत दी जा रही है।

कलेक्टर अरुण कुमार हसीजा हर शिविर की मॉनिटरिंग कर रहे हैं। एडीएम नरेश बुनकर और जिला परिषद सीईओ बृजमोहन बैरवा भी लगातार फीडबैक ले रहे हैं। ग्राम पंचायत फियावड़ी में शिविर के दौरान विकास अधिकारी मोहन गर्ग और अन्य लोगों ने पौधरोपण किया।

ग्राम टीकर में पीएचईडी द्वारा कंटिजेंसी कार्य का भौतिक सत्यापन पूरा किया गया। नमाना में भी पौधरोपण हुआ। फतेहपुर, पिपला, कलालोत, झालमंद, जमना, महानुरिया, खटामला, भरदाड़ा सहित कई पंचायतों में ग्रामीणों को मौके पर ही राहत दी गई। शिविरों में राजस्व, पंचायतीराज, चिकित्सा, एनिमल हसबेंडरी, पीएचईडी सहित कई विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। उपखंड अधिकारी, तहसीलदार और विकास अधिकारी खुद मौजूद रहकर समस्याओं का समाधान करवा रहे हैं।

शिविरों में लंबित पत्थरगढ़ी, सीमाज्ञान, नामांतरण, कुरेजात रिपोर्ट और रास्तों के प्रकरणों का निस्तारण किया गया। आपसी सहमति से बंटवारे की कार्रवाई भी हुई। गरीबी मुक्त गांव योजना के तहत बीपीएल परिवारों का सर्वे किया गया। इन्हें सरकारी योजनाओं से जोड़ने के लिए आवेदन लिए गए।

## राधा और रुकमा को मिला न्याय, पुश्तैनी जमीन का मिला हक

राजसमंद | कुंडेली गांव की राधा और रुकमा को 50 साल बाद अपनी पुश्तैनी जमीन का हक मिला। दोनों बहनों के पिता का निधन तब हुआ जब वे केवल दो और चार साल की थीं। मां विधवा थीं। परिवार पर संकट था। इसी बीच चाचा और ताऊ ने जमीन अपने नाम करवा ली। समय बीतता गया। राधा और रुकमा बड़ी हुईं। शादी हुई। परिवार बने। लेकिन दिल में जमीन का दर्द बना रहा। इसी बीच मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार ने 'पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा' शुरू किया। इसके तहत संग्रामपुरा ग्राम पंचायत, तहसील देवगढ़ में शिविर लगा। शिविर में राधा और रुकमा का मामला सामने आया। जांच में साफ हुआ कि जमीन पर हक राधा और रुकमा का है। इसके बाद नामांतरण की प्रक्रिया शुरू हुई। शुक्रवार को दोनों बहनों के नाम जमीन का नामांतरण हुआ। यह सिर्फ जमीन नहीं थी, यह उनके संघर्ष, धैर्य और विश्वास की जीत थी। आज राधा और रुकमा गांव की हर बेटी के लिए मिसाल बन गई हैं। उन्होंने साबित किया कि हक की लड़ाई में उम्र या हालात आड़े नहीं आते। सरकार का साथ हो तो इंसाफ जरूर मिलता है।

# पंडित दीनदयाल अंत्योदय संबल पखवाड़ा : बेटियों की जीत

## अंत्योदय पखवाड़े में राधा और रुक्मा को मिला न्याय, पुश्तैनी जमीन का मिला हक

**राजसमंद(पुकार)।** जिल के एक छोटे से गांव कुंडेली में जन्मीं राधा और रुक्मा दो बहनें। जब वे केवल दो और चार वर्ष की थीं, तब उनके पिता का असमय निधन हो गया। पीछे बचीं उनकी मां और एक छोटी पुश्तैनी जमीन, लेकिन विधवा मां की मजबूरी और समाज की बेरुखी के बीच, उनके चाचा और ताऊ ने वह जमीन अपने नाम कर ली। राधा और रुक्मा बड़ी हुई, शादी हुई, परिवार बसे, लेकिन दिल में एक टीस हमेशा बनी रही कि अपनी जमीन, अपने हक की टीस। कहते हैं कि सच्चाई की जड़ें भले ही धीरे बढ़ती हैं, पर जब बढ़ती हैं तो मजबूत होती जाती हैं। इसी बीच मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार द्वारा पूरे राज्य में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा शुरू किया और इसके तहत देवगढ़ पंचायत समिति की ग्राम पंचायत सांगावास में शिविर लगा। इस शिविर का उद्देश्य था कि राज्य की योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना और वर्षों से उपेक्षित लोगों को न्याय दिलाना। राधा और रुक्मा का मामला भी इसी शिविर के दौरान अधिकारियों ने निस्तारित किया। तहसील द्वारा पुराने दस्तावेजों की गहन जांच, गवाहों के बयानों और रिकॉर्ड के आधार पर यह प्रमाणित हुआ कि जमीन पर हक वास्तव में राधा और रुक्मा का है। और फिर पचास वर्षों बाद वह ऐतिहासिक दिन आया जब दोनों बहनों के नाम से पुश्तैनी भूमि का नामांतरण किया गया। यह केवल एक नामांतरण नहीं था यह दो बहनों के जीवन भर के संघर्ष, धैर्य और विश्वास की जीत थी।



पत्रिका

प. दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा

# शिविर में लापरवाही पर काबरा ग्राम विकास अधिकारी को दी चार्जशीट

## विधायक ने जताई थी आपत्ति

**रेलमगरा.** जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी बृजमोहन बैरवा ने रेलमगरा पंचायत समिति क्षेत्र की ग्राम पंचायत काबरा के ग्राम विकास अधिकारी (वीडीओ) को राजस्थान सिविल सेवाएं (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम 1958 के नियम 16 के अंतर्गत चार्जशीट सौंपी है। काबरा में गुरुवार को प. दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के तहत आयोजित शिविर के दौरान आवश्यक व्यवस्थाएं सुचारु नहीं करने के साथ पंचायत काबरा के अधीनस्थ समस्त राजस्व गांवों में शिविर आयोजन का नियमानुसार प्रचार-प्रसार नही करने पर यह चार्जशीट दी गई। काबरा में अव्यवस्थाओं की भेंट चढे इस शिविर से जुड़े समाचार राजस्थान पत्रिका के गुरुवार के अंक में शिविर स्थल पर बैठक व्यवस्था को लेकर भड़कीं विधायक माहेश्वरी, शीर्षक के साथ प्रमुखता से प्रकाशित किए गए थे।

## वीडीओ एक दिन पूर्व सुनिश्चित करें व्यवस्थाएं : कलक्टर

**शुक्रवार** को जिला कलक्टर अरुण कुमार हसीजा ने समस्त पंचायत समितियों के विकास अधिकारियों को दिए हैं कि एक दिन पूर्व ही शिविर स्थल पर पहुंची कर सभी प्रकार की व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें ताकि आमजन को कोई परेशानी न हो। कलक्टर ने निर्देश दिए हैं कि शिविर स्थलों पर बैठक, समुचित स्थान, पेयजल व सभी अन्य समुचित व्यवस्थाएं विकास अधिकारी स्वयं एक दिन पूर्व ही सुनिश्चित करें।

28/06/2025 | Rajsamand | Page : 6
Source : https://epaper.patrika.com/

# अंत्योदय पखवाड़ा शिविर में लापरवाही : ग्राम विकास अधिकारी को चार्जशीट

**राजसमंद(पुकार)।** जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी बृजमोहन बैरवा ने रेलमगरा पंचायत समिति क्षेत्र के ग्राम पंचायत काबरा के ग्राम विकास अधिकारी को राजस्थान सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम 1958 के नियम 16 के तहत चार्जशीट सौंप दी है। चार्जशीट के आरोप पत्र के अनुसार ग्राम विकास अधिकारी द्वारा गुरुवारए 26 जून को आयोजित पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा शिविर के दौरान किसी भी प्रकार की उचित व्यवस्था नहीं की गई। इसके अतिरिक्त ग्राम पंचायत काबरा के अधीनस्थ सभी राजस्व गांवों में शिविर की जानकारी का प्रचार-प्रसार भी नहीं किया गया, जिसके चलते ग्रामीणों को शिविर की जानकारी नहीं मिल पाई। इस घटना के बाद शुक्रवार को जिला कलेक्टर अरुण कुमार हसीजा ने सभी पंचायत समितियों के विकास अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि विकास अधिकारी एक दिन पहले ही शिविर स्थल पर पहुंचकर सभी प्रकार की व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें ताकि आमजन को किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। कलेक्टर ने विशेष रूप से यह सुनिश्चित करने को कहा है कि शिविर स्थलों पर बैठक व्यवस्था, समुचित स्थान, पेयजल और अन्य सभी आवश्यक व्यवस्थाएं विकास अधिकारी स्वयं एक दिन पूर्व ही जांच लें।

पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा

# शिविर में सहमति से हुआ बंटवारा

न्यूज सर्विस/नवज्योति, ब्यावर

पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा 2025 के तहत बुधवार को ग्राम पंचायत जालिया प्रथम में शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में वर्षों से लंबित भूमि बंटवारा के विवाद को सभी पक्षकारों में आम सहमति से विभाजन प्रस्ताव तैयार कर निबटाया गया। एसडीएम दिव्यांश सिंह, तहसीलदार हनुतसिंह द्वारा कैंप में ही 4 सहमति बंटवारे के प्रकरणों में आदेश कर खातेदारों को राहत प्रदान की जिससे खातेदारों ने खुशी जाहिर की। राजस्व ग्राम जालिया प्रथम निवासी हरिसिंह एवं लाडू सिंह का लगभग 50 वर्षों से शामलात चली आ रही कृषि भूमि का कैंप में आम सहमति से बंटवारा किया गया।

शिविर में राजस्व विभाग से संबंधित अन्य सभी कार्य जैसे सीमाज्ञान, नामांतरण, रास्ता से संबंधित विवाद का निस्तारण शिविर स्थल पर ही किया गया। शिविर में प्रभारी प्रभुसिंह रावत, सहप्रभारी दिनेश खींची, पटवारी मूलाराम भाटी, सुनीता जाट, अजय सिंह चौहान, सरपंच प्रतिनिधि आलम काठात सहित ग्रामीण मौजूद रहे।



ब्यावर



जैतारण

जैतारण। पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के तहत हाजीवास में आयोजित शिविर का जिला कलेक्टर कमलराम मीणा ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिला कलेक्टर ने मौके पर मौजूद ग्रामीणों से संवाद कर उनकी समस्याओं एवं योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अधिकतम पात्र व्यक्तियों तक पहुँचाना सुनिश्चित किया जाए। इस अवसर पर उपखंड अधिकारी रवि प्रकाश, एसीईओ गोपाललाल, प्रशासनिक अधिकारी, ग्रामीण व जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# शिविर में चार बंटवारे के प्रस्ताव स्वीकृत

## एसडीएम दिव्यांश सिंह ने लिया अधिकारियों से फीड बैक

न्यूज सर्विस/नवज्योति, ब्यावर

पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा 2025 के अंतर्गत ग्राम पंचायत जवाजा में आयोजित शिविर में राजस्व विभाग द्वारा चार बंटवारे के प्रस्तावों को मौके पर ही पारित किया गया। इससे ग्रामीणों को वर्षों से लंबित विवादों से राहत मिली। शिविर के दौरान उपखंड अधिकारी ब्यावर दिव्यांश सिंह ने शिविर स्थल का निरीक्षण किया और विभिन्न विभागों की ओर से दी जा रही सेवाओं की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने प्रत्येक विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों से यह जानकारी प्राप्त की कि अब तक विभाग की योजनाओं का लाभ कितने पात्र लोगों तक पहुंचा है। साथ ही उन्होंने योजनाओं की जमीनी स्थिति और आमजन को मिल रहे लाभ की समीक्षा की। एसडीएम दिव्यांश सिंह ने लाभार्थियों से सीधे संवाद भी किया और यह सुनिश्चित किया कि कोई भी पात्र व्यक्ति सरकारी योजनाओं से वंचित न रहे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक सेवा की पारदर्शिता और प्रभावशीलता सुनिश्चित की जाए। यह शिविर अंत्योदय संबल पखवाड़ा के उद्देश्यों के अनुरूप जन सेवा और त्वरित समाधान का प्रभावी उदाहरण बनकर सामने आया।



ब्यावर। शिविर में लाभान्वित हुए ग्रामीण।

### जिला कलक्टर ने किया बदनौर शिविर का निरीक्षण

ब्यावर। पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा 2025 के अंतर्गत ग्राम रामपुरा बदनोर में आयोजित शिविर का गुरुवार को जिला कलक्टर कमलराम मीना ने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने शिविर में मौजूद सभी विभागों द्वारा की जा रही कार्यवाही का अवलोकन किया और प्रगति की जानकारी ली। जिला कलक्टर मीना ने अधिकारियों और कार्मिकों को निर्देश दिए कि वे आमजन के हितों को सर्वोपरि रखते हुए पूरी तन्मयता, संवेदनशीलता से समस्याओं का निवारण करें।

दैनिक भास्कर ब्यावर 27-06-2025

# एसडीएम ने लिया अधिकारियों से फीडबैक, लाभार्थियों से संवाद

## ग्राम पंचायत जवाजा में अंत्योदय संबल पखवाड़ा शिविर



भास्कर न्यूज | ब्यावर

पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा 2025 के अंतर्गत ग्राम पंचायत जवाजा में आयोजित शिविर में राजस्व विभाग द्वारा चार बंटवारे के प्रस्तावों को मौके पर ही पारित किया गया। इससे ग्रामीणों को वर्षों से लंबित विवादों से राहत मिली।

शिविर के दौरान उपखंड अधिकारी ब्यावर दिव्यांश सिंह ने शिविर स्थल का निरीक्षण किया और विभिन्न विभागों की ओर से दी जा रही सेवाओं की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने प्रत्येक विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों से यह जानकारी प्राप्त की कि अब तक विभाग की योजनाओं का लाभ कितने पात्र लोगों तक पहुंचा है। साथ ही उन्होंने योजनाओं की जमीनी स्थिति और आमजन को मिल रहे लाभ की समीक्षा की। एसडीएम ने लाभार्थियों से सीधे संवाद भी किया और यह सुनिश्चित किया कि कोई भी पात्र व्यक्ति सरकारी योजनाओं से वंचित न रहे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक सेवा की पारदर्शिता और प्रभावशीलता सुनिश्चित की जाए। यह शिविर अंत्योदय संबल पखवाड़ा के उद्देश्यों के अनुरूप जन सेवा और त्वरित समाधान का प्रभावी उदाहरण बनकर सामने आया।

दैनिक भास्कर ब्यावर 27-06-2025

# जिला कलेक्टर ने शिविर का औचक निरीक्षण किया

ब्यावर | पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा 2025 के अंतर्गत ग्राम रामपुरा बदनोर में आयोजित शिविर का आज जिला कलेक्टर श्री कमल राम मीना ने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने शिविर



में मौजूद सभी विभागों द्वारा की जा रही कार्यवाही का अवलोकन किया और प्रगति की जानकारी ली । जिला कलेक्टर श्री मीना ने अधिकारियों और कार्मिकों को निर्देश दिए कि वे आमजन के हितों को सर्वोपरि रखते हुए पूरी तन्मयता, संवेदनशीलता से समस्याओं का निवारण करें।

दैनिक भास्कर

भीलवाड़ा जिला 27-06-2025

# रामपुरा और गारियाखेड़ा पंचायतों में लगा शिविर



**बदनौर** | क्षेत्र की रामपुरा और गारियाखेड़ा ग्राम पंचायतों में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा शिविर का आयोजन किया गया। रामपुरा पंचायत मुख्यालय पर आयोजित शिविर में 15 पट्टों का वितरण किया गया। इसके अतिरिक्त 3 नामांतरण, 1 रास्ता विवाद का समाधान किया और 1 पुराने बंटवारे के मामले को खोला। शिविर के दौरान भारत उपवन योजना के तहत गंगराई का देवरा स्थान पर पौधरोपण भी किया। रामपुरा ग्राम पंचायत में लगे शिविर का ब्यावर कलेक्टर कमल राम मीणा और ब्यावर के सीईओ ने अवलोकन किया। उन्होंने शिविर की व्यवस्थाओं और लोगों को मिल रहे लाभ का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए।

# खेतों में जाने का लंबे समय से बंद रास्ता खुलवाया

घासा | ग्राम पंचायत घासा के राउमावि में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा शिविर शुक्रवार को लगा। इस दौरान बापेर में खेतों में जाने का रास्ता जो लंबे समय से बंद था और ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा था, इसकी शिकायत पर नायब तहसीलदार नंदलाल जोशी, आरआई गणेश लाल, पटवारी घमंडी लाल सुथार ने मौका निरीक्षण कर त्वरित कार्रवाई करते हुए रास्ता खुलवाया। एसडीएम रमेश सीरवी ने शिविर में सभी विभागों का अवलोकन कर ग्रामीणों को विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित करने के लिए कहा। शिविर में ग्रामीणों की संख्या कम दिखाई देने पर उन्होंने सभी कार्मिकों एवं जनप्रतिनिधियों को शिविर में अधिक से अधिक संख्या में ग्रामीणों को बुलाने का आह्वान किया। ग्रामीणों ने गांव में बिजली ट्रिपिंग की समस्या बताई, जिस पर विभाग के अधिकारियों को तुरंत समाधान करने के निर्देश दिए। शिविर में 5 पेंशन वेरीफिकेशन, पांच नए लोगों की पेंशन शुरू करने सहित कई काम हुए।

# पं दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़ाः लोड़ावास गांव में 40 साल से बंद रास्ता खुला, ग्रामीणों में खुशी की लहर

## ग्राम पंचायतों में आयोजित शिविर बन रहे राहत का सशक्त माध्यम, जिला कलक्टर ने किया निरीक्षण



[illegible]

# लोडावास गांव में 40 साल से बंद रास्ता खुला, ग्रामीणों में खुशी की लहर

## ग्राम पंचायतों में आयोजित शिविर बन रहे राहत का सशक्त माध्यम

## जिला कलक्टर ने किया निरीक्षण





उदयपुर (कुकाल)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की पहल पर प्रदेश भर में चलाए जा रहे पं दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़े के तहत आयोजित शिविर आमजन के लिए राहत का सशक्त माध्यम बन कर उभर रहे हैं।

उदयपुर में जिला कलक्टर नमित मेहता के निर्देशन में अभियान के दूसरे दिन बुधवार को गिर्वा तहसील के [illegible]

[illegible]

**जिला कलक्टर ने किया निरीक्षण :** जिला कलक्टर नमित मेहता बुधवार [illegible]

[illegible]

**40 साल से बंद रास्ता खुलवाया :** [illegible]

[illegible]

**15 वर्षों बाद मिला परित्यक्ता प्रमाण पत्र :** [illegible]

[illegible]

**यूं मिल रही शिविरों से राहत :** [illegible]

[illegible]

## ग्राम पंचायत में आयोजित शिविरों में मिली राहत तो लाभान्वितों ने जताया आभार

# जिला कलेक्टर ने घाटा में किया दीनदयाल अन्त्योदय संबल पखवाड़ा शिविर का निरीक्षण



### पारदर्शिता के साथ हो त्वरित समाधान

### विभिन्न योजनाओं का मिल रहा लाभ

# अतिरिक्त जिला कलेक्टर ने किया वीरपुरा में दीनदयाल अन्त्योदय संबल पखवाड़ा शिविर का निरीक्षण

● पदमावत मीडिया

सलूंबर । राज्य सरकार के दिशानिर्देशानुसार पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के अंतर्गत गुरुवार को सलूंबर जिले में शिविरों का आयोजन किया गया। शिविरों की समीक्षा करने के लिए अतिरिक्त जिला कलेक्टर राजलक्ष्मी गहलोत वीरपुरा ग्राम पंचायत पहुंचे। जिले के समस्त उपखंड क्षेत्र में आयोजित शिविरों में बड़ी संख्या में पात्र लाभान्वित हुए। योजनाओं का लाभ मिलने पर लाभार्थियों ने माननीय मुख्यमंत्री और राज्य सरकार का आभार जताया। अतिरिक्त जिला कलेक्टर राजलक्ष्मी गहलोत ने बताया कि सलूंबर जिले में 24 जून, 2025 से लेकर 9 जुलाई, 2025 तक पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के तहत शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। शिविरों में वर्षों से वंचित परिवारों को



आत्मविश्वास पुनः मिल रहा है। अंत्योदय संबल पखवाड़े ने वास्तव में जरूरतमंदों को संबल प्रदान किया है। निरीक्षण के दौरान अतिरिक्त जिला कलेक्टर राजलक्ष्मी गहलोत द्वारा उपस्थित विभिन्न विभागों की स्टॉल्स का अवलोकन कर प्रदान की जा रही विभिन्न सेवाओं और वस्तुस्थिति की जानकारी शिविर एवं स्टॉल प्रभारी से ली और लाभार्थियों से संवाद कर फीडबैक भी लिया। निरीक्षण के दौरान अतिरिक्त जिला कलक्टर ने जलदाय विभाग और विद्युत विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे शिविरों में उपस्थित रहकर आमजन की समस्याएं सुनें और उनका समय पर निस्तारण करवाएं। इस दौरान उन्होंने राजस्व विभाग को आवंटित कार्यों, ग्रामीण विकास विभाग द्वारा बीपीएल परिवारों के बैंक खाताधारक, आवेदन प्राप्ति और सभी कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने एनएफएसए अंतर्गत लंबित प्रकरणों के निस्तारण, आधार सीडिंग, ई के वाईसी, पीएचईडी विभाग को टंकियों की साफ सफाई एवं लीकेज की मरम्मत करने को कहा एवं लंबित कनेक्शन जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने समाज कल्याण विभाग को पेंशन सत्यापन कार्य शत प्रतिशत पूर्ण करने, राजस्व विभाग को लंबित पत्थरगढ़ी, सीमाज्ञान, नामांतरण, कुरेजात एवं रास्तों के प्रकरण के निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने पंचायती राज विभाग के अधिकारियों को स्वामित्व कार्ड वितरण करने एवं जल संरचनाओं की मरम्मत के निर्देश दिए। उन्होंने उपस्थित ग्रामजनों से अपील की कि शिविरों में अधिक से अधिक संख्या में भाग लें और पात्रतानुसार सरकार की योजनाओं का लाभ उठाएं।

## 27 को यहां लगेंगे शिविर

अभियान के तहत शुक्रवार को पाल, भींडरिया खेड़ा, चावण्डखाल, सिसाई, डेरवाल, उथरदा, जावला, गातोड़, परमाड़ी, अनुपुरा एवं खजुरी में शिविरों का आयोजन किया जाएगा। शिविरों का आयोजन प्रातः 9:30 से सायं 5:30 बजे तक किया जाएगा।

दैनिक भास्कर उदयपुर जिला 27-06-2025

आइएएफ ग्रुप कैप्टन एक्सिओम मिशन 4 (एक्स-4) का हिस्सा बननेवाले पहले भारतीय एस्ट्रोनॉट हैं!

# कलेक्टर ने शिविर का अवलोकन कर सभी विभागों से प्रगति रिपोर्ट की जानकारी ली



लसाड़िया । पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के अंतर्गत गुरुवार को ब्लॉक लसाड़िया के ग्राम पंचायत गाटा उर्फ सिंघावतों का खेड़ा में शिविर लगाया गया। शिविर का सलूंबर कलेक्टर अवधेश मीणा ने अवलोकन किया। सभी विभागों से प्रगति रिपोर्ट की जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कलेक्टर ने जनकल्याणकारी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ आम जनता तक पहुंचाने के लिए कर्मचारी तैयारी के साथ ग्रामीणों को शिविर स्थल पर लाएं। कलेक्टर ने पौधरोपण किया। तहसीलदार रामजीलाल गुर्जर, विकास अधिकारी मांगू सिंह मीणा, अधिकारी, कर्मचारी एवं जनप्रतिनिधि मौजूद थे।

# जिला कलेक्टर ने घाटा में किया दीनदयाल अन्त्योदय संबल पखवाड़ा शिविर का निरीक्षण

## ग्राम पंचायत में आयोजित शिविरों में मिली राहत तो लाभान्वितों ने जताया आभार

■ सच बेखौफ

सलूंबर। मुख्यमंत्री महोदय की मंशा के अनुरूप पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाडे के तहत जिले की चयनित ग्राम पंचायतों में गुरुवार को अभियान के तीसरे दिन शिविरों का आयोजन किया गया। जिला कलेक्टर अवधेश मीना ने लसाडिया के ग्राम घाटा में गुरुवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय सम्बल पखवाड़ा के अंतर्गत आयोजित शिविर में विभिन्न विभाग द्वारा संचालित स्टॉल का निरीक्षण किया। इस दौरान जिला कलेक्टर ने प्रत्येक स्टॉल पर जाकर उपस्थित अधिकारियों और कार्मिकों से उनके द्वारा किए जा रहे कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को पात्रतानुसार और सरकार की मंशानुरूप लाभ प्रदान करवाए जाएं। उन्होंने कहा कि पखवाड़े का उद्देश्य अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। उन्होंने चिकित्सा विभाग के डेस्क पर जाकर दी जा रही दवाईयों की जानकारी ली एवं विभिन्न टेस्ट्स के बारे में पूछा। इसके पश्चात उन्होंने कृषि विभाग से मृदा स्वास्थ्य कार्ड में पंजीकरण, पाइपलाइन, फार्म पौंड, तारबंदी, कृषि यंत्र, बीज मिनीकिट आदि की जानकारी ली। उन्होंने जलदाय विभाग और विद्युत विभाग को विशेष रूप से निर्बाध बिजली देने के निर्देश दिए। उन्होंने बिजली व जलदाय विभाग को समन्वय स्थापित करते हुए सेवाओं को नियमित रखने के निर्देश दिए। शिविर में विद्यालयों में प्रवेशोत्सव के दौरान नवीन नामांकन वाले बच्चों का जिला कलक्टर ने माला पहनाकर, तिलक लगाने के साथ गुड खिलाकर मुंह मीठा करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया एवं शिविर में विभिन्न योजनाओं से पात्र व्यक्तियों को लाभांवित किया एवं मौके पर ही जन समस्याओं का भी समाधान किया। इस मौके पर जिला कलक्टर ने उपस्थित अधिकारियों से कहा कि राज्य सरकार की विभिन्न जन कल्याणकारी योजना में पात्र व्यक्तियों को लाभांवित कर हर जरूरतमंद एवं पात्र व्यक्तियों को योजनाओं का लाभ पहुंचाए। उन्होंने ग्रामीणजों से आव्हान किया कि वे इन शिविरों में अधिकाधिक पंजीकरण करवाकर योजनाओं का लाभ लें। जहां भी आगामी शिविर आयोजित होने है, उन ग्राम पंचायतों के अधीन आने वाले ग्रामों में प्रचार-प्रसार करें और विभिन्न विभागों द्वारा किए जाने वाले कार्यों एवं ग्रामीणों की समस्याओं के निस्तारण करने के संबंध में जानकारी दे ताकि वे इन शिविरों के माध्यम से लाभ उठा सके। उन्होंने कहा कि अधिकारी अपने कर्तव्य निष्ठा से नियमानुसार कार्य करें और प्रार्थी को कार्यों के संबंध में स्पष्ट व सही जानकारी प्रदान करें। उन्होंने कहा कि ग्रामीण जन परिचितों को इन शिविरों की जानकारी दे ताकि वे भी इस अभियान से जुडकर विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित करें। निरीक्षण के दौरान जिला कलेक्टर अवधेश मीना ने विभिन्न काउंटरों पर जाकर लाभार्थियों से बातचीत की और उनकी समस्याओं को सुना।

# अतिरिक्त जिला कलेक्टर ने किया वीरपुरा में दीनदयाल अन्त्योदय संबल पखवाड़ा शिविर का निरीक्षण

**सच बेखौफ**

सलूंबर। राज्य सरकार के निर्देशानुसार पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के अंतर्गत गुरुवार को सलूंबर जिले में शिविरों का आयोजन किया गया। शिविरों की समीक्षा करने के लिए अतिरिक्त जिला कलेक्टर राजलक्ष्मी गहलोत वीरपुरा ग्राम पंचायत पहुंचे। जिले के समस्त उपखंड क्षेत्र में आयोजित शिविरों में बड़ी संख्या में पात्र लाभान्वित हुए। योजनाओं का लाभ मिलने पर लाभान्वितों ने माननीय मुख्यमंत्री और राज्य सरकार का आभार जताया। अतिरिक्त जिला कलक्टर राजलक्ष्मी गहलोत ने बताया कि सलूंबर जिले में 24 जून, 2025 से लेकर 9 जुलाई, 2025 तक पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के तहत शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। शिविरों में वर्षों से वंचित परिवारों को आवासीय पट्टा मिल रहा है। अंत्योदय संबल पखवाड़े ने वास्तव में जरूरतमंदों को संबल प्रदान किया है। निरीक्षण के दौरान अतिरिक्त जिला कलेक्टर राजलक्ष्मी गहलोत द्वारा उपस्थित विभिन्न विभागों की स्टॉल्स का अवलोकन कर प्रदान की जा रही विभिन्न सेवाओं और वस्तुस्थिति की जानकारी शिविर एवं स्टॉल प्रभारी से ली और लाभार्थियों से संवाद कर फीडबैक भी लिया। निरीक्षण के दौरान अतिरिक्त जिला कलक्टर ने जलदाय विभाग और विद्युत विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे शिविरों में उपस्थित रहकर आमजन की समस्याएं सुने और उनका समय पर निराकरण करवाए। इस दौरान उन्होंने राजस्व विभाग को आवंटित कार्यों, ग्रामीण विकास विभाग द्वारा बीपीएल परिवारों के बैंक सत्यापन, आवेदन प्राप्ति और सर्वे कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने एनएफएसए अंतर्गत लंबित प्रकरणों के निस्तारण, आधार सीडिंग, ई के वाईसी, पीएचईडी विभाग को टंकियों की साफ सफाई एवं लीकेज की मरम्मत करने को कहा एवं लंबित कनेक्शन जारी करने के निर्देश दिए।

# अंत्योदय पखवाड़ा शिविर में ग्रामीणों को मिली समस्या से निजात

## कलक्टर ने घाटा में किया संबल पखवाड़ा शिविर का निरीक्षण


सलूम्बर


सराड़ा


ओगणा


खेरवाड़ा


जयसमंद


लूणदा


कुण


फतहनगर


गोगुन्दा

पत्रिका

जिले में जगह-जगह पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल शिविर का आयोजन, बांटे मिनी किट

# बरसों की प्रतीक्षा खत्म, हाथों-हाथ मिले पट्टे



पखवाड़े के तहत पौधारोपण करते एसडीएम व अन्य। सलूम्बर








पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com


**सलूम्बर.** जिले की बस्सी ग्राम पंचायत में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के तहत आयोजित शिविर का उपखंड अधिकारी परमजीत सिंह चौहान, जिला उपाध्यक्ष चंद्रशेखर जोशी, पंचायत समिति उप प्रधान देवेंद्र सिंह अजबावत ने निरीक्षण किया। जहां विभिन्न विभागों की ओर से ग्रामीणों के प्रतिवेदनों, प्रार्थना पत्रों और शिकायतों के निस्तारण की कार्यवाही का निरीक्षण किया। उपखंड अधिकारी परमजीत सिंह ने कहा कि शिविर में विभाग पीपुल्स फ्रेंडली एडमिनिस्ट्रेशन की छवि पेश करें। इस दौरान विकास अधिकारी जितेंद्र सिंह, शिविर प्रभारी राजेश गुरजाहनी, जयंत तहसीलदार हरिप्रकाश मीणा, प्राचार्य कपिल मेहता, सरपंच धापू देवी, उप सरपंच दौलत सिंह, सचिव हितेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे। बताया कि शिविर में बरसों से प्रतीक्षारत 12 परिवारों को मकान के पट्टे वितरित किए गए। साथ ही मक्का बीज वितरण व नव शैक्षणिक सत्र में प्रवेश करने वाले बालक-बालिकाओं का सम्मान किया गया।

**सलूम्बर.** महिला अधिकारिता विभाग की ओर से गुरुवार को बस्सी सामखेड़ा में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के तहत शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें महिला अधिकारिता विभाग की सुपरवाइजर अंजली मेहता की उपस्थिति में बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना के तहत बेटी जन्मोत्सव मनाया गया। शिविर में बालिकाओं ने उपखंड अधिकारी परमजीत सिंह तथा अन्य विभाग के अधिकारियों के साथ मिलकर बालिकाओं से केक कटवाया और परिसर में पौधारोपण करवाया। इस दौरान जिला उपाध्यक्ष चंद्रशेखर जोशी, उपप्रधान देवेंद्र सिंह, कपिल मेहता सहित कई मौजूद रहे।

**सराड़ा.** क्षेत्र की ग्राम पंचायत खारका बी में गुरुवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय पखवाड़ा 2025 के तहत शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 107 बीपीएल परिवारों का सर्वे द्वितीय चरण के लिए किया गया। साथ ही 21 में से 12 पेंशन लाभार्थियों का पेंशन सत्यापन किया गया। दिव्यांगजन को उपखंड अधिकारी ने सूचना एवं संबल प्रदान किया। विद्यालय में नए प्रवेशरत बच्चों का उत्साहवर्धन किया गया। पशुपालन विभाग की ओर से नए किए गए पशु बीमा वितरित करवाए गए। स्वास्थ्य विभाग ने अपनी नई पहल के तहत टीबी मरीज को भामाशाह की ओर से पोषण किट वितरित करवाए गए। इस दौरान सराड़ा प्रधान बसंती देवी मीणा, एसडीएम मिलेश कुमार, अतिरिक्त विकास अधिकारी केदारनारायण चौधरी, सरपंच जीवराम मीणा, बीडीओ जुगल पटेल, कनिष्ठ सहायक रजनीश चतुर्वेदी आदि मौजूद रहे।

**सलूम्बर.** पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के तहत जिले की चयनित ग्राम पंचायतों में गुरुवार को अभियान के तीसरे दिन शिविरों का आयोजन किया गया। जिला कलक्टर अवधेश मीणा ने लसाड़िया के पठार में शिविर का निरीक्षण किया। इस दौरान कलक्टर ने प्रत्येक स्टॉल पर जाकर उपस्थित अधिकारियों और कार्मिकों से उनकी ओर से किए जा रहे कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने चिकित्सा विभाग के डेस्क पर जाकर दी जा रही दवाइयों की जानकारी ली एवं विभिन्न टेस्ट के बारे में पूछा। इसके बाद कृषि विभाग से मृदा स्वास्थ्य कार्ड में पंजीकरण, पाइपलाइन, फार्म पौंड, तारबंदी, कृषि यंत्र, बीज मिनी किट आदि की जानकारी ली। उन्होंने जलदाय विभाग और विद्युत विभाग को विशेष रूप से निर्बाध बिजली देने के निर्देश दिए। बिजली व जलदाय विभाग को समन्वय स्थापित करते हुए सेवाओं को नियमित रखने को कहा। शिविर में विद्यालयों में प्रवेशोत्सव के दौरान नवीन नामांकन वाले बच्चों का कलक्टर ने माला पहनाकर, तिलक लगाने के साथ गुड़ खिलाकर मुंह मीठा करवाया।

## पारदर्शिता के साथ हो त्वरित समाधान

निरीक्षण के दौरान जिला कलक्टर अवधेश मीणा ने विभिन्न काउंटरों पर जाकर लाभार्थियों से बातचीत की और उनकी समस्याओं को सुना। उन्होंने कर्मचारियों की उपस्थिति, आवेदन प्रक्रिया और आवश्यक सुविधाओं जैसे पेयजल व छाया का जायजा लिया। कलक्टर ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि शिविर में आने वाले हर व्यक्ति की बात को संवेदनशीलता से सुना जाए और उनकी समस्याओं का त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण समाधान किया जाए।


27/06/2025 | Udaipur Zila | Page : 6
Source : https://epaper.patrika.com/

# घाटा शिविर का सलुम्बर जिला कलेक्टर ने किया निरीक्षण

## लसाड़िया ब्लॉक में धली को मिला नया नाम धुली,कालू ने भी बदलवाया अपना नाम, अब होगा खेमा पिता कालू

## जिला कलेक्टर अवधेश मीना व तहसीलदार रामजीलाल का ग्रामीणों ने जताया आभार



**राजस्थान दर्शन**

लसाड़िया/सलूम्बर। मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाडे के तहत लसाड़िया उपखंड क्षेत्र में गुरुवार को अभियान के तीसरे दिन शिविर का आयोजन किया गया। जिला कलेक्टर अवधेश मीना ने लसाडिया के ग्राम घाटा में गुरुवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय सम्बल पखवाड़ा के अंतर्गत आयोजित शिविर में विभिन्न विभाग द्वारा संचालित स्टॉल का निरीक्षण किया। इस दौरान जिला कलेक्टर ने प्रत्येक स्टॉल पर जाकर उपस्थित अधिकारियों और कार्मिकों से उनके द्वारा किए जा रहे कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को पात्रतानुसार और सरकार की मंशानुरूप लाभ प्रदान करवाए जाएं। उन्होंने कहा कि पखवाड़े का उद्देश्य अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। उन्होंने चिकित्सा विभाग के डेस्क पर जाकर दी जा रही दवाईयों की जानकारी ली एवं विभिन्न टेस्ट्स के बारे में पूछा। इसके पश्चात उन्होंने कृषि विभाग से मृदा स्वास्थ्य कार्ड में पंजीकरण, पाइपलाइन, फार्म पौंड, तारबंदी, कृषि यंत्र, बीज मिनीकिट आदि की जानकारी ली। उन्होंने जलदाय विभाग और विद्युत विभाग को विशेष रूप से निर्बाध बिजली देने के निर्देश दिए। उन्होंने बिजली व जलदाय विभाग को समन्वय स्थापित करते हुए सेवाओं को नियमित रखने के निर्देश दिए। शिविर में विद्यालयों में प्रवेशोत्चस के दौरान नवीन नामांकन वाले बच्चों का जिला कलक्टर ने माला पहनाकर, तिलक लगाने के साथ गुड खिलाकर मुंह मीठा करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया एवं शिविर में विभिन्न योजनाओं से पात्र व्यक्तियों को लाभावित किया एवं मौके पर ही जन समस्याओं का भी समाधान किया। इस मौके पर जिला कलक्टर ने उपस्थित अधिकारियों से कहा कि राज्य सरकार की विभिन्न जन कल्याणकारी योजना में पात्र व्यक्तियों को लाभावित कर हर जरूरतमंद एवं पात्र व्यक्तियों को योजनाओं का लाभ पहुंचाए। उन्होंने ग्रामीणजों से आव्हान किया कि वे इन शिविरों में अधिकाधिक पंजीकरण करवाकर योजनाओं का लाभ लें। जहां भी आगामी शिविर आयोजित होने है, उन ग्राम पंचायतों के अधीन आने वाले ग्रामों में प्रचार-प्रसार करें और विभिन्न विभागों द्वारा किए जाने वाले कार्यों एवं ग्रामीणों की समस्याओं के निस्तारण करने के संबंध में जानकारी दे ताकि वे इन शिविरों के माध्यम से लाभ उठा सके। उन्होंने कहा कि अधिकारी अपने कर्तव्य निष्ठा से नियमानुसार कार्य करें और प्रार्थी को कार्यों के संबंध में स्पष्ट व सही जानकारी प्रदान करें।

# बरसो की प्रतीक्षा हुई खत्म शिविर में मिले हाथों हाथ मालिकाना हक के पट्टे

## शिविरों में जनता की उम्मीदों को मिल रहा संबल- जोशी

## भाजपा जनप्रतिनिधियों , एसडीएम ने किया बस्सी शिविर का निरक्षण



**राजस्थान दर्शन**

सलूंबर। बस्सी ग्राम पंचायत में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के तहत आयोजित शिविर का सलूंबर एसडीएम परमजीत सिंह चौहान,जिला उपाध्यक्ष चंद्रशेखर जोशी ,सलूंबर पंचायत समिति उप प्रधान देवेंद्र सिंह अजबावत ने निरीक्षण कर शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा ग्रामीणों के प्रतिवेदनों ,प्रार्थना पत्रों ओर शिकायतों के निस्तारण की कार्यवाही का निरक्षण किया । इस अवसर पर बोलते हुए जिला उपाध्यक्ष चंद्रशेखर ने कहा कि भाजपा की भजन लाल सरकार ने अंत्योदय के भाजपा के मूल मंत्र को धरातल पर इन शिविरों के माध्यम से उतारने का भगीरथ प्रयास किया है । इन शिविरों के माध्यम से जनता अपनी उम्मीदों के दस्तावेज रख रही है और विभिन्न विभाग सर्वोच्च प्राथमिकता रख सेवा भावना से जनता को संबल प्रदान कर रहे है। एसडीएम परमजीत सिंह ने कहा कि शिविर में विभाग पीपुल्स फ्रेंडली एडमिनिस्ट्रेशन की छवि पेश करे । इस अवसर पर एसडीएम परमजीत सिंह,जिला उपाध्यक्ष चंद्रशेखर जोशी,उप प्रधान देवेंद्र सिंह,विकास अधिकारी जितेंद्र सिंह,शिविर प्रभारी राजेश गुरसाहनी, नायब तहसीलदार हरिप्रकाश मीणा,प्राचार्य कपिल मेहता,सरपंच थापू देवी ,उप सरपंच दौलत सिंह,सचिव हितेंद्र सिंह ने पंचायत परिसर में वृक्षारोपण किया। शिविर में बरसो से प्रतीक्षारत 12 परिवारों को मकान के पट्टे वितरित किए ,मक्का बीज वितरण किया गया एवं नव शैक्षणिक सत्र में प्रवेश करने वाले बालक बालिकाओं का सम्मान किया गया।

# सफलता की कहानी : पंडित दीनदयाल उपाध्याय सम्बल पखवाड़ा

**सच बेखौफ**

सलूंबर। पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के तहत सलूंबर जिले की ग्राम पंचायत धोलिया में आयोजित शिविर ग्रामीणों के लिए बड़ी राहत लेकर आया। शिविर में तहसीलदार रामजी लाल गुर्जर एवं राजस्व विभाग के अधिकारियों ने विशेष भूमिका निभाई प्राथी खेमा पिता कालू ग्राम धोलिया तहसील लसाडिया का निवासी ने बताया कि जमाबंदी में मेरा नाम कालू पिता खेमा ( जबकि मेरा नाम खेमा पिता कालू) हो गया है। जिसके कारण मुझे पीएम किसान सम्मान निधि, केसीसी लोन, भूमि समतलीकरण आदि सरकारी योजनाओं का लाभ नही मिल पा रहा था। ग्राम पंचायत धोलिया में पंडित दीनदयाल उपाध्याय सम्बल पखवाड़ा कैम्प का पता चला तो मैं कैम्प में तहसीलदार रामजी लाल गुर्जर से मिला और मेरी व्यथा बताई। तहसीलदार साहब ने तुरन्त पटवारी रमेश मीणा व भू. अ. नि. गौतम लाल को बुलाकर शुद्धि पत्र भरवाकर मेरी समस्या का समाधान किया। अब मैं भी अन्य किसानों की तरह पीएम किसान सम्मान निधि, केसीसी लोन, भूमि समतलीकरण आदि सरकारी योजनाओं के लाभ हेतु पात्र हो गया हूँ। जिससे मुझे बहुत खुशी मिली है। पंडित दीनदयाल उपाध्याय सम्बल पखवाड़ा के शिविर के लिए मैं माननीय प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री और प्रशासन को बहुत-बहुत धन्यवाद देता हूँ।

दैनिक भास्कर उदयपुर जिला 27-06-2025

# खातेदार का नाम सही किया, सरकारी योजनाओं का रास्ता खुला

सलूंबर| पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा किसानों के लिए राहत लेकर आया। ग्राम पंचायत परसाद की खातेदार अम्बावी पत्नी रामाजी मीणा को वर्षों से राजस्व रिकॉर्ड में नाम की गलती से परेशानी हो रही थी। सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा था। कृषि कार्य भी प्रभावित हो रहे थे।

शिविर में अम्बावी ने अपनी समस्या रखी। तहसीलदार सराड़ा आस्थारानी बामनिया के निर्देशन में राजस्व टीम ने जांच की। रिकॉर्ड और मौतबिरानों से पूछताछ के बाद मामला सही पाया गया। अम्बावी का नाम पहले अम्बावी पुत्र नाथु मीणा दर्ज था। इसे सुधारकर अम्बावी पत्नी रामाजी मीणा किया गया। खाता संख्या 643 में नाम शुद्ध कर नामांतरण दर्ज किया गया। सराड़ा प्रधान बसंती देवी मीणा की उपस्थिति में शुद्धि प्रमाण-पत्र जारी किया गया। शिविर का निरीक्षण उपखंड अधिकारी निलेश कलाल ने किया। सरपंच बदकी देवी और अन्य कर्मचारियों ने ग्रामीणों के कार्यों में सहयोग किया।

# राहत का मानसून बन आया पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा

# संभागीय आयुक्त उदयपुर प्रज्ञा केवलरमानी एवं अतिरिक्त संभागीय आयुक्त सी आर देवासी तथा जिला कलेक्टर ने गातोड़ में किया दीनदयाल अन्त्योदय संबल पखवाड़ा शिविर का निरीक्षण









# संभागीय आयुक्त ने किया शिविर का अवलोकन

## शिविर मे 20 वर्षो पुराना राजस्व रिकॉर्ड मे लगा बैंक दाखिला हटने से राजस्थान सरकार का जताया आभार

राजस्थान दर्पण



जयसमंद पंचायत समिति जयसमंद के नालेड़ ग्राम पंचायत के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा व धरती आबा शिविर का संभागीय आयुक्त प्रज्ञा केवल रमानी, अतिरिक्त संभागीय आयुक्त ...कुमार जिला कलक्टर अशोक मीणा, अतिरिक्त जिला कलक्टर राजकमरी ..., जिला शिक्षा अधिकारी महेश आमेटा, सराड़ा तहसीलदार आस्था बामणिया, जयसमंद नायब तहसीलदार रमेश चंद मंडोरा, ब्लॉक शिक्षा अधिकारी अशोक जोशी, पंचायत समिति जयसमंद अतिरिक्त विकास अधिकारी सुरेश चंद खटीक तथा नालेड़ सरपंच हमीर लाल मीणा की उपस्थिति में किया गया है। शिविर में सर्वप्रथम विद्यालय प्रवेशोत्सव और बालिका जन्मोत्सव का आयोजन किया गया जिसके तहत संभागीय आयुक्त, जिला कलक्टर, जिला शिक्षा अधिकारी, ब्लॉक शिक्षा अधिकारी और स्थानीय संस्था प्रधान ने नवीन प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों का तिलक लगाकर स्वागत करते हुए पुस्तकें और नोट बुक वितरित की। संभागीय आयुक्त ने विद्यालय की आवश्यकता हेतु पौधारोपण का स्वागत किया है। संभागीय आयुक्त द्वारा विद्यालय परिसर में पौधारोपण किया गया। शिविर में ग्राम नालेड़ के खातेदार कालूराम पिता पूंजा मीणा का राजस्व रिकॉर्ड में आईसीआईसीआई बैंक इत्यादि पूर्व बैंक का नाम दी राजस्थान बैंक नाम से लोन दर्ज था जिसके कारण प्रार्थी लोन नहीं ले पा रहा था राजस्व रिकॉर्ड में बैंक दाखिला हटाने के लिये पिछले 20 वर्षों से बैंक और विभाग के चक्कर काट रहा जिसे कैम्प-स्थल पर कैम्प प्रभारी रमेश चंद मंडोरा उपखण्ड अधिकारी सराड़ा जयसमंद के निर्देशन पर राजस्व टीम आई भू-अभिलेख मीणा पटवारी ललित पटेल, सुरेश मीणा ने राजस्व रिकॉर्ड की जांच कर राजस्व रिकॉर्ड में बैंक दाखिला हटा कर प्रार्थी को राहत प्रदान की। प्रार्थी द्वारा कैम्प के माध्यम से राजस्थान सरकार का आभार जताया। शिविर में 21 मृदा कार्ड, 1 जल कनेक्शन, 38 पेंशन सत्यापन, 38 आधार सीडिंग, 41 ई-केवाईसी, 80 पंजीकरण, 100 पशुओं का टीकाकरण, 10 विद्युत पोल की मरम्मत, 10 नवीन पेंशन स्वीकृति, 12 नामांतरण, 5 बटवारा, 11 सीमाज्ञान, 10 बीज किट, 8 संस्थाओं की सफाई, 28 पीएमजेएवाई ई-केवाईसी की गई है। इस अवसर पर विद्युत विभाग सहायक अभियंता सुरेन्द्र सिंह भाटी, भू-अभिलेख निरीक्षक भगवतीलाल मीणा, जगदीश खटीक, पटवारी ललित पटेल, सुरेश मीणा, ग्राम विकास अधिकारी नरेन्द्र प्रजापत, विजयपाल मीणा, शारीरिक शिक्षक अमर लाल पटेल, पंचायत शिक्षक कालाराम मीणा, हीरा लाल मीणा, अध्यापक लक्ष्मण लाल मीणा, कृषि पर्यवेक्षक नयन आमेटा, जनप्रतिनिधि, ग्रामीण उपस्थित रहे।

# राहत का मानसून बन आया पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा

**सच बेखौफ**

सलूंबर। भीषण गर्मी के बाद मानसून की पहली फुहारें जिस तरह राहत लेकर आती हैं, ठीक उसी तरह राज्य सरकार का पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा ग्रामीण अंचल में आमजन के लिए "राहत का मानसून" बनकर आया है। 24 जून से 9 जुलाई तक चल रहे इस पखवाड़े के तहत आयोजित शिविरों में ग्रामीणों को विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का सीधा और त्वरित लाभ मिल रहा है, और उनकी समस्याओं का "मौके पर ही समाधान" किया जा रहा है। शिविरों की समीक्षा करने के लिए संभागीय आयुक्त उदयपुर प्रज्ञा केवलरमानी एवं अतिरिक्त संभागीय आयुक्त सी आर देवासी तथा जिला कलेक्टर अवधेश मीना ने ग्राम पंचायत गातोड़ में शुक्रवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय सम्बल पखवाड़ा के अंतर्गत आयोजित शिविर में विभिन्न विभाग द्वारा संचालित स्टॉल का निरीक्षण किया। इस दौरान संभागीय आयुक्त ने प्रत्येक स्टॉल पर जाकर उपस्थित अधिकारियों और कार्मिकों से उनके द्वारा किए जा रहे कार्यों की जानकारी ली। अतिरिक्त जिला कलेक्टर राजलक्ष्मी गहलोत ने इस दौरान पंडित दीनदयाल उपाध्याय पखवाड़ा के तहत जिले में अब तक शिविर की प्रगति की जानकारी दी तथा स्वागत उद्बोधन दिया। पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय शिविरों की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि ग्रामीणों की वर्षों पुरानी समस्याओं का तुरंत समाधान हो रहा है। चाहे वह "जमाबंदी का शुद्धिकरण" हो, "आपसी सहमति से रास्ते के विवादों का निपटारा" हो, या फिर "जाति प्रमाण पत्र और स्वामित्व कार्ड" का तुरंत वितरण हो, हर जगह ग्रामीणों को त्वरित राहत मिल रही है। शिविरों में कई ग्रामीणों को उनके स्वामित्व कार्ड मिलने से उनकी भू-संपत्ति पर कानूनी हक मिल रहा है।इसके अतिरिक्त सामाजिक सुरक्षा पेंशन के आवेदन, खाद्य सुरक्षा योजना में नाम जोड़ने, और अन्य राजस्व संबंधी कार्य भी बड़ी संख्या में निपटाए जा रहे हैं। गातोड़ शिविर में राजस्व विभाग के नामांतरण12, बटवारा 5,सीमाज्ञान 11 तथा पंचायती राज विभाग के पेंशन सत्यापन 35,पेंशन स्वीकृत 10,जॉब कार्ड 2, कृषि विभाग के मृदा कार्ड 21,बीज किट 10 ऊर्जा विभाग के ढीले तार को सही किये 8, टेढ़े पोल 10 सही किए। इस दौरान संभागीय आयुक्त ने रंभा की गोदभराई कराई तथा कनिष्का का अन्न प्रासन करवाया गया और संभागीय आयुक्त ने केक काटकर यशिका का बालिका जन्मोत्सव मनाया गया इस दौरान सभी ने ताली बजाकर स्वागत किया एवं प्रवेशोत्सव मनाया गया। इस दौरान चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा निश्चय पोषण के तहत रमेश पिता लालूराम को 10 किलो गेहूं का कीट संभागीय आयुक्त द्वारा दिया गया। इस दौरान संभागीय आयुक्त ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को पात्रतानुसार और सरकार की मंशानुरूप लाभ प्रदान करवाए जाएं। उन्होंने कहा कि पखवाड़े का उद्देश्य अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। जिला कलक्टर अवधेश मीना ने कहा कि इस अभियान का उद्देश्य है कि प्रत्येक व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ बिना किसी बाधा के पहुंचे। शिविरों में विभागीय समन्वय और सेवा वितरण की गुणवत्ता सुनिश्चित करना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है। पखवाड़े का उद्देश्य आमजन तक सरकारी सेवाओं को पहुंचाना, समस्याओं का स्थल पर ही समाधान करना और ग्रामीण जीवन में सहूलियत बढ़ाना है। शिविरों का संचालन 9 जुलाई तक प्रतिदिन सुबह 9:30 से शाम 5:30 बजे तक किया जाएगा। इस दौरान संभाग्य आयुक्त प्रज्ञा केवलरमानी, अतिरिक्त संभागीय आयुक्त सी आर देवासी, जिला कलेक्टर अवधेश मीना, अतिरिक्त जिला कलक्टर राजलक्ष्मी गहलोत,तहसीलदार आस्था रानी बामनिया,नायब तहसीलदार रमेश चंद्र ननोमा, सीएमएचओ डॉ महेन्द्र परमार, टीएडी विभाग वेद प्रकाश,अतिरिक्त विकासअधिकारी सुरेश चंद्र खटीक,सरपंच:- हमीर लाल मीणा,ग्राम विकास अधिकारी गजेंद्र प्रजापत, विजय पाल मीणा,भू अभिलेख निरीक्षक मावालाल जी मीना, जसोदा खटीक,पटवारी ललित पटेल,भूपेश मीणा सहित अन्य उपस्थित रहे।

दैनिक भास्कर उदयपुर जिला 28-06-2025

# विद्यालय प्रवेशोत्सव, बालिका जन्मोत्सव व पौधरोपण के साथ अंत्योदय शिविर संपन्न



जयसमंद | जयसमंद ब्लॉक के गातोड़ ग्राम पंचायत की राउमावि में शुक्रवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल शिविर लगा।

संभागीय आयुक्त प्रज्ञा केवलरमानी, सलूंबर कलेक्टर अवधेश मीणा, एडीएम राजलक्ष्मी गहलोत, जिला शिक्षा अधिकारी महेश आमेटा, सराड़ा तहसीलदार आस्था बामनिया, नायब तहसीलदार रमेशचंद्र ननोमा, सीबीईओ अशोक जोशी, अतिरिक्त विकास अधिकारी सुरेश चंद्र खटीक व सरपंच रमेशलाल मीणा उपस्थित रहे। विद्यालय प्रवेशोत्सव और बालिका जन्मोत्सव मनाया। अतिथियों ने नवीन प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों का तिलक लगाकर स्वागत किया तथा पुस्तकें और नोट बुक वितरित की। उदयपुर संभागीय आयुक्त ने विद्यालय की भामाशाह इंद्रा चौहान का सम्मान किया। शिविर में 21 मृदा कार्ड ,1 जल कनेक्शन, 38 पेंशन सत्यापन, 38 आधार सीडिंग, 41 ई-केवायसी, 80 पौध वितरण, 100 पशुओं का टीकाकरण, 10 विद्युत पोल की मरम्मत, 10 नवीन पेंशन स्वीकृति, 12 नामांतरण, 5 बटवारा, 11 सीमाज्ञान, 10 बीज किट, 8 शौचालयों की सफाई, 28 पीएमजेएवाय केवाईसी की गई। एईएन भूपेन्द्र सिंह भाटी, भू अभिलेख से मावालाल मीणा,जशोदा खटीक,पटवारी ललित पटेल ,भूपेश मीणा,सचिव गजेंद्र प्रजापत, विजयपाल मीणा, शारीरिक शिक्षक अमरलाल पटेल, पंचायत शिक्षक कन्हाराम मीणा, हीरालाल मीणा, अध्यापक लक्ष्मण मीणा मौजूद रहें।

इसी तरह ब्लॉक की गामड़ी ग्राम पंचायत में शिविर का आयोजन जयसमंद बीडीओ दयाचन्द यादव, अतिरिक्त विकास अधिकारी इन्द्र सिंह, सरपंच भूरी मीणा, उपसरपंच रतन सिंह, की मौजूदगी में संपन्न हुआ।

पत्रिका

पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा

# शिविर में कई काम लेकर पहुंचे ग्रामीण, हुए पूरे तो खिले चेहरे

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**जयसमंद.** क्षेत्र की गातोड़ ग्राम पंचायत के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल शिविर का आयोजन हुआ। जिसका संभागीय आयुक्त प्रज्ञा केवलरमानी व सलूम्बर जिला कलक्टर अवधेश मीणा ने निरीक्षण किया। शिविर में सर्वप्रथम विद्यालय प्रवेशोत्सव और बालिका जन्मोत्सव मनाया गया। संभागीय आयुक्त, जिला कलक्टर, जिला शिक्षा अधिकारी, ब्लॉक शिक्षा अधिकारी और स्थानीय संस्थाप्रधान ने नवीन प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों का तिलक लगाकर स्वागत किया। संभागीय आयुक्त ने विद्यालय की भामाशाह इंद्रा चौहान का स्वागत किया। शिविर मे 21 मृदा कार्ड, 1 जल कनेक्शन, 38 पेंशन सत्यापन, 38 आधार सीडिंग, 41 ई-केवाइसी, 80 पौधों का वितरण, 100 पशुओं का टीकाकरण, 10 विद्युत पोल की मरम्मत, 10 नवीन पेंशन स्वीकृति, 12 नामांतरण, 5 बंटवारा, 11 सीमा ज्ञान, 10 बीज किट, 8 शौचालयों की सफाई आदि कार्य किए गए। इस दौरान एडीएम राजलक्ष्मी गहलोत, जिला शिक्षा अधिकारी महेश आमेटा, सराड़ा तहसीलदार आस्था बामनिया, जयसमंद नायब तहसीलदार रमेशचंद्र ननोमा, मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी अशोक जोशी, अतिरिक्त विकास अधिकारी सुरेशचंद्र खटीक, गातोड़ सरपंच हमीरलाल मीणा आदि मौजूद रहे।




## एडीएम ने झरमाल शिविर का किया निरीक्षण

**सलूम्बर.** अतिरिक्त जिला कलक्टर राजलक्ष्मी गहलोत ने शुक्रवार को ग्राम पंचायत झरमाल में आयोजित पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा शिविर का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने पीएचईडी, राजस्व, चिकित्सा, समाज कल्याण, श्रम विभाग, जल संसाधन विभाग, शिक्षा, सार्वजनिक निर्माण विभाग, महिला एवं बाल विकास सहित अन्य विभागों की ओर से दी जा रही सेवाओं का जमीनी स्तर पर जायजा लिया। साथ ही अधिकारियों को अधिक से अधिक लोगों को योजनाओं से राहत पहुंचाने के निर्देश दिए। एडीएम ने वहां उपस्थित लोगों से भी संवाद किया।

28/06/2025 | Udaipur Zila | Page : 9
Source : https://epaper.patrika.com/

पत्रिका

# जैन मंदिर में दो दिन धर्म प्रभावना के बाद माताजी संघ का विहार



धर्मसभा में उद्बोधन देती आर्यिका माताजी। गींगला

**पत्रिका न्यूज नेटवर्क**
patrika.com

**गींगला.** आचार्य विद्यासागर महाराज ससंघ की आर्यिका विज्ञानमति माताजी की शिष्या आर्यिका शरणमति माताजी, आर्यिका उदितमति माताजी, आर्यिका रजतमति माताजी का शुक्रवार को भींडर चातुर्मास के लिए विहार हुआ। समाजजनों ने बताया कि दो दिन पूर्व आदिनाथ दिगम्बर जैन मन्दिर गींगला में आर्यिका माताजी का आगमन हुआ। जहां धर्म प्रभावना के बाद शुक्रवार शाम को गुडेल, बम्बोरा होते हुए मंगल विहार किया गया। आर्यिका माताजी ने अपने प्रवचनों में बताया कि बड़े-बड़े मकान, अच्छा जिनालय सब कुछ है, लेकिन अधिकतर परिवार के सिर्फ बुजुर्ग लोग ही यहां हैं। बेटे, बहू और पोते मुम्बई में रहते हैं तो आप सभी अधिकांश समय धर्म आराधना करने में बिताएं। मुम्बई में रहने जाए तो चुप ही रहे। बहू ने जो बनाया, वह चुपचाप खा लें, पूछे तो भी नहीं बताए। बोले कि तुम्हारी जो मर्जी हो बना लो। कारण यह कि आज की युवा पीढ़ी अपनी आजादी में दखलंदाजी बिल्कुल भी पसंद नहीं करती है। अगर आपने कहा कि यह बना दो और अगर बहू वह नहीं बना पाई तो तुम्हें लगेगा कि जब अपनी मर्जी का ही बनाना था तो फिर पूछा क्यों, इससे और अधिक क्लेश होगा। रात्रि विश्राम गुडेल और फिला के बीच में कराकला के सरकारी स्कूल में होगा।

28/06/2025 | Udaipur Zila | Page : 9
Source : https://epaper.patrika.com/

दैनिक नवज्योति aas pas - 28 Jun 2025 - Page 7

# अंत्योदय शिविर में चार अनाथ बच्चों को मिला संबल





**नवज्योति न्यूज/गोगुंदा।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल शिविर के तहत शुक्रवार को गोगुन्दा तहसील में मादा, छाली, सायरा तहसील में कुण्डलावास सहित समस्त ग्राम पंचायत में शिविर हुए।

छाली ग्राम पंचायत के शिविर में चार अनाथ बच्चों को राज्य सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं में त्वरित लाभ प्राप्त हुआ। सामाजिक सुरक्षा अधिकारी प्रवीण पानेरी ने त्वरित कार्रवाई करते बच्चों की मां मोहनी बाई का नाता प्रमाण पत्र जारी करवाने की कार्रवाई की साथ ही चारों बच्चों को राज्य सरकार की विभिन्न सामाजिक सुरक्षा योजनाओं यथा पालनहार योजना एवं दिव्यांग बालिका को विशेष योग्यजन पेंशन योजना में लाभ देने के लिए उनके जन्म प्रमाण पत्र में आधार नंबर जोड़ने के साथ आधार कार्ड बनवाने एवं दिव्यांग आशा का विशेष योग्यजन प्रमाण पत्र बनवाने हेतु स्वावलंबन पोर्टल पर आवेदन करवाने की प्रक्रिया प्रारंभ की। इन बच्चों को विभिन्न सामाजिक सुरक्षा योजनाओं अंतर्गत लगभग 6000 प्रति माह की राशि प्राप्त हो सकेगी।

**नवज्योति, जयसमंद।** पंचायत समिति जयसमंद के गातोड़ ग्राम पंचायत के राउमावि में संभागीय आयुक्त प्रज्ञा केवल रमानी, अतिरिक्त संभागीय आयुक्त सलूंबर कलक्टर अवधेश मीणा, अतिरिक्त कलक्टर राजलक्ष्मी गहलोत, जिला शिक्षा अधिकारी महेश आमेटा, सराड़ा तहसीलदार आस्था बामनिया, जयसमंद नायब तहसीलदार रमेश चंद्र ननोमा, ब्लॉक शिक्षा अधिकारी अशोक जोशी, पंचायत समिति जयसमंद अतिरिक्त विकास अधिकारी सुरेश चंद्र खटीक तथा गातोड़ सरपंच हमीर लाल मीणा की उपस्थिति में शिविर लगाया गया। नवीन प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों का तिलक लगाकर स्वागत करते हुए पुस्तकें और नोट बुक वितरित की। संभागीय आयुक्त द्वारा विद्यालय परिसर में पौधरोपण किया गया। शिविर में ग्राम पादरड़ा के खातेदार कालूराम पुत्र पूंजा मीणा का राजस्व रिकॉर्ड में आईसीआईसीआई बैंक झाड़ोल पूर्व बैंक का नाम दी राजस्थान बैंक नाम से लोन दर्ज था, जिसके कारण प्रार्थी लोन नहीं ले पा रहा था। केम्प प्रभारी रमेश चंद्र ननोमा उप तहसीलदार सराड़ा जयसमंद के निर्देशन पर राजस्व टीम आरआई मायाराम मीणा पटवारी ललित पटेल, भूपेश मीणा ने राजस्व रिकार्ड की गहन जांच कर राजस्व रिकॉर्ड मे बैंक दाखिला हटा कर प्रार्थी को राहत प्रदान की। शिविर में 21 मृदा कार्ड, 1 जल कनेक्शन, 38 पेंशन सत्यापन, 38 आधार सीडिंग, 41 ई केवाइसी, 80 पौध वितरण, 100 पशुओं का टीकाकरण ,10 विद्युत पोल की मरम्मत, 10 नवीन पेंशन स्वीकृति, 12 नामांतरण, 5 बंटवारा, 11 सीमाज्ञान, 10 बीज किट, 8 शौचालयों की सफाई, 28 पीएमजेएवाई ई केवाइसी की गई।

**नवज्योति, लूणदा।** निकटवर्ती ग्राम पंचायत अमरपुरा जागीर में तहसीलदार सतीश चन्द्र श्री पाटीदार ने पंचायत मुख्यालय से सीधा सम्पर्क रखने वाला मुख्य रास्ता संग्रामपुरा से गडपुरा के भैरूजी मंदिर वाले रास्ते को खुलवाया। ग्रामीणों की मांग पर तहसीलदार ने पुलिस जाब्ते की मौजूदगी के अतिक्रमण को हटाया। इस दौरान पटवारी सहित ग्रामीण मौजूद रहे।

**नवज्योति/सराड़ा।** पंचायत समिति सराड़ा की ग्राम पंचायत डेलाई में पिताजी की मृत्यु के बाद भाइयों ने दो हिस्से अलग-अलग खातेदारों को बेच दिए। छोटा भाई अपने मूल ग्राम हरियाणा चला गया। केम्प की सूचना मिलनेपर करीब 1000किलोमीटर से दूर आकर सहमति विभाजन करवाया। कैम्प में तहसीलदार सराड़ा आस्थारानी बामणिया, सराड़ा बीडीओ जितेन्द्र सिंह, सरपंच शंकरलाल मीणा, आरआई महेन्द्र मीणा, पटवारी अरविन्द मीणा उपस्थित रहे।

## विद्युत कनेक्शन लेते देख महिला हुई भावुक



**नवज्योति/खेरवाड़ा।** अंत्योदय संबल पखवाड़ा के तहत शुक्रवार को पंचायत समिति खेरवाड़ा की ग्राम पंचायत बड़ला, पोगरा कला एवं सुन्दरा में शिविर आयोजित किए गए। ग्राम पंचायत बड़ला में विद्युत कनेक्शन हेतु पात्र परिवारों का सर्वे किया गया, जिसमें 1 पात्र बीपीएल परिवार शंकरलाल पुत्र अमरा मीणा निवासी झोसावाड़ा जिनके घर में बिजली नहीं होने से काफी दिनों से परेशान थे को हाथों हाथ घर का विद्युत कनेक्शन कराया। कनेक्शन पाकर परिवार की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। शिविर में पेंशन सत्यापन 11, शौचालय स्वीकृति 1, आयुष्मान भारत कार्ड 6 जारी किए गए। ग्राम पंचायत बड़ला की सरपंच टीना मीणा, सुंदरा सरपंच सुप्रिया मीणा, पोगरा सरपंच संगीता डामोर आदि उपस्थित रहे।

**सलूंबर।** ग्राम पंचायत झरमाल प स झल्लारा में पंडित दीनदयाल उपाध्याय पखवाड़ा में कृषि विभाग द्वारा मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना के तहत संतोष कटारा द्वारा घर घर जाकर मृदा नमूना लिया, मृदा स्वास्थ्य कार्ड वितरित किए गए।

**फतहनगर।** उपाध्याय अन्तोदय सम्बल पखवाड़ा एवं धरती आम्बा जन भागीदारी अभियान का शिविर का मावली पंचायत समिति क्षेत्र की ग्राम पंचायत घासेड़ी में शिविर लगाया गया। शिविर का शुभारंभ मावली तहसीलदार भंवर लाल मीणा एवं ग्राम पंचायत प्रशासक सुमित्रा जाट ने सरस्वती माता के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। इस शिविर में राजस्व पंचायतीराज, ग्रामीण विकास विभाग, कृषि विभाग, खाद्य विभाग, चिकित्सा विभाग आदि के लाभार्थियों को लाभान्वित किया गया। शिविर के दौरान दस वर्षों से बन्द रास्ता खुलवाया गया। स्वामित्व प्रमाण पत्र वितरण किए गए,170 लोगों को पशु बीमा पोलिसी वितरित की गई। इस दौरान मावली तहसीलदार भंवर लाल मीणा, ग्राम पंचायत घासेड़ी प्रशासक सुमित्रा जाट, मोहनलाल जाट, भीम सिंह चूंडावत, नेता प्रतिपक्ष पंचायत समिति मावली सीबीओ एवं सभी प्रशासनिक विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी गण उपस्थित है।



# खबरें फटाफट

# अतिरिक्त जिला कलेक्टर ने ग्राम पंचायत झरमाल में चल रहे शिविर का किया औचक निरीक्षण

**सच बेखौफ**

सलूंबर। अतिरिक्त जिला कलेक्टर राजलक्ष्मी गहलोत ने शुक्रवार ग्राम पंचायत झरमाल में आयोजित पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाडा शिविर का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पीएचईडी, राजस्व, चिकित्सा, समाज कल्याण, श्रम विभाग, जल संसाधन विभाग, शिक्षा, सानिवि, महिला एवं बाल विकास सहित अन्य विभागों द्वारा दी जा रही सेवाओं का जमीनी स्तर पर जायजा लिया व उपस्थित अधिकारियों को अधिक से अधिक लोगों को योजनाओं से राहत पहुचाने के निर्देश भी दिये। उन्होंने इस दौरान वहां उपस्थित लोगों से दी जा रही सेवाओं की जानकारी ली व अधिकारियों को समय पर उपस्थित होकर पखवाडे को सफल बनाने के निर्देश भी दिये। अतिरिक्त जिला कलेक्टर ने कहा कि पखवाडे का उद्देश्य अंतिम पंक्ति में बैठे लोगों को लाभान्वित कर अन्त्योदय के मूल उद्देश्य को चरितार्थ करना है।

# धली बनी पुनः धुली राजस्व विभाग की त्वरित पहल

■ सच बेखौफ

सलूंबर। पंडित दीन दयाल उपाध्याय पखवाडा शिविर ग्राम पंचायत धावड़ी के भारत निर्माण राजीव गांधी सेवा केन्द्र पर आयोजित किया गया। इस दौरान लाभार्थी ने बताया कि मैं धुली पत्नी डूंगा, जाति डांगी, निवासी धावड़ी, तहसील लसाड़िया, जिला सलूम्बर (राज.) की निवासी हूं, वक्त सेग्रीगेशन में संहवन से जमाबंदी में मेरा नाम धली पत्नी डूंगा दर्ज हो गया जिसके कारण मुझे पीएम किसान सम्मान निधी, केसीसी लोन, भूमि समतलीकरण आदि अन्य सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा था। पंडित दीनदयाल उपाध्याय पखवाड़ा में आयोजित हुए शिविर की जानकारी प्राप्त होते ही मैं शिविर में तहसीलदार रामजी लाल गुर्जर के समक्ष उपस्थित होकर अपनी व्यथा सुनाई, जिससे तहसीलदार ने संवेदनशीलता दिखाते हुए पटवारी कमलेश मीणा एवं भू.अ. निरीक्षक गौतम लाल मीणा द्वारा तत्काल शुद्धि पत्र भरवाकर मेरी समस्या का समाधान करवाया। अब मुझे भी अन्य किसानों की भांती सभी सरकारी योजनाओं का लाभ मिल सकेगा। उक्त कार्य के लिए मैं माननीय प्रधानमंत्री जी, मुख्यमंत्री जी, और राजस्व विभाग का बहुत-बहुत धन्यवाद, आभार व्यक्त करती हूं।

# घर घर जाकर मृदा के लिए नमूने एवं मृदा स्वास्थ्य कार्ड वितरित किए

■ सच बेखौफ

गांव रामसरा में आयोजित पं.दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़ा के तहत आयोजित शिविर का जिला कलेक्टर खुशाल यादव व एसडीएम पंकज गढ़वाल ने मुआयना किया। शिविर प्रभारी कृषि विभाग के सहायक निदेशक रामप्रताप गोदारा ने बताया कि शिविर 40 पंचायतीराज,30 राजस्व विभाग के परिवाद आए,शिविर में जिला कलेक्टर सहित प्रशासनिक अधिकारियों के हस्तक्षेप से 50 सालों से चलता आ रहा जमीनी विवाद को निपटा कर खाता विभाजन कर संबंधित किसानों को पजावती दी गई,चिकित्सा विभाग में दो टीबी के मरीज आए जिन्हें अक्षय मित्र दवा किट दी गई,कृषि विभाग द्वारा किसानों को खेतों में अधिकाधिक डिग्गी बनाने का आग्रह करते हुए सरकार द्वारा दिए जा रहे अनुदान के बारे में विस्तार पूर्वक बताया। ग्रामीणों ने गांव के स्कूल का परिणाम 60 प्रतिशत रहने की शिकायत की तो जिला कलेक्टर ने नाराजगी जताते हुए शिक्षा विभाग को फटकार लगाते हुए कहा कि सरकार शिक्षा के क्षेत्र में तमाम सुविधाएं मुहैया करवा रही है फिर परिणाम कम रहना चिंता का विषय है इसे आगे सुधारा जाए। बिजली की शिकायतों को लेकर जिला कलेक्टर ने अधिकारियों से फीडबैक लिया,जईएन ने बताया कि गांवों में मेंटीनेंस की गई है। ग्रामीणों ने करोड़ों रुपए जल जीवन मिशन के तहत खर्च होने के बाद भी ट्यूबवैल का लवणीय पानी मिलने की पीड़ा बताई,डिग्गियों में उचित भंडारण न होने के कारण लवणीय पानी पी रहे है। सिंचाई विभाग के अधिकारियों से एनटीआर नहर की सफाई की मांग की गई। मानस अभियान के तहत सहायक निदेशक रामप्रताप गोदारा ने समाज से नशे को खत्म करने के लिए लोगों को प्रेरित करने के लिए तमाम डिपार्टमेंट के अधिकारियों को शपथ दिलाई,गांव में जल-पर्यावरण संरक्षण के लिए मानसून के समय हर इंसान को एक पौधा लगाकर रख-संभाल करने की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर पंचायत समिति ईओ रणवीर वर्मा, सरपंच मलूका बेगम,उपसरपंच अमरजीत, ग्राम विकास अधिकारी कपिल, जार्ड पंच विकास तरड़-गुरजीत सिंह, एनटीआर के नहरी अध्यक्ष सिकंदर अराई, मुश्ताक मोहम्मद, केशाराम, प्रताप शौला, हसन खान सहित उपस्थित थे।

# जसाना में आयोजित शिविर में कई वर्षों से चल रहे जमीनी विवाद निपटे

तेज. रिपोर्टर | चरजकारी



गांव जसाना के राउमावि में गुरुवार को पं.दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़ा के तहत शिविर का आयोजन किया गया, तहसीलदार बजरंगलाल ने लोगों को सरकार द्वारा चलाए जा रहे अभियान के बारे में बताते हुए लाभ उठाने का आग्रह किया,शिविर में लघु कृषि किसान कार्ड वितरण किए व अनेकों जमीन विवाद आपसी सहमति से निपटाए गए,शिविर में अधिकारियों द्वारा 16 प्रॉपर्टी कार्ड, स्वॉयल ज्ञान के 14 आवेदन आए 13 को पैमाइश की गई,इसके के 15 प्रकरण आए जिन्हें शिविर में निपटाया, हरियाळो राजस्थान के तहत 35 पौधे लगाए, 25 मर्दा स्वास्थ्य कार्ड वितरित किए,2022 से लंबित वसीयत प्रकरण का समझाइश से निपटारा गया,मानस अभियान के तहत आज के अंतर्राष्ट्रीय नशा मुक्ति दिवस पर लोगों को नशे से दूर रहने की शपथ दिलाई गई। बाल [illegible] समक्ष विभिन्न योजनाओं के तहत आवेदन आए। पीएचईडी से आए जेईएन नरेन्द्र शर्मा को ग्रामीणों ने बताया कि अनेकों पाइप लाइनों में जगह-जगह लीकेज होने के कारण पानी व्यर्थ बहने के साथ गांवों में दूषित पानी सप्लाई हो रहा है सिंचाई विभाग के अधिकारियों के समक्ष किसानों ने जसाना वितरिका में बिना उतार-चढ़ाव पानी दिलाने की मांग की। अभियान में राजस्व संबंधी कार्य,गरीबी मुक्त हेतु सर्वे, पानी की टंकियों की साफ-सफाई, लंबित कनेक्शन जारी, लीकेज दुरुस्ती, नहरों के पट्टों की मरम्मत, नर्सरी में पौधे वितरण, मृदा स्वास्थ्य कार्ड वितरण,पशुओं की जांच व इलाज,आयुष्मान कार्ड [illegible] पर पंचायत समिति ईओ रणवीर वर्मा, विकास अधिकारी भागीरथ बाना-चालसिंह, प्रशासक लालचन्द नायक, पंस सदस्य रमेश बेनिवाल, पटवारी सुमन, कृषि पर्यवेक्षक रमेश मिश्रा सहित जनप्रतिनिधि व अधिकारी उपस्थित।

# करने वाले ज्ञान केन्द्र पुरस्कृत

सनराइज ज्ञान केन्द्र सम्मान समारोह आयोजित




Scanned with CamScanner

# जसाना में आयोजित शिविर में कई वर्षों से चल रहे जमीनी विवाद निपटा



चारणवासी.गांव जसाना के राउमावि में गुरूवार को पं.दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़ा के तहत शिविर का आयोजन किया गया, तहसीलदार बजरंगलाल ने लोगों को सरकार द्वारा चलाए जा रहे अभियान के बारे में बताते हुए लाभ उठाने का आग्रह किया,शिविर में लघु कृषि किसान कार्ड वितरण किए व अनेकों जमीन विवाद आपसी सहमति से निपटाए गए,शिविर में अधिकारियों द्वारा 16 प्रॉपर्टी कार्ड,सीमा ज्ञान के 14 आवेदन आए 13 की पैमाइश की गई,रास्ते के 15 प्रकरण आए जिन्हें शिविर में निपटाया, हरयाळो राजस्थान के तहत 35 पौधे लगाए, 25 मर्दा स्वास्थ्य कार्ड वितरिक किए,2022 से लंबीत वसीयत प्रकरण का समझाईश से निपटाया गया,मानस अभियान के तहत आज के अंतर्राष्ट्रीय नशा मुक्ति दिवस पर लोगों को नशे से दूर रहने की शपथ दिलाई गई। बाल विकास - समाज कल्याण विभाग के समक्ष विभिन्न योजनाओं के तहत आवेदन आए। पीएचईडी से आए जेईएन नरेन्द्र शर्मा को ग्रामीणों ने बताया कि अनेकों पाइप लाइनों में जगह-जगह लीकेज होने के कारण पानी व्यर्थ बहने के साथ गांवों में दूषित पानी सप्लाई हो रहा है सिंचाई विभाग के अधिकारियों के समक्ष किसानों ने जसाना वितरिका में बिना उतार-चढ़ाव पानी दिलाने की मांग की। अभियान में राजस्व संबंधी कार्य,गरीबी मुक्त हेतु सर्वे,पानी की टंकियों की साफ-सफाई,लंबित कनेक्शन जारी ,लीकेज दुरूस्ती,नहरों के पट्टों की मरम्मत,नर्सरी में पौधे वितरण,मृदा स्वास्थ्य कार्ड वितरण,पशुओं की जांच व इलाज,आयुष्मान कार्ड वितरण संबंधी कार्य हुए। इस अवसर पर पंचायत समिति ईओ रणवीर वर्मा,विकास अधिकारी भागीरथ बाना-चरणसिंह,प्रशासक लालचन्द नायक,पंस सदस्य रमेश बेनिवाल,पटवारी सुमन, कृषि पर्यवेक्षक रमेश सिहाग सहित जनप्रतिनिधि व अधिकारी उपस्थित।

अव्वल विद्या

Scanned with CamScanner

# रामसरा में शिविर का जिला कलेक्टर ने किया मुआयना, गिरते शिक्षा स्तर को लेकर जताई नाराजगी, लोगों ने रखी समस्याएं

**घारपत्रसी.**

गांव रामसरा में आयोजित पं.दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़ा के तहत आयोजित शिविर का जिला कलेक्टर खुशाल यादव व एसडीएम पंकज गढ़वाल ने मुआयना किया। शिविर प्रभारी कृषि विभाग के सहायक निदेशक रामप्रताप गोदारा ने बताया कि शिविर 40 पंचायतीराज,30 राजस्व विभाग के परिवाद आए,शिविर में जिला कलेक्टर सहित प्रशासनिक अधिकारियों के हस्तक्षेप में 50 सालों से चलता आ रहा जमीनी विवाद को निपटा कर खाता विभाजन कर संबंधित किसानों को पत्रावली दी गई,चिकित्सा विभाग में दो टीबी के मरीज आए जिन्हें अक्षय मित्र दवा किट दी गई,कृषि विभाग द्वारा किसानों को खेतों में अधिकाधिक डिग्गी बनाने का आग्रह करते हुए सरकार द्वारा दिए जा रहे अनुदान के बारे में विस्तार पूर्वक बताया। ग्रामीणों ने गांव के स्कूल का परिणाम 60 प्रतिशत रहने की शिकायत की तो जिला कलेक्टर ने नाराजगी जताते हुए शिक्षा विभाग को फटकार लगाते हुए कहा कि सरकार शिक्षा के क्षेत्र में तमाम सुविधाएं मुहैया करवा रही है फिर परिणाम कम रहना चिंता का विषय है इसे आगे सुधारा जाए। बिजली की शिकायतों को लेकर जिला कलेक्टर ने अधिकारियों से फीडबैक लिया,जईएन ने बताया कि गांवों में मेंटीनेंस की गई है। ग्रामीणों ने करोड़ों रूपए जल जीवन मिशन के तहत खर्च होने के बाद भी ट्यूबवैल का लवणीय पानी मिलने की पीड़ा बताई,डिग्गियों में उचित भंडारण न होने के कारण लवणीय पानी पी रहे है। सिंचाई विभाग के अधिकारियों से एन्टीआर नहर की सफाई की मांग की गई।

मानस अभियान के तहत सहायक निदेशक रामप्रताप गोदारा ने समाज से नशे को खत्म करने के लिए लोगों को प्रेरित करने के लिए तमाम डिपार्टमेंट के अधिकारियों को शपथ दिलाई,गांव में जल-पर्यावरण सरंक्षण के लिए मानसून के समय हर इंसान को एक पौधा लगाकर सार-संभाल करने की शपथ दिलाई गई। इस असवर पर पंचायत समिति ईओ रणवीर वर्मा,सरपंच मलूफा बेगम,उपसरपंच अमरजीत, ग्राम विकास अधिकारी कपिल, वार्ड पंच विकास तरड़-गुरजीत सिंह, एन्टीआर के नहरी अध्यक्ष सिकंदर अराई, मुस्ताक मोहम्मद, केशाराम, प्रताप शीला, हसन खान सहित उपस्थित थे।

Scanned with CamScanner

दैनिक भास्कर

टोंक 28-06-2025

# शिविर में 37 आवासीय पट्टे जारी, 45 नामांतरण खुले

पीपलूं/बगड़ी और प्यावड़ी ग्राम पंचायत कार्यालयों में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय पखवाड़ा के तहत शिविर लगाए गए। बगड़ी शिविर में अतिरिक्त विकास अधिकारी शंकर सिंह ने बताया कि 37 आवासीय पट्टे जारी किए गए। तीन क्षय रोगियों को निश्चय किट दी गई। किसानों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड वितरित किए गए। किसान बद्रीनारायण जाट ने बताया कि कार्ड में दी गई सिफारिशों के अनुसार खाद और उर्वरक का उपयोग करने से फसल की पैदावार कई गुना बढ़ती है। शिविर में वार्ड नंबर 9 कीरों का मोहल्ला में पीने के पानी की व्यवस्था को लेकर ज्ञापन सौंपा गया। कुस्तला की ढाणी रा प्रा वि के प्रधानाध्यापक प्रेमचंद स्वामी ने खेल मैदान के लिए भूमि आवंटन की मांग की। मीना बस्ती रा प्रा वि की प्रधानाध्यापक कोमल गुर्जर और बालिका विद्यालय के लिए भी खेल मैदान की मांग को लेकर प्रार्थना पत्र शिविर प्रभारी को सौंपे गए। प्यावड़ी शिविर में प्रभारी नायब तहसीलदार राजेश चौधरी ने बताया कि 45 नामांतरण खोले गए। आवासीय पट्टों को लेकर 10 आवेदन प्राप्त हुए। प्यावड़ी से कल्याणपुरा जाने वाले रास्ते पर अतिक्रमण को लेकर टीम बनाई गई। शुक्रवार को पुलिस जाब्ता की मौजूदगी में अतिक्रमण हटाया जाएगा। शिविर में बगड़ी प्रशासक श्योजीराम चौधरी, प्रशासक सुगना देवी बैरवा, पशु चिकित्सक डॉ. रामावतार गोयल, सहायक कृषि अधिकारी रूपचंद साहू, जल संसाधन विभाग के कनिष्ठ अभियंता मुकेश गुर्जर, सीबीईओ नरेंद्र कुमार सोगानी, मुकेश चौधरी, कुशराज सिंह, दिनेश सिहरा आदि मौजूद रहे।

# पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा

## घर का मिला पट्टा, लाभार्थियों ने सरकार को दिया धन्यवाद

न्यूज सर्विस/नवज्योति, टोंक। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की अगुवाई में राज्य सरकार कमजोर, वंचित एवं गरीब लोगों के कल्याण के लिए पूरी संवेदनशीलता के साथ काम कर रही है। इसी के तहत पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े में आमजन की समस्याओं और बरसों पुराने अटके हुए कार्यों का समाधान हाथों-हाथ हो रहा है। टोंक तहसील की ग्राम पंचायत अरनिया केदार में शुक्रवार को आयोजित शिविर में 62 वर्षीय वृद्धा सीता देवी ने अपने घर का पट्टा बनाने का आवेदन किया। उसने बताया कि वह मेहनत-मजदूरी कर अपना जीवन यापन कर रही है। नायब तहसीलदार रतनलाल मीणा एवं अतिरिक्त विकास अधिकारी मुकेश कुमार ने वृद्ध का हाथों-हाथ पट्टा एवं प्रॉपर्टी पार्सल दिया। इससे खुश होकर सीता देवी ने सरकार के इस अभियान की सराहना की। इसी तरह ग्राम पंचायत सोरण में आयोजित पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल शिविर में ग्राम इस्माइलपुरा के सीताराम ने 2 हजार वर्गफीट आवासीय मकान का पट्टा बनाने का आवेदन दिया। ग्राम विकास अधिकारी ने मौका निरीक्षण कर सीताराम को पट्टा बनाकर दे दिया।



**कैंप में राजस्व संबंधी काम सुगमता से होने पर रमेश, बादाम देवी एवं मांगीलाल जाट ने जताई खुशी:** तहसील टोंक के बालापुरा में आयोजित कैंप में परिवादी रमेश के खाता संख्या में जमाबंदी गलत दर्ज हो गई थी। इसे लेकर वह काफी परेशान रहता था। शिविर में रमेश ने राजस्व रिकार्ड में गलत इंद्राज को सही करने की गुहार लगाई। राजस्व कार्मिकों ने मौके पर ही गलत इंद्राज को ठीक किया और उसकी जमाबंदी का हिस्सा सही किया। इस परेशानी से राहत मिलने पर रमेश ने सभी का आभार व्यक्त किया। तहसील पीपलू की ग्राम पंचायत पासरोटिया के कैंप में भी इसी तरह परिवादी विधवा बादाम देवी को राहत दी गई। बादाम देवी की सह खातेदारी भूमि का बंटवारा मौके पर खातेदारों ने कर रखा था। लेकिन राजस्व रिकार्ड में बंटवारे का अमलदरामद नहीं हो रखा था। गांव के पटवारी मंजू जांगिड़ ने शिविर की पूर्व सूचना देकर राजस्व रिकार्ड में खेत के बंटवारे को दर्ज कराने के लिए कहा। पटवारी ने ही बादाम देवी के सभी दस्तावेज तैयार कराएं। साथ ही, नवीन जमाबंदी जारी की। शिविर में सुगमता से काम हो जाने पर बादाम देवी ने राज्य सरकार का आभार जताया। इसी प्रकार तहसील पीपलू की ग्राम पंचायत नानेर में आयोजित कैंप में मांगीलाल जाट की जमाबंदी में दर्ज गलत नाम को सही किया गया।

**प्रहलाद यादव को दिया पोषण किट :** पंचायत पासरोटिया के ग्राम अलीनगर निवासी प्रहलाद यादव कई दिनों से अत्यधिक खांसी की समस्या से पीड़ित थे। पंचायत में लगाए गए पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ें में उन्होंने चिकित्सकों को दिखाया। डॉक्टरों ने प्रहलाद यादव को सआदत अस्पताल में कफ की जांच के लिए भिजवाया। जहां उसे पता चला कि टीबी रोग है। वह अत्यधिक चिंतित हो गया। चिकित्सकों ने उसे भरोसा दिलाया कि यह रोग नियमित दवा लेने एवं खानपान का ध्यान रखने से ठीक हो जाता है।

यह कोई गंभीर बीमारी नहीं है। साथ ही, उन्होंने प्रहलाद को बताया कि दवाई लेने के साथ ही राज्य सरकार द्वारा खाने-पीने का ध्यान रखने के लिए एक हजार रुपये प्रतिमाह दिये जाते है। शिविर में प्रहलाद को निक्षय मित्र द्वारा पोषण किट दिया गया। इसके लिए प्रहलाद यादव ने राज्य सरकार को धन्यवाद दिया।

# शिविर में फरियादियों की समस्याओं का हुआ निस्तारण



**मालपुरा.** योजनाओं के लाभान्वित को पत्र देते हुए।

**मालपुरा.** उपखंड के कचोलिया और कुराड गांव में शुक्रवार को अटल सेवा केंद्र पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा शिविर आयोजित हुआ। शिविर नोडल प्रभारी नायब तहसीलदार जयसिंह ने कहा कि पखवाड़े का उद्देश्य अंतिम छोर के व्यक्ति को सरकारी योजनाओं का प्रत्यक्ष लाभ पहुंचना है । शिविर प्रभारी सत्यनारायण लड्डा ने बताया कि शिविर में खाद्य सुरक्षा में पात्र आवेदकों का सत्यापन, नामांतरण, बंटवारा पत्र, व्यक्तिगत शौचालय बनाने, किसानों को मृदा कार्ड वितरण करने के साथ ग्रामीणों की कई समस्याओं का मौके पर ही निस्तारण किया गया। इसी प्रकार कचोलिया गांव में आयोजित सिविल प्रभारी अवध राजपुरोहित ने बताया कि कई पात्र लोगों को विभिन्न योजनाओ के लाभान्वित किया गया।

# शिविर का आयोजन, कब्जाकाश्त की खातेदारी पाकर किसान खुश



**टोडारायसिंह.** बोटूंदा में आयोजित शिविर में उपस्थित ग्रामीण व अधिकारी।

**टोडारायसिंह.** पंडित दीनदयाल उपाध्याय अत्योदय सम्बल पखवाडे के तहत ग्राम पंचायत मूण्डियाकलां में शिविर का आयोजन किया गया। शिविर प्रभारी नायब तहसीलदार मनीष मीणा ने बताया कि शिविर में सहखातेदार किशनलाल व गोपाल पुत्र भूरा तथा सांवरा पुत्र गोपाल गुर्जर निवासी नारेडा अपने खातेदारी की भूमि खाता सं. 357 रकबा 9.07 है। भूमि के खाता शामिल होने पर मौके पर कब्जे काश्त की समस्या एवं खेतों को जोतने- बोने की संबंध में आपस में विवाद होने तथा लड़ाई झगड़ा होने की शिकायत लेकर उपस्थित हुये। उक्त खातेदारों को मौके पर उपस्थित नायब तहसीलदार, गिरदावर, पटवारी ने समझाइश कर मौके पर आपसी सहमति करवाई तथा अलग-अलग रंग भरकर खेतों का विभाजन करवाया। इसके साथ पिछले 10 वर्षो का विवाद समाप्त हो गया। उक्त अभियान में आमजन की परिवेदनाओं को शीघ्र निस्तारण कर तत्काल राहत दी गई।



# पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ाः घर का मिला पट्टा, लाभार्थियों ने सरकार को दिया धन्यवाद

खबरों की दुनिया

टोंक। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की अगुवाई में राज्य सरकार कमजोर, वंचित एवं गरीब लोगों के कल्याण के लिए पूरी संवेदनशीलता के साथ काम कर रही है। इसी के तहत पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े में आमजन की समस्याओं और कामों पुराने अटके हुए कामों का समाधान हाथों-हाथ हो रहा है। टोंक तहसील की ग्राम पंचायत अरनिया केदार में शुक्रवार को आयोजित शिविर में 62 वर्षीय वृद्धा सीता देवी ने अपने घर का पट्टा बनाने का आवेदन किया। उसने बताया कि वह मेहनत-मजदूरी कर अपना जीवन यापन कर रही है। नायब तहसीलदार रतनलाल मीणा एवं अतिरिक्त विकास अधिकारी मुकेश कुमार ने वृद्धा का हाथों-हाथ पट्टा एवं प्रॉपर्टी पार्सल दिया। इससे खुश होकर सीता देवी ने सरकार के इस अभियान की सराहना की। इसी तरह ग्राम पंचायत सोरण में आयोजित पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल शिविर में ग्राम इस्माइलपुरा के सीताराम ने 2 हजार वर्गफीट आवासीय मकान का पट्टा बनाने का आवेदन दिया। ग्राम विकास अधिकारी ने मौका निरीक्षण कर सीताराम को पट्टा बनाकर दे दिया।

**कैंप में राजस्व संबंधी काम सुगमता से होने पर रमेश, बादाम देवी एवं मांगीलाल जाट ने जताई खुशी**

तहसील टोंक के बालापुरा में आयोजित कैंप में पटवारी रमेश के खाता संख्या में जमाबंदी गलत दर्ज हो गई थी। इसे लेकर वह काफी परेशान रहता था। शिविर में रमेश ने राजस्व रिकार्ड में गलत इंद्राज को सही करने की गुहार लगाई। राजस्व कार्मिकों ने मौके पर ही गलत इंद्राज को ठीक किया और उसकी जमाबंदी का हिस्सा सही किया। इस परेशानी से राहत मिलने पर रमेश ने सभी का आभार व्यक्त किया। तहसील पीपलू की ग्राम पंचायत चावंडिया के कैंप में भी इसी तरह परिवादी विधवा बादाम देवी को राहत दी गई।

बादाम देवी की मय खातेदारी भूमि का बंटवारा मौके पर खातेदारों ने कर रखा था। लेकिन राजस्व रिकार्ड में बंटवारे का अमलदरामद नहीं हो रखा था। गांव के पटवारी मंजू जांगिड़ ने शिविर की पूर्व सूचना देकर राजस्व रिकार्ड में खेत के बंटवारे को दर्ज कराने के लिए कहा। पटवारी ने ही बादाम देवी के सभी दस्तावेज तैयार कराए। साथ ही, नवीन जमाबंदी जारी की। शिविर में सुगमता से काम हो जाने पर बादाम देवी ने राज्य सरकार का आभार जताया। इसी प्रकार तहसील पीपलू की ग्राम पंचायत जवेर में आयोजित कैंप में मांगीलाल जाट की जमाबंदी में दर्ज गलत नाम को सही किया गया।

**प्रहलाद यादव को दिया पोषण किट**

ग्राम पंचायत चावंडिया के ग्राम अलीनगर निवासी प्रहलाद यादव कई दिनों से अत्यधिक खांसी की समस्या से पीड़ित थे। पंचायत में लगाए गए पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े में उन्होंने चिकित्सकों को दिखाया। डॉक्टरों ने प्रहलाद यादव को सआदत अस्पताल में कफ की जांच के लिए भिजवाया। जहां उसे पता चला कि टीबी रोग है। वह अत्यधिक चिंतित हो गया। चिकित्सकों ने उसे भरोसा दिलाया कि यह रोग नियमित दवा लेने एवं खानपान का ध्यान रखने से ठीक हो जाता है। यह कोई गंभीर बीमारी नहीं है। साथ ही, उन्होंने प्रहलाद को बताया कि दवाई लेने के साथ ही राज्य सरकार द्वारा खाने-पीने का ध्यान रखने के लिए एक हजार रुपये प्रतिमाह दिये जाते हैं। शिविर में प्रहलाद को निक्षय मित्र द्वारा पोषण किट दिया गया। इसके लिए प्रहलाद यादव ने राज्य सरकार को धन्यवाद दिया।

# शिविर में आवासीय भूमि का पट्टा और स्वामित्व कार्ड जारी किया

टोडारायसिंह | पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के तहत ग्राम पंचायत बोटूंदा में शिविर लगाया गया। शिविर प्रभारी परसराम जाट, अतिरिक्त विकास अधिकारी पंचायत समिति टोडारायसिंह रहे। शिविर में राज्य सरकार की योजना की सराहना करते हुए कंवरावास निवासी राकेश पुत्र बद्रीलाल गुर्जर ने बताया कि उसे कई वर्षों से अपनी आवासीय भूमि का पट्टा नहीं मिला था। ग्राम पंचायत से शिविर की जानकारी मिलने पर राकेश ने शिविर में पहुंचकर पट्टे की मांग की। शिविर प्रभारी ने राकेश को उसकी आवासीय भूमि का पट्टा और स्वामित्व कार्ड जारी किया। उसने कहा कि अब वह अपनी जमीन का वैधानिक मालिक बन गया है और पट्टे के आधार पर वित्तीय संस्थानों से ऋण भी ले सकेगा। उसके चेहरे पर खुशी साफ नजर आई। आगामी शिविर 30 जून को ग्राम पंचायत दत्तोब और कुहाड़ाबुजुर्ग में लगेगा।

# जिला प्रमुख सरोज बसंल ने ग्रामीणों को बांटे पट्टे

हमारा समाचार



**टोंक।** जिला प्रमुख सरोज बंसल द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़ा कार्यक्रम के अन्तर्गत पंचायत समिति टोंक की ग्राम पंचायत सोरन में आयोजित कैम्प में शुक्रवार को पट्टों का वितरण किया गया। इस मौके पर जिला प्रमुख सरोज बसंल ने शिविर में उपस्थित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि कैम्प में आमजन से प्राप्त परिवादों को त्वरित गति से समाधान कर परिवादी को अवगत करवाया जावे। उन्होंने ग्रामीणों से वार्ताकर उनकी समस्याओं के बारे में जानकारी प्राप्त कर अधिकारियों को उनका निराकरण करने हेतु निर्देशित किया गया। जिला प्रमुख सरोज बसंल ने अति. विकास अधिकारी टोंक को निर्देशित किया कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़ा 24 जून से 09 जुलाई तक मनाया जाएगा, जिसकी ग्रामीणों को जानकारी देवे तथा इसका गांव में प्रचार प्रसार करें। शिविरों में सभी अधिकारी मौजूद रहे। शिविर में जिला प्रमुख द्वारा हनुमान जाट, रामदयाल जाट, किशन लाल खटीक एवं हरिराम को पंचायत द्वारा तैयार किये पट्टो का वितरण किया गया। जिला प्रमुख बसंल ने ग्राम विकास अधिकारी को ग्राम में साफ.सफाई कार्य सुचारू रूप से करवाया जाने को कहा। शिविर में मोहम्मद हनीफ नायब तहसीलदार व शिविर प्रभारी, विष्णु सहायक विकास अधिकारी छोटूलाल जाट, महावीर सैनी ग्राम विकास अधिकारी आदि उपस्थित थे।

# अशुद्ध जाति की परेशानी हुई दूर

देवली. पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़ा शिविर हिसामपुर में राजस्व रेकॉर्ड में दर्ज अशुद्ध जाति से पीड़ित तीन भाईयों को राहत मिली। नायब तहसीलदार बाबू स्वामी ने बताया शिविर में ग्राम हिसामपुर निवासी मनोज कुमार, राजेन्द्र कुमार व सुरेन्द्र पुत्र नंदभंवर दमामी जिनके राजस्व रेकार्ड में जाति अशुद्ध हो रखी थी। जिसके कारण तीनों भाइयों को राजकीय कार्य व केसीसी को लेकर वर्ष 2019 से परेशान हो रहे थे। शिविर में तीनों को बुलाया तथा जाति सही की।

दैनिक भास्कर

टोंक 28-06-2025

# मरीजों को बांटी पोषण सामग्री किट



उनियारा | ग्राम पंचायत मुख्यालय देवली में स्थित अटल सेवा केंद्र में शुक्रवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय संबल पखवाड़े के तहत राजकीय कर्मचारियों को निक्षय मित्र बनाया गया। राजकीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र देवली प्रभारी डॉ. भवानी मीणा ने बताया कि गिरदावर सरिता यादव, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाचार्य हरिपाल मीणा, पटवारी राम अवतार मीणा और ग्राम विकास अधिकारी राघव सिंह गुर्जर ने सभी टीबी रोगियों को पोषण सामग्री की किट वितरित की। इस दौरान नर्सिंग अधिकारी मनीष गुप्ता, फार्मासिस्ट सत्येंद्र सेन, लैब टेक्नीशियन आशीष कुमार सिंघाड़िया, महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता भावना शर्मा और बलवीर सिंह, एसटीएफएस राजेंद्र शर्मा, प्रशासक चंपा मीना, विकास अधिकारी शंकर लाल, नायब तहसीलदार रामप्रसाद मीना, आशा सहयोगिनी मौजूद रहे।

पत्रिका

पंडित दीनदयाल अंत्योदय संबल पखवाड़े के तहत शिविर आयोजित

# शिविर में हाथों-हाथ निपटे प्रकरण

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com



लूणकरनसर के हंसेरां में अन्त्योदय सम्बल शिविर का निरीक्षण करती जिला कलक्टर नमता वृष्णि।

**लूणकरनसर. सुरनाणा.** धीरेरां व हंसेरां में पण्डित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के तहत आयोजित शिविरों का शुक्रवार को नम्रता वृष्णि ने निरीक्षण कर जायजा लिया तथा ग्रामीणों की समस्याएं सुनकर समाधान के निर्देश दिए।

धीरेरां के शिविर में जिला कलक्टर ने एक किसान को बिजली कनेक्शन हाथों-हाथ दिलाया और बिजली का मीटर भी मौके पर किसान को सौंपा। शिविर के दौरान जिला कलक्टर वृष्णि व जिला परिषद सीईओ सोहनलाल ने पौधारोपण भी किया। इस मौके पर उपखण्ड अधिकारी दयानंद रूयल, राजस्व तहसीलदार विनोद पूनिया, विकास अधिकारी किशोर कुमार चौधरी, हंसेरां सरपंच लिछमा देवी ज्याणी, धीरेरां सरपंच किस्तुरी देवी गोदारा, हड़मान ज्याणी, बेगाराम ज्याणी, नर्सिंग ऑफिसर रामनिवास गोदारा व ब्लॉक स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

बज्जू. पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़े के तहत बीकमपुर व गोगड़ियावाला में शिविर आयोजित हुआ। शिविर मे 15 विभागों की ओर से संपादित विभिन्न गतिविधियों व कार्यों के बारे में बताया गया।बीकमपुर में आयोजित शिविर में किसानों की ओर से बज्जू उपखंड न्यायालय मे विचाराधीन प्रार्थना पत्र पर पत्थरगढ़ी का आदेश दिया गया। पंचायत राज विभाग की ओर से 12 शौचालय की स्वीकृत तथा दो सामुदायिक शौचालय के आवेदन प्राप्त हुए। साथ ही 12 वृद्धावस्था पेंशन का सत्यापन करवाया गए। इस दौरान एसडीएम संदीप चौधरी, बीकमपुर सरपंच संग्राम सिंह भाटी, पंचायत समिति विकास अधिकारी त्रिभुवन सिंह, गोगड़ियावाला स्टेच कालूराम मेघवाल, ग्राम विकास अधिकारी सुनील बेनीवाल, प्रदीप मीणा आदि उपस्थित रहे।

## समझाइश से राजस्व रिकॉर्ड में विभाजन

छतरगढ़. पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के तहत शनिवार को लूणखां में आयोजित शिविर में एक परिवार के भाइयों का लंबे समय से जमीन बंटवारे का विवाद निपट गया।

भाइयों में आपसी सहमति नहीं होने से राजस्व रिकॉर्ड में बंटवारा नहीं हो पा रहा था। शुक्रवार को शिविर में उपखण्ड अधिकारी पवन कुमार सुथार, तहसीलदार विवेक चौधरी,नायब तहसीलदार दौलाराम बाजिया,श्रवण कुमार भांभू अन्य अधिकारियों ने समझाइश कर राजस्व रिकॉर्ड में विभाजन किया। वहीं आवा शिविर में उपखंड प्रशासन ने ग्रामीणों को समस्या का निस्तारण कर राहत दी। दोनों शिविर में 57 विभिन्न विभागीय मामलों का निस्तारण मौके पर ही किया गया।



लूणखां में खातेदारी देते तहसीलदार।

शिविर में ब्लॉक चिकित्सा अधिकारी डॉ. मुकेश कुमार मीणा, जलदाय विभाग सहायक अभियंता आदित्य श्रीमाली, सिंचाई सहायक अभियंता प्रवीण चौधरी, बिजली विभाग लव कुमार, टीआरे प्रवीण भादू, लूणखां सरपंच अभिमन्यु सिंह भाटी, आवा सरपंच प्रभुदयाल सारण सहितअधिकारी व कार्मिक मौजूद थे।

कार्यालय नगर परिषद, श्रीगंगानगर (राज0)
क्रमांक : — 734 दिनांक :— 13.06.2025
Notice Inviting Bid

28/06/2025 | Bikaner Zila | Page : 13
Source : https://epaper.patrika.com/

# जिला कलेक्टर ने किया धीरेरां और हंसेरा शिविर का निरीक्षण



कामयाब कलम रिपोर्टर।

**बीकानेर।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के अंतर्गत शुक्रवार को जिला कलेक्टर श्रीमती नम्रता वृष्णि ने लूणकरणसर तहसील की ग्राम पंचायत धीरेरां और हंसेरा में लगे शिविरों का निरीक्षण किया। धीरेरां शिविर का निरीक्षण के दौरान जिला कलेक्टर ने एक किसान को बिजली कनेक्शन हाथों हाथ दिलाया और बिजली का मीटर भी मौके पर किसान को सौंपा। जिला कलेक्टर ने ढीले तारों को टाइड करने के निर्देश भी दिए। इस दौरान जिला कलेक्टर ने किसानों को सॉयल हेल्थ कार्ड का वितरण किया। रास्ते के एक प्रकरण का भी मौके पर ही निस्तारण किया गया। शिविर में जिला कलेक्टर और सीईओ जिला परिषद ने पौधरोपण भी किया। उन्होने हरियालो राजस्थान अभियान के तहत गांव में ज्यादा से ज्यादा पौधरोपण करने के निर्देश वन विभाग व अन्य अधिकारियों को दिए। जिला कलेक्टर ने कहा कि शिविर में आमजन की परिवेदनाओं का मौके पर ही निस्तारण कर ज्यादा से ज्यादा राहत प्रदान करें। शिविर के निरीक्षण के दौरान उनके साथ सीईओ जिला परिषद सोहनलाल, एसडीएम लूणकरणसर दयानंद, तहसीलदार विनोद पूनिया, बीडीओ किशोर कुमार समेत 16 विभिन्न विभागों के ब्लॉक स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## सुरनाणा शिविर में गैर मौजूद मिले सीबीईओ, एसीबीईओ और डॉक्टर

इधर, पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के अंतर्गत शुक्रवार को लूणकरणसर तहसील की ग्राम पंचायत सुरनाणा में लगे शिविर का एडीएम प्रशासन रामावतार कुमावत ने निरीक्षण किया। शिविर में सीबीईओ, एसीबीईओ और डॉक्टर के अनुपस्थित मिलने पर एडीएम प्रशासन ने इसे गंभीरता से लिया। साथ ही आगामी शिविर में सभी संबंधित विभागों के ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों की उपस्थिति सुनिश्चित करने हेतु निर्देश दिए। उन्होने तहसीलदार को शिविर से पूर्व संबंधित ग्राम पंचायत में प्री कैंप आयोजित कराने के निर्देश भी दिए। साथ ही कहा कि बंटवारा प्रकरणों के संबंध में जमाबंदी में एक खाते मे अधिक खातेदार के बंटवारा प्रकरण तैयार करवाए जाकर शिविर मे निस्तारण करवाएं ताकि खेतिहर किसानों को सरकारी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ मिल सके। शिविर में एडीएम प्रशासन ने वन विभाग के उपस्थित वन रक्षक को ग्राम पंचायत में बारिश के दौरान अधिक से अधिक वृक्ष लगवाने के निर्देश दिए। सरपंच को इस कार्य मे सहयोग करने को कहा गया ताकि गाँव मे अधिक से अधिक पेड़ लग सकें। इस अवसर पर अतिरिक्त जिला कलेक्टर प्रशासन ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सुरनाणा में पौधरोपण भी किया।

# पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा- जिला कलेक्टर ने धीरेरां और हंसेरा शिविर का किया निरीक्षण

## धीरेरां में एक किसान को हाथों हाथ दिलाया बिजली कनेक्शन, सॉयल हेल्थ कार्ड का किया वितरण

बीकानेर लाईव

**बीकानेर, 27 जून।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के अंतर्गत शुक्रवार को जिला कलेक्टर श्रीमती नम्रता वृष्णि ने लूणकरणसर तहसील की ग्राम पंचायत धीरेरां और हंसेरा में लगे शिविरों का निरीक्षण किया। धीरेरां शिविर का निरीक्षण के दौरान जिला कलेक्टर ने एक किसान को बिजली कनेक्शन हाथों हाथ दिलाया और बिजली का मीटर भी मौके पर किसान को सौंपा। जिला कलेक्टर ने ढीले तारों को टाइट करने के निर्देश भी दिए। इस दौरान जिला कलेक्टर ने किसानों को सॉयल हेल्थ कार्ड का वितरण किया। रास्ते के एक प्रकरण का भी मौके पर ही निस्तारण किया गया। शिविर में जिला कलेक्टर और सीईओ जिला परिषद ने पौधारोपण भी किया।



जिला कलेक्टर ने एक किसान को बिजली कनेक्शन हाथों हाथ

## पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा

# जिला कलेक्टर ने धीरेरां और हंसेरा शिविर का किया निरीक्षण

**›› धीरेरां में एक किसान को हाथों हाथ दिलाया बिजली कनेक्शन, सॉयल हेल्थ कार्ड का किया वितरण**



**बुलंद राजस्थान**

**बीकानेर।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के अंतर्गत शुक्रवार को जिला कलेक्टर श्रीमती नम्रता वृष्णि ने लूणकरणसर तहसील की ग्राम पंचायत धीरेरां और हंसेरा में लगे शिविरों का निरीक्षण किया। धीरेरां शिविर का निरीक्षण के दौरान जिला कलेक्टर ने एक किसान को बिजली कनेक्शन हाथों हाथ दिलाया और बिजली का मीटर भी मौके पर किसान को सौंपा। जिला कलेक्टर ने ढीले तारों को टाइड करने के निर्देश भी दिए। इस दौरान जिला कलेक्टर ने किसानों को सॉयल हेल्थ कार्ड का वितरण किया। रास्ते के एक प्रकरण का भी मौके पर ही निस्तारण किया गया। शिविर में जिला कलेक्टर और सीईओ जिला परिषद ने पौधरोपण भी किया। उन्होने हरियालो राजस्थान अभियान के तहत गांव में ज्यादा से ज्यादा पौधरोपण करने के निर्देश वन विभाग व अन्य अधिकारियों को दिए। जिला कलेक्टर ने कहा कि शिविर में आमजन की परिवेदनाओं का मौके पर ही निस्तारण कर ज्यादा से ज्यादा राहत प्रदान करें। शिविर के निरीक्षण के दौरान उनके साथ सीईओ जिला परिषद सोहनलाल, एसडीएम लूणकरणसर दयानंद, तहसीलदार विनोद पूनिया, बीडीओ किशोर कुमार समेत 16 विभिन्न विभागों के ब्लॉक स्तरीय अ
उपस्थित रहे।

## पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा

# जिला कलेक्टर ने धीरेरां और हंसेरा शिविर का किया निरीक्षण

## धीरेरां में एक किसान को हाथों हाथ दिलाया बिजली कनेक्शन, सॉयल हेल्थ कार्ड का किया वितरण

रायसिंह राव

लूणकरनसर। पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के अंतर्गत शुक्रवार को जिला कलेक्टर श्रीमती नमृता वृष्णि ने लूणकरणसर तहसील की ग्राम पंचायत धीरेरां और हंसेरा में लगे शिविरों का निरीक्षण किया। धीरेरां शिविर का निरीक्षण के दौरान जिला कलेक्टर ने एक किसान को बिजली कनेक्शन हाथों हाथ दिलाया और बिजली का मीटर भी मौके पर किसान को सौंपा। जिला कलेक्टर ने ढीले तारों को टाइट करने के निर्देश भी दिए। इस दौरान जिला कलेक्टर ने किसानों को सॉयल हेल्थ कार्ड का वितरण किया। रास्ते के एक प्रकरण का भी मौके पर ही निस्तारण किया गया।

शिविर में जिला कलेक्टर और सीईओ जिला परिषद ने पौधरोपण भी किया। उन्होंने हरियालो राजस्थान अभियान के तहत गांव में ज्यादा से ज्यादा पौधरोपण करने के निर्देश वन विभाग व अन्य अधिकारियों को दिए। जिला कलेक्टर ने कहा कि शिविर में आमजन की परिवेदनाओं का मौके पर ही निस्तारण कर ज्यादा से ज्यादा राहत प्रदान करें।

शिविर के निरीक्षण के दौरान उनके साथ सीईओ जिला परिषद श्री सोहनलाल, एसडीएम लूणकरणसर श्री दयानंद, तहसीलदार श्री विनोद पूनिया, बीडीओ श्री किशोर कुमार समेत 16 विभिन्न विभागों के ब्लॉक स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

### एडीएम ने किया सुरनाणा शिविर का निरीक्षण

पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के अंतर्गत शुक्रवार को लूणकरणसर तहसील की ग्राम पंचायत सुरनाणा में लगे शिविर का एडीएम प्रशासन श्री रामावतार कुमावत ने निरीक्षण किया। शिविर में सीबीईओ, एसीबीईओ और डॉक्टर के अनुपस्थित मिलने पर एडीएम प्रशासन ने इसे गंभीरता से लिया। साथ ही आगामी शिविर में सभी संबंधित विभागों के ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों की उपस्थिति सुनिश्चित करने हेतु निर्देश दिए।

कुमावत ने तहसीलदार को शिविर से पूर्व संबंधित ग्राम पंचायत में प्री कैंप आयोजित कराने के निर्देश भी दिए। साथ ही कहा कि बंटवारा प्रकरणों के संबंध में जमाबंदी में एक खाते मे अधिक खातेदार के बंटवारा प्रकरण तैयार करवाए जाकर शिविर मे निस्तारण करवाएं ताकि खेतिहर किसानों को सरकारी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ मिल सके।

शिविर में एडीएम प्रशासन ने वन विभाग के उपस्थित वन रक्षक को ग्राम पंचायत में बारिश के दौरान अधिक से अधिक वृक्ष लगवाने के निर्देश दिए। सरपंच को इस कार्य मे सहयोग करने को कहा गया ताकि गाँव मे अधिक से अधिक पेड़ लग सकें। इस अवसर पर अतिरिक्त जिला कलेक्टर प्रशासन श्री रामावतार कुमावत ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सुरनाणा में पौधरोपण भी किया।

# आज तीन घंटे रहेगी बिजली कटौती

बीकानेर (नसं)। जीएसएस/फीडर रख-रखाव, पेड़ों की छंटाई आदि के लिए जो आवश्यक है, के दौरान शनिवार 28 जून को प्रातः 07:00 बजे से 10:00 बजे तक निम्न स्थानों पर विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। चित्रा बर्फ फैक्ट्री के पास, गंगाशहर, गोलछा मौहल्ला, बाठिया स्कूल के पास, ओसवाल शमशान भूमि का क्षेत्र। प्रातः 10:30 बजे से दोपहर 01:30 बजे तक हिमतासर कृषि, हिमतासर गांव, रायसर कृषि, रायसर गांव, मंडा कॉलेज, मरुधर इंजी. कॉलेज, जैन ढ़ाबा के पास एरिया, हनुमान नगर, जयपुर रोड धोलिया डेयरी, सिरेमिक फैक्ट्री के पास, रायसर डेजर्ट एरिया का क्षेत्र। प्रातः 07:30 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक कोरियो का मौहल्ला, हरिजन बस्ती का क्षेत्र। प्रातः 10:00 बजे से 11:00 बजे तक सीतला गेट के अंदर व बाहर, पुलिस चौकी, दाऊ भवन, कुटा डोंगरी, चांडक भवन, सुथारो की तलाई जनता प्याऊ, राजू पब्लिक स्कूल, हीरा बाग कॉलोनी, हरसोलाई तालाब के पास का क्षेत्र, छोटा रानीसर बास, बाप भैरू, जनता बिहार कॉलोनी, पूरा राम के चौकी के पास, उस्ता बारी के बाहर, सुथारो की ग्वाड़, चून्गरो का मौहल्ला, उस्तो का मोहल्ला, उस्ता बारी के अंदर, आचार्यों का चौक, वेद का चौक का क्षेत्र।

दैनिक भास्कर बीकानेर ज़िला 28-06-2025

# पं. दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा में आज लगेंगे शिविर

बीकानेर| पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के तहत शनिवार को विभिन्न ग्राम पंचायतों पर शिविर आयोजित किए जाएंगे। कलेक्टर नम्रता वृष्णि ने बताया कि बीकानेर के उदासर, बरसिंगसर व सींथल में, लूणकरणसर के बख्तुसर, खोडाला व जैतपुर में शिविर लगेंगे। श्रीडूंगरगढ़ के ऊपनी, कल्याणसर, जाखासर व कल्याणसर नया, कोलायत के खारिया पातावतान, नोखड़ा व नांदड़ा, बज्जू के जग्गासर व भलूरी, खाजूवाला के दंतौर, नोखा के स्वरूपदेसर, काहिरा, अणखीसर व गजसुखदेसर में शिविर लगेंगे।

# एडीएम प्रशासन ने सुरनाणा शिविर का किया निरीक्षण

राजस्थान प्रदीप रिपोर्टर

**बीकानेर।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के अंतर्गत शुक्रवार को लूणकरणसर तहसील की ग्राम पंचायत सुरनाणा में लगे शिविर का एडीएम प्रशासन रामावतार कुमावत ने निरीक्षण किया। शिविर में सीबीईओ, एसीबीईओ और डॉक्टर के अनुपस्थित मिलने पर एडीएम प्रशासन ने इसे गंभीरता से लिया। साथ ही आगामी शिविर में सभी संबंधित विभागों के ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों की उपस्थिति सुनिश्चित करने हेतु निर्देश दिए।

कुमावत ने तहसीलदार को शिविर से पूर्व संबंधित ग्राम पंचायत में प्री कैंप आयोजित कराने के निर्देश भी दिए। साथ ही कहा कि बंटवारा प्रकरणों के संबंध में जमाबंदी में एक खाते मे अधिक खातेदार के बंटवारा प्रकरण तैयार करवाए जाकर शिविर मे निस्तारण करवाएं ताकि खेतिहर किसानों को सरकारी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ मिल सके।

शिविर में एडीएम प्रशासन ने वन विभाग के उपस्थित वन रक्षक को ग्राम पंचायत में बारिश के दौरान अधिक से अधिक वृक्ष लगवाने के निर्देश दिए।

# कलेक्टर ने धीरेरां-हंसेरा शिविर का किया निरीक्षण

बीकानेर। पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के अंतर्गत शुक्रवार को जिला कलेक्टर श्रीमती नम्रता वृष्णि ने लूणकरणसर तहसील की ग्राम पंचायत धीरेरां और हंसेरा में लगे शिविरों का निरीक्षण किया। धीरेरां शिविर का निरीक्षण के दौरान जिला कलेक्टर ने एक किसान को बिजली कनेक्शन हाथों हाथ दिलाया और बिजली का मीटर भी मौके पर किसान को सौंपा। जिला कलेक्टर ने ढीले तारों को टाइड करने के निर्देश भी दिए। इस दौरान जिला कलेक्टर ने किसानों को सॉयल हेल्थ कार्ड का वितरण किया। रास्ते के एक प्रकरण का भी मौके पर ही निस्तारण किया गया। शिविर में जिला कलेक्टर और सीईओ जिला परिषद ने पौधरोपण भी किया। उन्होंने हरियालो राजस्थान अभियान के तहत गांव में ज्यादा से ज्यादा पौधरोपण करने के निर्देश वन विभाग व अन्य अधिकारियों को दिए। जिला कलेक्टर ने कहा कि शिविर में आमजन की परिवेदनाओं का मौके पर ही निस्तारण कर ज्यादा से ज्यादा राहत प्रदान करें। शिविर के निरीक्षण के दौरान उनके साथ सीईओ जिला परिषद सोहनलाल, एसडीएम लूणकरणसर दयानंद, तहसीलदार विनोद पूनिया, बीडीओ किशोर कुमार समेत 16 विभिन्न विभागों के ब्लॉक स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# दिव्यांग व अनाथ बच्चों को शिविर से मिली राहत



घाटोल| पंचायत समिति घाटोल की ग्राम पंचायत जगपुरा में 27 जून को अंत्योदय संबल शिविर लगाया गया। यह शिविर दिव्यांगों और पालनहार योजना से वंचित अनाथ बच्चों के लिए राहत बनकर सामने आया। पं. दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के तहत लगे इस शिविर में जिला कलक्टर ने अंतिम पंक्ति में बैठे दिव्यांग बच्चों की समस्याएं सुनीं। पायल पुत्री वालजी और गौतम पुत्र माला बरगोट के पास दिव्यांगता प्रमाण-पत्र नहीं था। इस कारण इन्हें किसी भी सरकारी योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा था। कलक्टर के निर्देश पर दोनों मानसिक रूप से विमंदित बच्चों को सरकारी वाहन से बांसवाड़ा भेजा गया। मेडिकल बोर्ड ने जांच की। मल्टीपल डिसएबिलिटी की पुष्टि के बाद ई-मित्र के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन करवाया गया। प्रमाण-पत्र मिलते ही दोनों को दिव्यांगजन योजनाओं का लाभ मिलेगा। शिविर में आशा कुमारी पुत्री गांगलाजी, गांगला पुत्र लालियाजी और मनोज पुत्र केसिया के ऑफलाइन दिव्यांग प्रमाण-पत्रों को भी मौके पर ही ऑनलाइन किया गया। पालनहार योजना से वंचित अनाथ बालक-बालिका मनीषा पुत्री कमला और गौतम पुत्र कमला के आवेदन लिए गए। इनके पिता की मृत्यु हो चुकी है। मां इन्हें छोड़ चुकी है। दोनों का विद्यालय में नामांकन कर आवेदन जमा करवाया गया। दिव्यांगों और अनाथ बच्चों के परिजनों ने मुख्यमंत्री, कलक्टर, विकास अधिकारी धनपत सिंह, अति. विकास अधिकारी राकेश निनामा, नायब तहसीलदार रामलाल यादव, प्रशासक रमेशचंद्र बरगोट और ग्राम विकास अधिकारी मांगीलाल टेलर का आभार जताया। सभी ने इनकी समस्याएं समझीं और शिविर में तुरंत राहत दिलाई।

CS Scanned with CamScanner

## ग्राम पंचायत नवागांव में अंत्योदय संबल शिविर, पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश

# जरूरतमंदों को योजनाओं का लाभ दें: कलेक्टर



सज्जनगढ़. नवागांव पंचायत परिसर में पौधरोपण करते कलेक्टर।

सज्जनगढ़| ग्राम पंचायत नवागांव में संबल पखवाड़ा शिविर का आयोजन हुआ। शिविर में कलेक्टर डॉ. इंद्रजीत [illegible] और अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी कैलाश चंद पहुंचे। उन्होंने शिविर का निरीक्षण किया। मौके पर ही अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए। शिविर का उद्देश्य सरकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना था। शिविर में कई विभागों ने भाग लिया। पात्र लाभार्थियों को योजनाओं का त्वरित लाभ दिया गया। स्वास्थ्य विभाग ने जांच कर, जरूरतमंद नागरिकों को आयुष्मान भारत योजना के तहत स्वास्थ्य बीमा कार्ड जारी किया। कृषि विभाग ने किसानों को फसल के मिनी किट वितरित किए। हरियालो राजस्थान अभियान के तहत ग्राम पंचायत परिसर में पौधरोपण किया गया। शिविर में तहसीलदार [illegible], नायब तहसीलदार [illegible], विकास अधिकारी [illegible], मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी [illegible], [illegible] ग्राम विकास अधिकारी [illegible], पीईईओ [illegible] और अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। सभी ने योजनाओं की जानकारी दी। पात्र लोगों को लाभ दिलाया।

### पंचायत समिति और अस्पताल का कलेक्टर ने किया निरीक्षण



कुशलगढ़ में अस्पताल व पंचायत समिति का निरीक्षण करते कलेक्टर।

कुशलगढ़| कलेक्टर ने पंचायत समिति कार्यालय, निर्माणाधीन उप जिला अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का निरीक्षण किया। पंचायत समिति कार्यालय में विभागीय योजनाओं की जानकारी ली। सभी संबंधित प्रभारियों को योजनाओं की प्रगति के लिए दिशा-निर्देश दिए। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण, महात्मा गांधी नरेगा, पंडित दीनदयाल उपाध्याय गरीबी मुक्त योजना और स्वच्छ भारत मिशन की प्रगति पर भी चर्चा की। संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को जरूरी निर्देश दिए। इसके बाद कलेक्टर ने पंचायत समिति के पास बने चिकित्सालय का निरीक्षण किया। सबसे पहले निर्माणाधीन उप जिला चिकित्सालय का जायजा लिया। कार्य की गुणवत्ता को लेकर ठेकेदार को निर्देश दिए। इसके बाद सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का निरीक्षण किया। मरीजों को मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी ली। सुधार के लिए चिकित्सा अधिकारियों को निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उपखंड अधिकारी डॉ. [illegible], तहसीलदार [illegible], अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी कैलाशचंद्र [illegible], विकास अधिकारी [illegible], डॉ. [illegible], वरिष्ठ सहायक [illegible] सहित अन्य कर्मचारी मौजूद थे।

CS Scanned with CamScanner

# गोपीनाथ का गड़ा में शिविर आयोजित



परतापुर @ पत्रिका. पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय सम्बल पखवाड़े के तहत शुक्रवार को गोपीनाथ का गड़ा ग्राम पंचायत मुख्यालय पर उपखंड अधिकारी श्रवण सिंह राठौड़ की उपस्थिति में शिविर आयोजित हुआ। वीडियो सागर गवारिया ने बताया कि शिविर में राजस्व, ग्रामीण विकास, पंचायती राज, ऊर्जा विभाग सहित अन्य विभागों की सहभागिता रही। जिसमें ग्रामीण पेंशन सत्यापन, स्वामीत्व योजना में पट्टा वितरण, बीपीएल परिवार सत्यापन, पशुपालन विभाग द्वारा 15 पशुओं का टीकाकरण किया गया। शिविर में 5 व्यक्तियों की पीएम जेएसवाई में केवाईसी की गई। पांच बच्चों का टीकाकरण एवं गर्भवती महिलाओं की जांच की गई। तीन हैंडपंप मरम्मत किए गए। शिविर में विकास अधिकारी बहादुर सिंह ताबियार, गिरदावर सपना जोशी, सरपंच कालुराम कतिजा, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सचिव वीरपाल सिंह झाला, प्रताप, भोपाल सिंह सहित अधिकारी, कर्मचारी एवं ग्रामीण मौजूद रहे।

CS Scanned with CamScanner

# मक्का मिनिकिट एवं मृदा स्वास्थ्य कार्ड वितरित

परतापुर @ पत्रिका. पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के अंतर्गत ग्राम पंचायत गोपीनाथ का गढ़ा में कृषि विभाग द्वारा किसानों को निःशुल्क मक्का मिनीकिट का वितरण किया गया। कार्यक्रम के दौरान कुल 15 क़िसानों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड भी वितरित किए गए। कृषि पर्यवेक्षक नितिन जोशी एवं महेश खाट ने किसानों को मृदा परीक्षण के महत्व एवं उन्नत कृषि तकनीकों की जानकारी दी। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सचिव वीरपाल सिंह झाला, अरविंद सिंह राठौड़, मानसिंह डाबी प्रहलाद सिंह, भोपाल सिंह, बालकृष्ण बुनकर आदि उपस्थित थे।

CS Scanned with CamScanner

### नवागांव में संबल पखवाड़ा शिविर का कलक्टर ने किया निरीक्षण

# 'योजनाओं का लाभ दिलवाया'

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com



**सज्जनगढ़.** उपखंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत नवागांव में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के अंतर्गत जनसेवा शिविर का आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य अंतिम व्यक्ति तक राजस्थान सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना रहा।

शिविर में कलक्टर डॉ. इंद्रजीत यादव एवं अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी कैलाश चंद्र ने भाग लिया और योजनाओं के क्रियान्वयन का निरीक्षण कर दिशा-निर्देश दिए। शिविर में स्वास्थ्य, सामाजिक न्याय, कृषि, राजस्व, विद्युत, शिक्षा सहित कई विभागों ने सहभागिता निभाई। आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत रूपापाड़ा निवासी तोला अड़ को स्वास्थ्य बीमा कार्ड प्रदान किया गया।

वृद्धावस्था और दिव्यांगजन पेंशन योजना में पात्र लाभार्थियों की ऑन-द-स्पॉट जांच कर पेंशन स्वीकृत की गई। पालनहार योजना, विकलांग प्रमाण पत्र और शिक्षा संबंधित योजनाओं की भी प्रभावी जानकारी दी गई।

## पौधरोपण से पर्यावरण संरक्षण का संदेश

'हरियालो राजस्थान' अभियान के तहत ग्राम पंचायत परिसर में पौधरोपण किया गया। जिला कलक्टर व अन्य अधिकारियों ने पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया तहसीलदार हरीश सोनी, नायब तहसीलदार मानसी डिंडोर, विकास अधिकारी जगन प्रसाद ओझा, सरपंच गीता कटारा, ग्राम विकास अधिकारी विजेन्द्र पारगी सहित सभी विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। जिला कलक्टर ने स्पष्ट किया कि संबल पखवाड़ा का उद्देश्य आमजन तक योजनाएं पारदर्शिता से पहुंचाना है।

## कृषि व राजस्व में राहत

कृषि विभाग ने किसानों को मक्का के मिनी किट वितरित किए। राजस्व विभाग ने एक भूमि विभाजन, पांच पत्थरगढ़ी व एक सीमांकन प्रकरण का मौके पर ही निस्तारण किया। वहीं, बिजली विभाग को झूलते तारों को ठीक करने के लिए तत्काल निर्देश जारी किए गए।

CS Scanned with CamScanner

## पण्डित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़ा

# शिविरों में हुआ ग्रामीणों की समस्याओं का निस्तारण










## तुरन्त मंगवाई सप्लाई और वितरण करवाया



## खेड़ापा में लगे शिविर में विभिन्न विभागों से जुड़ी समस्याओं का निस्तारण

# पात्र लाभार्थियों को मिला स्वामित्व का पट्टा, मृदा स्वास्थ्य कार्ड वितरित

पत्रिका
पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com



**भोपालगढ़ @ पत्रिका.** राज्य सरकार के निर्देशानुसार पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के तहत लोगों को सरकारी कामकाज एक ही छत के नीचे करने को लेकर शिविर लगाए जा रहे हैं। शुक्रवार को क्षेत्र के खेड़ापा ग्राम पंचायत में शिविर लगाया गया। शिविर में पंचायतीराज विभाग की ओर से पात्र लाभार्थियों को 11 स्वामित्व पट्टों का वितरण, प्रधानमंत्री आवास के 10 आवेदन, पेंशन सत्यापन के 4 आवेदन, कृषि विभाग की ओर से ड्रिप और स्प्रिंकलर सिंचाई प्रणाली की 6 स्वीकृतियां दिए जाने के साथ ही 23 मृदा नमूने लिए गए तथा 12 मृदा स्वास्थ्य कार्ड वितरित किए गए। इसके अलावा पशुपालन विभाग की ओर से 320 पशुओं की स्वास्थ्य जांच, इलाज और टीकाकरण की सुविधा भी शिविर में उपलब्ध कराई गई। साथ ही चिकित्सा व आयुष विभाग की ओर से 83 मरीजों की स्वास्थ्य जांच की गई। खाद्य व नागरिक आपूर्ति विभाग की तरफ 30 लोगों का खाद्य सुरक्षा में नाम जोड़कर 52 व्यक्तियों के खाद्य सुरक्षा योजना अंतर्गत ई-केवाईसी की गई। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग ने पेंशन सत्यापन के 4 आवेदन निस्तारित किए, जबकि राजस्व विभाग ने सीमाज्ञान, बंटवारा, नामांतरण, रास्तों और भूमि आवंटन से संबंधित प्रकरणों का मौके पर निस्तारण किया गया और फार्मर आईडी प्रदान की गई। ऊर्जा विभाग ने बिजली के झूलते तारों, खंभों की मरम्मत और पेड़ों की कटाई जैसे कार्य प्रस्तावित किए। जलदाय विभाग ने नल कनेक्शन व जलापूर्ति से संबंधित समस्याओं का समाधान किया गया। शिक्षा विभाग ने छात्रवृत्ति के आवेदन स्वीकृत किए गए। इस दौरान शिविर प्रभारी एवं सहायक अधिकारी नाहरसिंह, सरपंच जेठाराम मचरा, ग्राम विकास अधिकारी भागीरथ गोदारा, तपेश चौधरी, आरआई परसाराम चौधरी, पटवारी उमाराम चौधरी, कृषि पर्यवेक्षक सुगनाराम गहलोत, कनिष्ठ सहायक हापूराम चौधरी, पशुधन सहायक वीरमाराम गुर्जर, आयुर्वेद नर्सिंग अधिकारी भोमाराम चौधरी, एएनएम दीपा, विद्युत विभाग से इंजीनियर सुपरवाइजर अजय कुमार, लैब सहायक हरीश, राशन डीलर हरदेवाराम चौधरी, पूर्व वार्डपंच नैनाराम सेन, साबिन मुगना व आशा कार्यकर्ता कमुदेवी समेत कई कर्मचारियों ने सेवा दी। (निसं)

दैनिक भास्कर

# पट्टे वितरण से लेकर स्वास्थ्य जांच तक मिले लाभ



कापरड़ा|राज्य सरकार द्वारा "सबका साथ, सबका विकास" और अंत्योदय की भावना को साकार करने के लिए ग्राम पंचायत बेनण में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के अंतर्गत शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं की जानकारी और लाभ देने के साथ-साथ लंबित मामलों का समाधान भी किया गया। शिविर प्रभारी अतिरिक्त विकास अधिकारी चंद्रभानसिंह ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनकर मौके पर ही समाधान सुनिश्चित किया। शिविर में पेंशन सत्यापन, खाद्य सुरक्षा सूची में नाम जोड़ना, नामांतरण, खेत एवं रास्ते का सीमांकन, बिजली कनेक्शन, रक्त जांच, पशु चिकित्सा सेवाएं, बाजरा व मूंग बीज की मिनी किट वितरण और स्वामित्व पट्टों का वितरण किया गया। सरपंच आईदानराम मेघवाल ने सभी अधिकारियों का स्वागत करते हुए आभार जताया। शिविर में मुकेश सैन, अरुण, कैलाश चंद्र, बीरमराम, गोरधनराम समेत अनेक ग्रामीण उपस्थित रहे।

दैनिक भास्कर

# 55 वर्षों बाद हुआ नामांतरण दर्ज, वारिसों के चेहरों पर छलकी खुशी



नाथड़ाऊ|पंडित

दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा शिविर के तहत ग्राम पंचायत मुखिया नाथड़ाऊ में 55 वर्षों से लंबित एक विरासत नामांतरण प्रकरण का समाधान होते ही संबंधित वारिसों के चेहरों पर खुशी छलक उठी। खातेदार मालाराम, बाबूराम, भैराराम, मगाराम, सालूराम एवं गीता, निवासी नाथड़ाऊ ने इस महत्वपूर्ण कार्य को अपने लिए सौगात बताया और राज्य सरकार के प्रति आभार प्रकट किया। शिविर के दौरान कुल 8 नामांतरण दर्ज किए गए, साथ ही करण शुद्धि पत्र जारी किए गए एवं अन्य राजस्व संबंधित कार्य भी संपादित किए गए। इस अवसर पर शिविर प्रभारी एईएन योगेश कुमार, पटवारी अलका, डूंगरसिंह इंदा, पप्पू सिंह इंदा, आसाराम मीणा, उत्तम सिंह, विक्रम सिंह राजपुरोहित, अखे सिंह सहित अनेक गणमान्यजन उपस्थित रहे।

जोधपुर
दैनिक नवज्योति

# किसानों के खाते में कुछ ही दिनों में जमा होगी कृषि आदान अनुदान की राशि : पटेल

## धाधिया में दिखी सरकार के कामकाज की गहरी झलक, एक ही दिन मे हुए रिकॉर्ड काम, 20 लाख के विकास कार्यों की हाथोंहाथ स्वीकृति, धाधिया से देवपुरा तक सड़क बनने का मार्ग हुआ प्रशस्त, राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज हुआ मार्ग



दैनिक नवज्योति

# खेड़ापा में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा शिविर आयोजित

नवज्योति/लोहावट।

ग्राम पंचायत खेड़ापा में शुक्रवार को राज्य सरकार के निर्देशानुसार पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें ग्रामीणों को 16 विभागों की 63 जनकल्याणकारी योजनाओं और सेवाओं का लाभ एक ही स्थान पर उपलब्ध कराया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण, महिलाएं और बुजुर्ग इस शिविर में भाग लेकर विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित हुए। पंचायती राज विभाग द्वारा पात्र लाभार्थियों को 11 स्वामित्व पट्टों का वितरण, प्रधानमंत्री आवास के 10 आवेदन, पेंशन सत्यापन के 4 आवेदन।

कृषि विभाग द्वारा ड्रिप और स्प्रिंकलर सिंचाई प्रणाली की 6 स्वीकृतियां दी गईं और 23 मृदा नमूने लिए गए तथा 12 मृदा स्वास्थ्य कार्ड वितरित किए गए। पशुपालन विभाग की ओर से 320 पशुओं की स्वास्थ्य जांच, इलाज और टीकाकरण की सुविधा शिविर में उपलब्ध कराई गई है। इसके अतिरिक्त चिकित्सा, आयुष विभाग



द्वारा 83 मरीजों की जांच की गई। वहीं खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग द्वारा 30 लोगों का खाद्य सुरक्षा में नाम जोड़ा गया वहीं 52 व्यक्तियों के खाद्य सुरक्षा योजना अंतर्गत ईकेवाईसी की गई। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा पेंशन सत्यापन के 4 आवेदन निस्तारित किए गए। राजस्व विभाग द्वारा सीमाज्ञान, बंटवारा, नामांतरण, रास्तों और भूमि आवंटन से संबंधित प्रकरणों का मौके पर निस्तारण किया गया और फार्मर आईडी पंजीयन की गई। ऊर्जा विभाग द्वारा बिजली के झूलते तारों, खंभों की मरम्मत और पेड़ों की कटाई जैसे कार्य किए जाने प्रस्तावित किए गए। जबकि जलदाय विभाग नल कनेक्शन, जलापूर्ति से संबंधित समस्याओं का समाधान किया गया। शिक्षा विभाग द्वारा छात्रवृत्ति के आवेदन स्वीकृत किए गए। इस दौरान शिविर प्रभारी एवं सहायक अधिकारी नाहरसिंह, सरपंच जेठाराम मांजू, ग्राम विकास अधिकारी भागीरथ खोड़ा, जोगेश चौधरी, आर आई रामाराम चौधरी, पटवारी उमाराम चौधरी, कृषि पर्यवेक्षक सुगनाराम गहलोत, कनिष्ठ सहायक हापूराम चौधरी, पशुधन सहायक बीरबलराम गुर्जर, आयुर्वेद नर्सिंग अधिकारी भोमाराम चौधरी, एएनएम दीपा, सामाजिक कार्यकर्ता रामलाल प्रजापत, विद्युत विभाग से इंजीनियर सुरताराम अजय कुमार, लैब सहायक हरीश, राशन डीलर हरदेवाराम चौधरी, पूर्व वार्डपंच नैनाराम सेन, सचिव सुमन, आशा कार्यकर्ता इत्यादि कर्मचारीगण एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं ने अपनी सेवाएं दी।

जयपुर
मिशन पत्रकारिता का प्रहरी
# महानगर टाइम्स

**सफलता की कहानी** | पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा

# 45 साल बाद मिली ज़मीन पर अधिकार की मुहर

महानगर संवाददाता



जोधपुर, 27 जून। गर्म दोपहर की धूप थी, मगर राजनगर गांव के पंचायत मुख्यालय में कुछ चेहरों पर उम्मीद की ठंडी छांव थी।

पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के अंतर्गत आयोजित शिविर में एक ऐसा मामला सामने आया, जिसकी फाइलें बीते चार दशकों से बंद पड़ी थीं – स्वर्गीय मुलाराम (पुत्र भीखाराम), जाति मेघवाल, निवासी राजनगर का इंतकाल मामला।

## हुआ यूं था कि...

मुलाराम जी का निधन वर्ष 1980 में हो गया था। उनके इकलौते पुत्र रामाराम जी की भी मृत्यु हो चुकी थी। तब से यह विरासत रिकॉर्डों में अधूरी थी, और परिवार को जमीन पर अधिकार तो था, मगर कागजों में नहीं।

## सुविधा नहीं, समाधान बन रहे ये शिविर

राजस्व विभाग की टीम की तत्परता और प्रशासन की संवेदनशीलता ने यह सिद्ध कर दिया कि सरकारी योजनाएं जब जमीनी स्तर तक पहुंचती हैं, तो वे सिर्फ सुविधा नहीं, समाधान बन जाती हैं।

राजनगर ग्राम पंचायत में आयोजित यह शिविर उन हजारों ग्रामीणों के लिए उम्मीद की किरण है, जिनकी समस्याएं इन शिविरों के माध्यम से सुलझ रही हैं।

## एक आवेदन ने वेदनाएं की दूर

शिविर में मुलाराम के पौत्र पुखराज ने जब आवेदन किया, तो राजस्व विभाग ने तत्परता और संवेदनशीलता से मौके पर ही जांच की। सभी दस्तावेजों और वारिसान की पुष्टि के बाद, पुखराज व उनकी बहनों के नाम पर विरासत का इंतकाल दर्ज कर दिया गया।

## यह घोषणा हमारे लिए किसी सौगात से कम नहीं

शिविर में जैसे ही यह घोषणा हुई, पुखराज की आंखों में चमक आ गई। उन्होंने भावुक होते हुए कहा, 'यह इंतजार हमने नहीं, हमारे पूरे परिवार ने किया था। आज इस शिविर में हमें न सिर्फ कागज मिला, बल्कि सुकून मिला। मैं सरकार का दिल से आभार प्रकट करता हूं, यह पखवाड़ा हमारे लिए किसी सौगात से कम नहीं है।'

# हुक्मनामा समाचार

## 45 साल बाद लगी जमीन पर अधिकार की मुहर

### राजसागर में अंत्योदय संबल शिविर बना विरासत के इंतकाल का साक्षी



हुक्मनामा समाचार

**जोधपुर।** गर्म दोपहर की धूप थी, लेकिन राजसागर गांव के पंचायत मुख्यालय में कुछ चेहरों पर उम्मीद की ठंडी छांव थी। पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के अंतर्गत आयोजित शिविर में एक ऐसा मामला सामने आया, जिसकी फाइलें बीते चार दशकों से बंद पड़ी थीं- खातेदार मूलाराम पुत्र भीखाराम मेघवाल निवासी राजसागर का इंतकाल मामला।

दरअसल मूलाराम का निधन वर्ष 1980 में हो गया था। उनके इकलौते पुत्र रावताराम की भी मृत्यु हो चुकी थी। तब से यह विरासत रिकॉर्डों में अधूरी थी, और परिवार को ज़मीन पर अधिकार तो था, लेकिन कागज़ों में नहीं। शिविर में मूलाराम के पौत्र पुखराज ने जब आवेदन किया, तो राजस्व विभाग ने तत्परता और संवेदनशीलता से मौके पर ही जांच की। सभी दस्तावेज़ों और वारिसान की पुष्टि के बाद, पुखराज व उनकी बहनों के नाम पर विरासत का इंतकाल दर्ज कर दिया गया। शिविर में जैसे ही यह घोषणा हुई, पुखराज की आंखों में चमक आ गई। उन्होंने भावुक होते हुए कहा कि यह इंतजार हमने नहीं, हमारे पूरे परिवार ने किया था। आज इस शिविर में हमें न सिर्फ कागज़ मिला, बल्कि सुकून मिला। मैं सरकार का दिल से आभार प्रकट करता हूं, यह पखवाड़ा हमारे लिए किसी सौगात से कम नहीं है। राजसागर ग्राम पंचायत में आयोजित यह शिविर उन हजारों ग्रामीणों के लिए उम्मीद की किरण है, जिनकी समस्याएं इन शिविरों के माध्यम से सुलझ रही हैं।

**70 साल बाद मिली अपने घर की पहचान :** गांव वही था, घर भी वही लेकिन अजयपालसिंह के चेहरे पर जो मुस्कान थी, वो पहले कभी नहीं देखी गई थी। भैरूसागर ग्राम पंचायत में रहने वाले अजयपाल के लिए यह सुबह एक नई शुरुआत लेकर आई। सत्तर वर्षों से जिस पुश्तैनी घर में उनका परिवार रह रहा था, उस पर उन्हें पहली बार कानूनी अधिकार मिला वो भी भारत सरकार की स्वामित्व योजना और राजस्थान सरकार की संवेदनशील पहल के चलते। पण्डित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा 2025 के अंतर्गत आयोजित शिविर में अजयपालसिंह को सम्पत्ति कार्ड सौंपा गया। इससे पहले तक उनके पास घर का कोई वैध दस्तावेज़ नहीं था। बैंक से ऋण लेने में परेशानी होती, किसी योजना का लाभ नहीं मिल पाता। लेकिन अब उनके पास प्रमाण है, अधिकार है और आत्मसम्मान है।

दैनिक पर्यटन बाज़ार | जोधपुर (राज.) शनिवार, 28 जून 2025

पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा : सफलता की कहानी

# स्वामित्व योजना बनी सहारा, शिविरों से लोगों को मिल रहे लाभ

दैनिक पर्यटन बाज़ार



जोधपुर। गांव वही था, घर भी वही — मगर अजयपालसिंह के चेहरे पर जो मुस्कान थी, वो पहले कभी नहीं देखी गई थी। भैरूसागर ग्राम पंचायत में रहने वाले अजयपाल के लिए यह सुबह एक नई शुरुआत लेकर आई। 70 वर्षों से जिस पुश्तैनी घर में उनका परिवार रह रहा था, उस पर उन्हें पहली बार कानूनी अधिकार मिला — वो भी भारत सरकार की स्वामित्व योजना और राजस्थान सरकार की संवेदनशील पहल के चलते। पण्डित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा 2025 के अंतर्गत आयोजित शिविर में अजयपालसिंह को सम्पत्ति कार्ड सौंपा गया। इससे पहले तक उनके पास घर का कोई वैध दस्तावेज़ नहीं था। बैंक से ऋण लेने में परेशानी होती, किसी योजना का लाभ नहीं मिल पाता। लेकिन अब उनके पास प्रमाण है, अधिकार है और आत्मसम्मान है।

शिविर से लौटते हुए अजयपालसिंह ने भावुक स्वर में कहा कि अब मुझे कहीं जाने की ज़रूरत नहीं, अब मैं गर्व से कह सकता हूं कि यह घर मेरा है। मैं राजस्थान सरकार और इन शिविरों का आभार व्यक्त करता हूं जिन्होंने मेरी ज़िंदगी आसान बना दी। अब मैं बैंक से लोन भी ले सकूंगा और अपने घर की मरम्मत करवा सकूंगा। सच में, ये योजना हम जैसे आम लोगों के लिए वरदान है। राज्य सरकार की यह पहल आम जन के जीवन में नया मूल्य जोड़ रही है — यह योजना केवल सुविधा नहीं, एक सशक्तिकरण है। भैरूसागर के अजयपालसिंह जैसे न जाने कितने लोग आज पहली बार अपने घर को 'अपना' कह पा रहे हैं — ये ही इस योजना की सबसे बड़ी सफलता है।

सूर्यनगरी तहलका
सांध्य दैनिक

# राजसागर में अंत्योदय संबल शिविर बना विरासत के इंतकाल का साक्षी

सूर्यनगरी तहलका रिपोर्टर

**जोधपुर।** गर्म दोपहर की धूप थी, लेकिन राजसागर गांव के पंचायत मुख्यालय में कुछ चेहरों पर उम्मीद की ठंडी छांव थी। पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के अंतर्गत आयोजित शिविर में एक ऐसा मामला सामने आया, जिसकी फाइलें बीते चार दशकों से बंद पड़ी थीं- खातेदार मूलाराम पुत्र भीखाराम मेघवाल निवासी राजसागर का इंतकाल मामला। दरअसल मूलाराम का निधन वर्ष 1980 में हो गया था। उनके इकलौते पुत्र रावलराम की भी मृत्यु हो चुकी थी। तब से यह विरासत रिकॉर्डों में अधूरी थी, और परिवार को ज़मीन पर अधिकार तो था, लेकिन कागज़ों में नहीं। शिविर में मूलाराम के पौत्र पुखराज ने जब आवेदन किया, तो राजस्व विभाग ने तत्परता और संवेदनशीलता से मौके पर ही जांच की। सभी दस्तावेज़ों और वारिसान की पुष्टि के बाद, पुखराज व उनकी बहनों के नाम पर विरासत का इंतकाल दर्ज कर दिया गया। शिविर में जैसे ही यह घोषणा हुई, पुखराज की आंखों में चमक आ गई। उन्होंने भावुक होते हुए कहा कि यह इंतजार हमने नहीं, हमारे पूरे परिवार ने किया था। आज इस शिविर में हमें न सिर्फ कागज़ मिला, बल्कि सुकून मिला। मैं सरकार का दिल से आभार प्रकट करता हूं, यह पखवाड़ा हमारे लिए किसी सौगात से कम नहीं है। राजसागर ग्राम पंचायत में आयोजित यह शिविर उन हजारों ग्रामीणों के लिए उम्मीद की किरण है, जिनकी समस्याएं इन शिविरों के माध्यम से सुलझ रही हैं।

**70 साल बाद मिली अपने घर की पहचान**

गांव वही था, घर भी वही लेकिन अजयपालसिंह के चेहरे पर जो मुस्कान थी, वो पहले कभी नहीं देखी गई थी। भैरूसागर ग्राम पंचायत में रहने वाले अजयपाल के लिए यह सुबह एक नई शुरुआत लेकर आई। सत्तर वर्षों से जिस पुश्तैनी घर में उनका परिवार रह रहा था, उस पर उन्हें पहली बार कानूनी अधिकार मिला वो भी भारत सरकार की स्वामित्व योजना और राजस्थान सरकार की संवेदनशील पहल के चलते। पण्डित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा 2025 के अंतर्गत आयोजित शिविर में अजयपालसिंह को सम्पत्ति कार्ड सौंपा गया। इससे पहले तक उनके पास घर का कोई वैध दस्तावेज़ नहीं था। बैंक से ऋण लेने में परेशानी होती, किसी योजना का लाभ नहीं मिल पाता। लेकिन अब उनके पास प्रमाण है, अधिकार है और आत्मसम्मान है।

जोधपुर एक्सप्रेस
सांध्य दैनिक

पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा: सफलता की कहानी

# स्वामित्व योजना जरूरतमंदों के लिए बनी सहारा

## 70 साल बाद मिली अपने घर की पहचान, अजयपालसिंह बोले- अब ये घर मेरा हुआ



**जोधपुर एक्सप्रेस न्यूज/जोधपुर।** गांव वही था, घर भी वही — मगर अजयपालसिंह के चेहरे पर जो मुस्कान थी, वो पहले कभी नहीं देखी गई थी। भैरूसागर ग्राम पंचायत में रहने वाले अजयपाल के लिए यह सुबह एक नई शुरुआत लेकर आई। 70 वर्षों से जिस पुश्तैनी घर में उनका परिवार रह रहा था, उस पर उन्हें पहली बार कानूनी अधिकार मिला — वो भी भारत सरकार की स्वामित्व योजना और राजस्थान सरकार की संवेदनशील पहल के चलते।

पण्डित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा 2025 के अंतर्गत आयोजित शिविर में अजयपालसिंह को सम्पत्ति कार्ड सौंपा गया। इससे पहले तक उनके पास घर का कोई वैध दस्तावेज़ नहीं था। बैंक से ऋण लेने में परेशानी होती, किसी योजना का लाभ नहीं मिल पाता। लेकिन अब उनके पास प्रमाण है, अधिकार है और आत्मसम्मान है।

शिविर से लौटते हुए अजयपालसिंह ने भावुक स्वर में कहा अब मुझे कहीं जाने की ज़रूरत नहीं, अब मैं गर्व से कह सकता हूं कि यह घर मेरा है। मैं राजस्थान सरकार और इन शिविरों का आभार व्यक्त करता हूं जिन्होंने मेरी ज़िंदगी आसान बना दी। अब मैं बैंक से लोन भी ले सकूंगा और अपने घर की मरम्मत करवा सकूंगा। सच में, ये योजना हम जैसे आम लोगों के लिए वरदान है।

राज्य सरकार द्वारा आयोजित ये शिविर अंतिम छोर तक के लोगों के जीवन में स्थायित्व, भरोसा और अधिकार भर रहे हैं। स्वामित्व योजना के तहत संपत्ति कार्ड का वितरण ग्रामीण जनजीवन में बड़ा बदलाव ला रहा है-न सिर्फ संपत्ति का कानूनी हक मिल रहा है, बल्कि आर्थिक आत्मनिर्भरता की ओर भी एक अहम कदम साबित हो रहा है।

राज्य सरकार की यह पहल आम जन के जीवन में नया मूल्य जोड़ रही है — यह योजना केवल सुविधा नहीं, एक सशक्तिकरण है। भैरूसागर के अजयपालसिंह जैसे न जाने कितने लोग आज पहली बार अपने घर को 'अपना' कह पा रहे हैं-ये ही इस योजना की सबसे बड़ी सफलता है।

# दैनिक भोर, 28 जून 2025

## पांच घुमन्तू परिवारों को आवासीय पट्टे का लाभ



### अब वे पक्के मकान का भी सपना साकार कर सकेंगे

**श्रीगंगानगर, 27 जून।** राज्य सरकार के निर्देशानुसार पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के अंतर्गत घडसाना उपखण्ड की ग्राम पंचायत 7केएनडी-ए में घुमन्तू, अर्द्धघुमन्तू के पांच परिवारों का आवासीय पट्टे प्रदान कर लाभान्वित किया गया। शिविर के सहप्रभारी ने बताया कि घुमन्तू, अर्द्धघुमन्तू परिवारों में मांगीलाल, राजकुमार, अजयपाल, राकेश कुमार व रतिराम ने बताया कि आवासीय भूमि के स्वामित्व को लेकर काफी परेशान है। भूमि पर कब्जा तो है लेकिन कोई वैद्य दस्तावेज नहीं होने के कारण किसी सरकारी योजना का लाभ नहीं ले पा रहे हैं। शिविर में पांचों परिवारों को प्रधानमंत्री स्वामित्व योजना में आवासीय पट्टा देने से पांचों परिवारों में खुशी की लहर दौड़ गई। **शेष पृष्ठ 2 पर**

दैनिक भोर, 28 जून 2025

# जगजीत सिंह से शुद्धि कर बना जगजोत सिंह

**श्रीगंगानगर, 27 जून।** राज्य सरकार के निर्देशानुसार पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के अंतर्गत में ग्राम



पंचायत साहिबसिंहवाला में शिविर आयोजित किया गया। शिविर में गांव 3 एम निवासी जगजोत सिंह पुत्र बलजिन्द्र सिंह ने अपने नाम के शुद्धिकरण के लिये प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया। जगजोत सिंह ने बताया कि जमाबंदी चक 3 एम खाता संख्या 44, 45 व 67 में अपने नाम की शुद्धि करवानी है। जमा बंदी खातों में मेरा नाम जगजीत सिंह पुत्र बलजिन्द्र सिंह दर्ज है जबकि 3 एम की जमा बंदी खाता संख्या 19 व 69 में जगजोत सिंह पुत्र बलजिन्द्र सिंह सही दर्ज है। खाता संख्या 44, 45 व 67 में जमा बंदी व आधार कार्ड तथा जमाबंदी खाता संख्या 19, 69 में नाम की भिन्नता के कारण मुझे कृषि कार्यों, विद्युत कनेक्शन, केसीसी व कृषि कार्यों का लाभ नहीं मिल रहा है। मेरा नाम शुद्धिकरण किया जाये। शिविर में सहायक शिविर प्रभारी ने तुरन्त कार्यवाही करते हुए हल्का पटवारी व भू-अभिलेख निरीक्षक से जांच रिपोर्ट मंगवाई। जांच रिपोर्ट से संतुष्ट होकर शिविर प्रभारी ने तत्काल कार्यवाही करते हुए जगजीत सिंह पुत्र बलजिन्द्र सिंह के स्थान पर जगजोत सिंह पुत्र बलजिन्द्र सिंह शुद्ध करते हुए रिकॉर्ड में दर्ज करने के आदेश जारी किये। श्री जगजोत सिंह ने अशुद्ध नाम की समस्या का समाधान होने पर राजस्थान के मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा का आभार व्यक्त किया।

# सीमा संदेश, 28 जून 2025

**अंत्योदय सम्बल पखवाड़ा...मकानों के पट्टे मिल रहे, सीमाज्ञान-नामांतरण जैसे प्रकरणों का भी निस्तारण**

# गांवों की चौखट पर अफसर-कर्मी, योजनाओं का फायदा मिल रहा...अन्य कई काम भी हो रहे

## ग्राम पंचायत 56 एफ और 42 एच में सम्बल शिविर लगाया

सीमा सन्देश # श्रीकरणपुर

पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय सम्बल पखवाड़े के तहत 56 एफ पंचायत भवन में शिविर लगाया गया। एसडीएम अजीत गोदारा, मुकेश कुमार खारिया तहसीलदार गजसिंहपुर, रविंद्र कुमार शर्मा विकास अधिकारी, प्रशासक श्रीमती सुलोचना, वीडीओ चंद्रभान एवं प्रशासक प्रतिनिधि मोहनलाल ने भाग लिया। कश्मीर सिंह निवासी 52 एफ को प्रधानमंत्री द्वारा चलाई जा रही स्वामित्व योजना के अंतर्गत उसके आवास का पट्टा व स्वामित्व कार्ड दिया गया। इस योजना का लाभ चार परिवारों को दिया गया। सीमा ज्ञान, नामांतरण, खाद्य सुरक्षा से संबंधित प्रकरण, आधार सीडिंग आदि कार्य किए गए। मिशन हरियालो राजस्थान के पौधारोपण किया गया। मृदा स्वास्थ्य कार्ड, पीएमजेबाई, मवेशियों के टीकाकरण आदि कार्य भी हुए। इसी प्रकार ग्राम पंचायत 42 एच में विकास अधिकारी रविंद्र कुमार शर्मा, सह प्रभारी नायब तहसीलदार मुकेश कुमार, प्रशासक चरणजीत कौर, ग्राम विकास अधिकारी मेघाराम, पंकज हांडा शिविर में उपस्थित रहे। इसमें राजस्व, चिकित्सा, पंचायत राज, बिजली, पशुपालन, रसद, कृषि विभाग से संबंधित प्रकरणों का निस्तारण किया गया।

## लट्ठांवाली में शिविर लगाया

सीमा सन्देश # केसरीसिंहपुर। निकटवर्ती ग्राम पंचायत 9 एफएल लट्ठांवाली में संबल पखवाड़े के तहत शिविर लगाया। नायब तहसीलदार रवि शंकर, सहायक विकास अधिकारी राकेश सहारण, प्रशासक तरसेम सिंह, वीडीओ कमलेश स्वामी, धर्मपाल भू अभिलेख निरीक्षक, संदीप कुमार कृषि पर्यवेक्षक, शेर सिंह कनिष्ठ सहायक एवं पूर्णराम आदि उपस्थित रहे। ग्रामीणों को योजनाओं की जानकारी दी और कार्य किए गए। श्मशान भूमि में जाकर पौधारोपण भी किया।



56 एफ श्रीकरणपुर




चक महाराजका

## चकमहाराजका और गदरखेड़ा में शिविरों का आयोजन

सीमा सन्देश # सादुलशहर

पं. दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा अंतर्गत शुक्रवार को ग्राम पंचायत चकमहाराजका में प्रशासक जीवन सिंह बराड़ की अध्यक्षता में विधायक प्रतिनिधि स. बलदेव सिंह बराड़ ने शिविर का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि सभी विभागों के अधिकारी-कर्मचारी ग्रामीणों को गांव के स्तर पर ही आयोजित इस महत्वकांक्षी शिविर में सरकार की विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित करें। समस्याओं का समाधान गांव स्तर पर ही करवाया जाना चाहिए। तभी सरकार द्वारा शुरू किए गए शिविर का उद्देश्य पूरा होगा। शिविर प्रभारी हिंदुमलकोट तहसीलदार महावीर शर्मा ने शिविर में आए सभी अधिकारियों, कर्मचारियों से टीम की भावना से कार्य कर पात्र व्यक्ति को लाभान्वित करने की बात कही। शिविर में विधायक प्रतिनिधि बलदेव सिंह बराड़ एवं प्रशासक जीवन सिंह बराड़, तहसीलदार महावीर शर्मा, ग्राम विकास अधिकारी चंद्रकांता ने संयुक्त रूप से पात्र ग्रामीणों को पट्टे, मृदा स्वास्थ्य कार्ड, पेंशन स्वीकृति पत्र आदि वितरित किए। इस दौरान पीएचईडी के एक्सईएन प्रशांत कौरवा, सामाजिक कार्यकर्ता जसवीर सिंह बराड़, जगदीप सिंह चहल, कौर सिंह, गुरप्रीत सिंह, एलडीसी ज्योति बाला, पटवारी आशीष कुमार, गिरदावर सुनीता, कानूनगो राजेंद्र सिंह सहित आंगनबाड़ी कार्यकर्ता मौजूद थी।

वहीं, गांव गदरखेड़ा में प्रशासक बलजिंद्र सिंह बराड़ की अध्यक्षता में शिविर लगाया गया। इसमें कृषि विभाग के सहायक निदेशक स्वर्ण सिंह अराई के निर्देशन में मृदा स्वास्थ्य कार्ड, ग्राम पंचायत द्वारा पट्टे वितरित किए गए। पालनहार एवं वृद्धावस्था पेंशन के दस्तावेज तैयार करवाए गए। खाद्य सुरक्षा से वंचित पात्र लोगों के नाम सत्यापित किए गए। दस्तावेज एवं पट्टे प्रशासक बलजिंद्र सिंह बराड़, पूर्व उप प्रधान सुरेंद्र जलंधरा, सहायक विकास अधिकारी रामकुमार गोयल, ग्राम विकास अधिकारी जनाब अली ने संयुक्त रूप से प्रदान किए। इस दौरान गिरदावर हंसराज, पटवारी संदीप सहारण आदि मौजूद थे।



गदरखेड़ा, सादुलशहर

# गंगानगर और देश, 28 जून 2025

# 28 व 30 जून को विभिन्न ग्राम पंचायतों में आयोजित होंगे शिविर

**श्रीगंगानगर।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाडे के तहत जिले में 28 एवं 30 जून को उपखण्ड क्षेत्र की चयनित ग्राम पंचायतों में शिविर आयोजित किये जायेंगे। प्रातः 9.30 बजे से लेकर सायं 5.30 बजे तक शिविर संचालित होंगे। जिला कलक्टर डॉ. मंजू के अनुसार 28 जून को उपखण्ड श्रीगंगानगर की ग्राम पंचायत 4 एलएल, 5 एलएल, मदेरां, उपखण्ड पदमपुर की ग्राम पंचायत 37 जीजी, 16 बीबी, 14 एफएफ, उपखण्ड रायसिंहनगर की ग्राम पंचायत 16 पीएस, 10 टीके, 11 टीके, उपखण्ड अनूपगढ़ की ग्राम पंचायत 4 एलएम, 9 एलएमबी, उपखण्ड घडसाना की ग्राम पंचायत 2जीडीबी, 2 केएलडी, उपखण्ड करणपुर की ग्राम पंचायत 14 एस मांझीवाला, धनूर, उपखण्ड सूरतगढ़ की ग्राम पंचायत भगवानसर, मानकसर, जानकीदासवाला, रंगमहल तथा उपखण्ड सादुलशहर की ग्राम पंचायत रोटांवाली, ताखरांवाली में शिविर आयोजित किया जायेगा।

30 जून को उपखण्ड श्रीगंगानगर की ग्राम पंचायत 5 जी छोटी, साहुवाला, 6 ए छोटी, 10 जैड, उपखण्ड पदमपुर की ग्राम पंचायत 19 बीबी, रतेवाला, लुहारा, उपखण्ड रायसिंहनगर की ग्राम पंचायत 3 एमके, उडसर, झोटांवाली, उपखण्ड अनूपग? की ग्राम पंचायत 11/12 एनडी (नाहरांवाली), 3 एनडी, उपखण्ड घडसाना की ग्राम पंचायत 5 एमएलडीए, 3/4 आरएसएम, 10 डीओएल, उपखण्ड विजयनगर की ग्राम पंचायत 8 बीजीडी, 12 जीबी, 10 सरकारी, उपखण्ड करणपुर की ग्राम पंचायत 8वीं, 25 एच, 2 डब्ल्यू गुरूसर, उपखण्ड सूरतगढ़ की ग्राम पंचायत 13 एसडी, पदमपुरा, 2 एसडी, हरदासवाली तथा उपखण्ड सादुलशहर की ग्राम पंचायत पत्रीवाली, 15 एसपीएम में शिविर आयोजित किया जायेगा।

RNI No. 46431/87

श्रीगंगानगर-

# कलक्टर ने किया ग्राम पंचायत चानणा में अंत्योदय सम्बल शिविर का निरीक्षण





## ग्रामीणों से संवाद कर विभागीय अधिकारियों को दिए आवश्यक निर्देश

**श्रीगंगानगर।** मुख्यमंत्री महोदय के निर्देशानुसार जिले में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के अंतर्गत शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। शुक्रवार को जिला कलक्टर ने पदमपुर पंचायत समिति की ग्राम पंचायत चानणा में अंत्योदय सम्बल शिविर का निरीक्षण कर ग्रामीणों से संवाद किया।

इस दौरान संबंधित विभागीय अधिकारियों को दिए आवश्यक निर्देश दिए गए।

शिविर में पहुंचने के बाद जिला कलक्टर ने सेवाएं दे रहे विभिन्न विभागों के कार्मिकों से मौके पर करवाये जा रहे कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने पूछा कि अभी तक शिविर में कितने प्रकरण आए और कैसे आमजन की समस्याओं का निस्तारण कर उन्हें मौके पर ही राहत दी जा रही है। संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा.निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की मंशा के अनुसार शिविर के माध्यम से प्रत्येक पात्र को लाभान्वित करते हुए राहत दी जाए।

एसडीएम पदमपुर अजीत गोदारा ने जिला कलक्टर को अब तक की प्रगति से अवगत करवाते हुए बताया कि शिविर में राजस्व प्रकरण जैसे पत्थरगढ़ी, सीमाज्ञान, नामांतरण, रास्तों के प्रकरणों एवं आपसी सहमति से बंटवारे का निस्तारण करने के साथ-साथ विभिन्न विभागों द्वारा आमजन से जुड़े कार्य संपादित किए जा रहे हैं।

इस अवसर पर जिला परिषद सीईओ गिरधर, एसीएम स्वाति गुप्ता, जिला आबकारी अधिकारी शिवा चौधरी, तहसीलदार दर्शना देवी, सरपंच, ग्राम विकास अधिकारी सहित अन्य मौजूद रहे।

# ग्राम पंचायत 8 केएनडी में पंडित दीनदयाल उपाध्याय कैंप आयोजित, ग्रामीणों की समस्याएं सुनी गईं

**घडसाना (चीनू स्वामी)।** ग्राम पंचायत 8 केएनडी में शुक्रवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय जन सेवा शिविर (कैंप) का आयोजन किया गया। शिविर की अध्यक्षता रावला तहसीलदार रामस्वरूप मीणा ने की। शिविर में ग्रामीणों ने राजस्व, श्रम, पंचायत, सामाजिक सुरक्षा, विद्युत, जलदाय सहित कई विभागों से संबंधित समस्याएं अधिकारियों के समक्ष रखीं। कैंप के दौरान राजस्व विभाग की ओर से 15 नामांतरण प्रकरण, 4 रास्ते केचार (विवाद), 7 पट्टा पेंशन प्रकरण सीमा ज्ञान और प्रकृति परिवर्तन से जुड़ी शिकायतों की सुनवाई की गई। मौके पर ही कुछ मामलों का निस्तारण किया गया, जबकि शेष प्रकरणों को नियमानुसार कार्रवाई के लिए संबंधित विभागों को भेजा गया। शिविर में सरपंच सिंगारी देवी, भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रेम मंडा राकेश बावरी पटवारी, ग्राम विकास अधिकारी, कृषि, पशुपालन, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के प्रतिनिधि सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे। ग्रामीणों ने कैंप में बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपनी समस्याएं दर्ज करवाई। तहसीलदार मीणा ने कहा कि सरकार की मंशा है कि आमजन को उनके गांव में ही सुविधाएं मिले, जिससे वे बार-बार दफ्तरों के चक्कर काटने से बच सकें। शिविर का उद्देश्य यही है कि लोगों की समस्याओं का त्वरित समाधान हो सके।



# ग्राम पंचायत 42 एच में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के तहत शिविर आयोजित



**श्रीकरनपुर (लखविंदर संधू )** ग्राम पंचायत 42 एच में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के तहत शिविर आयोजित किया गया। शिविर में विकास अधिकारी रविंद्र शर्मा, नायब तहसीलदार मुकेश कुमार, प्रशासक चरणजीत कौर, पंकज डंग सहित कर्मचारी और जन प्रतिनिधि मौजूद रहे। पंचायत समिति से पंकज डंग ने जानकारी देते हुए बताया कि ग्रामीणों की समस्या सुनकर उनका मौके पर ही समाधान किया गया, जिसमें राजस्व, बिजली, पानी आदि समस्याओं का निराकरण हुआ। राजस्व विभाग के 5, पंचायती राज विभाग के 93, विद्युत विभाग के 2, चिकित्सा विभाग के 31, पीएचईडी 1, पशु पालन विभाग 134 सहित अन्य विभागों से संबंधित समस्याओं का समाधान किया गया।

# प्रशांत ज्योति, 28 जून 2025

## पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा शिविरों में टीबी रोगियों को निक्षय पोषण किट वितरित

प्रशान्त ज्योति न्यूज

श्रीगंगानगर। पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के तहत आयोजित हो रहे शिविरों में स्वास्थ्य विभाग की ओर से टीबी रोगियों को निक्षय मित्रों के माध्यम से निक्षय पोषण किट वितरित करवाए गए। जिला कलक्टर डॉ. मंजू के निर्देशों पर आयोजित इन शिविरों के दौरान लाभार्थियों को निक्षय किट वितरित किए जा रहे हैं। इसी के साथ आसंक्रामक रोगों को लेकर स्क्रीनिंग, आयुष्मान ई केवाईसी कार्ड वितरण, निशुल्क दवा वितरण, एएनसी जांच, टीकाकरण जैसी सेवाएं भी शिविरार्थियों को प्रदान की जा रही है।

सीएमएचओ डॉ. अजय सिंगला ने बताया कि शिविरों का स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की ओर से भी नियमित रूप से सघन निरीक्षण किया जा रहा है। वहीं सभी कार्मिकों को शिविरों में समय पर उपस्थित होने और शिविर आयोजन तक मौजूद रहते हुए उत्कृष्ट सेवाएं प्रदान करने के निर्देश दिए गए हैं।मौके पर ही लाभार्थियों को निक्षय पोषण किट तथा आयुष्मान कार्ड का वितरण भी किया जाए ताकि आमजन लाभान्वित हो सकें। यहां मौसमी बीमारियों के नियंत्रण, मच्छरों की रोकथाम, एनसीडी स्क्रीनिंग, एएनसी, डिलीवरी, टीकाकरण, दवा और जांच उपलब्धता, आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन सहित विभिन्न



बिंदुओं पर गहन समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि गणेशगढ़ में शिविर के दौरान टीबी रोगियों को स्थानीय सरपंच एवं तहसीलदार की ओर से, ग्राम पंचायत 8 एचएच में बीसीएमओ डॉ. अजायब सिंह ने और उप स्वास्थ्य केंद्र पालीवाला ब्लॉक सूरतगढ़ में बीसीएमओ डॉ. मनोज अग्रवाल ने किट वितरण की। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने टीम को निर्देश दिए कि शिविरों में आमजन को स्वास्थ्य सेवाओं के प्रति जागरूक करें।

# अधिकारी-कर्मचारी किसी भी तरह की कोताही न बरते

## सरकार की योजना का लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्ति को दिया जाए: बराड़

**सीमा सन्देश # सादुलशहर।** विधायक गुरवीर सिंह बराड ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा सरकार द्वारा प्रदेश में लगाए जा रहे पं. दीनदयाल उपाध्याय अंतोद्य संबल शिविर में अधिकारी-कर्मचारी किसी भी तरह की कोताही ना बरते। वे शुक्रवार को गांव करडवाला के पंचायत घर में प्रशासक सुरजीत कौर मान की अध्यक्षता में लगाए गए शिविर का अवलोकन कर रहे थे। यही नहीं उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा एवं शिविर लगाने का उद्देश्य तभी पूरा होगा जब प्रत्येक योजना का लाभ प्रत्येक अंतिम छोर तक व्यक्ति तक पहुंचे। सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की ज्यादा से ज्यादा आमजन को जानकारी मिले, ताकि पात्र व्यक्ति लाभ ले सके। किसी भी व्यक्ति की अगर पेंशन रूकी है तो उसे शुरू करवाएं। शिक्षा विभाग की विभिन्न योजनाओं की जानकारी अभिभावकों एवं ग्रामीणों को प्राथमिकता से देने के निर्देश भी दिए गए, ताकि सरकारी स्कूलों में नामांकन बढ़ सके। सीएमएचओ डॉ. अजय सिंगला ने ग्रामीणों से कहा कि 70 वर्ष की आयु पूर्ण होने अथवा अधिक होने वाले वृद्धजन पीएम आयुष्मान कार्ड बनवाएं। इसमें पांच लाख की राशि तक निःशुल्क इलाज करवाया जा सकता है। इसमें कतई कोताही न बरते। इस बीच विधायक द्वारा पात्र ग्रामीणों को उनके भूखंडों के पट्टे भी वितरित किए गए।



### इस दौरान यह उपस्थित

इस दौरान एसडीएम रवि कुमार वर्मा, प्रशासक प्रतिनिधि हरपाल सिंह मान, भाजपा देहात मंडल अध्यक्ष निशान सिंह कडवासरा, सहायक निदेशक कृशि स्वर्ण सिंह अराई, सहायक विकास अधिकारी विवेक कथूरिया, लखविंद्र सिंह बांदर, ग्राम सेवा सहकारी समिति के अध्यक्ष जगमीत सिंह कडवासरा, प्रगट सिंह, उप सरपंच गुरसेवक सिंह, पूर्व सरपंच देवीलाल, बबनदीप ढिल्लों, भाजपा किसान प्रकोष्ठ के महासचिव आकाशदीप मान, जलंधर सिंह मान, वार्ड पंच अजायब सिंह, जसकरण सिंह, गुरदेव सिंह, सुखदेव सिंह सहित काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

# पात्र व्यक्ति को मिले योजनाओं का लाभ

सादुलपुर @ पत्रिका. राज्य सरकार की ओर ग्राम पंचायत हरपालू कुशाला में पं. दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के तहत शिविर आयोजित हुआ। भाजपा वरिष्ठ नेता महावीरसिंह पूनिया ने कहा कि शिविरों के माध्यम से प्रदेश सरकार अंतिम पंक्ति में बैठे व्यक्ति को विभिन्न सरकारी योजनाओं से वंचित पात्र व्यक्तियों को जोड़ने के लिए हर संभव प्रयास करने के लिए कटिबद्ध हैं। पूनियां ने बताया कि राज्य सरकार की ओर से 9 जुलाई तक हर पंचायत मुख्यालय पर शिविर आयोजित कर ग्रामीण क्षेत्रों में अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति को राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाएगी। भाजपा किसान मोर्चा जिला महामंत्री कृष्ण भाकर ने भी शिविर आयोजन की विस्तृत जानकारी दी। तहसीलदार धीरज झाझड़िया ने बताया कि लाभान्वित व्यक्तियों को शिविर के माध्यम से राजस्व



विभाग, ग्रामीण विकास विभाग, बिजली, पानी ,शिक्षा, चिकित्सा पशु चिकित्सा आदि सहित अन्य विभागों से जुड़े विभिन्न कार्य मौके पर ही तथा सूचीबद्ध कर निश्चित समयावधि में पूर्ण किए जाएंगे।

शिविर में पंचायत क्षेत्र के लोगों को आबादी भूमि पट्टों का वितरण किया। शिविर में विभिन्न विभागों के प्रभारीगण, ग्राम पंचायत प्रतिनिधि धर्मवीर कटारिया , लाभार्थी सोमवीर पूनियां, मनोज कुमार, निशात सहित अन्य ग्रामीणजन उपस्थित थे। इस मौके पर ग्रामीणों ने हरपालु पतराम गांव से खेल मैदान तक कटाणी रास्ते से तथा कुआं और जोहड की भूमि से अतिक्रमण हटाने की मांग की।

# गोपालपुरा में लगाए पौधे, भोजलाई के ग्रामीणों ने पेयजल को लेकर दिया ज्ञापन

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com



**सुजानगढ़.** गांव गुलेरिया में शुक्रवार को पं. दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़े के तहत शिविर आयोजित हुआ। उपखंड अधिकारी ओमप्रकाश वर्मा तथा पूर्व मंत्री खेमाराम मेघवाल ने अवलोकन किया और अनेक लाभार्थियों को दस्तावेज सौंपे। ग्राम पंचायत के भंवरलाल मेघवाल के अनुसार तीन विवाह प्रमाण पत्र, 5 जन्म प्रमाण पत्र, 30 शौचालय फार्म भराए गए। शिविर प्रभारी तहसीलदार राजूदेवी बुनकर के अनुसार सभी विभागों के कार्मिकों ने शिविर में नामांतरण के 32, खाता दुरुस्ती के 6, आधार सिडिंग 42 के कार्य में नामांतरण के 32, खाता दुरुस्ती के 6, आधार सिडिंग 42 के कार्य निपटाए गए।

भोजलाई गांव के लोगों ने भाजपा देहात मंडल अध्यक्ष करणीसिंह उपसरपंच दुर्गाराम तथा हंसराज नायक ने ज्ञापन सौंपकर पीने के पानी की समस्या दूर की मांग की। शिविर में गिरदावर मुखदेव स्वामी, पंचायत प्रसार अधिकारी ठाकुरमल कताला आदि मौजूद थे। इसी प्रकार गोपालपुरा गांव के शिविर में प्रशासक सविता राठी ने होने वाले कार्यों की जानकारी दी। शिविर में शुद्धिकरण के 14, बंटवारा एक, रास्ता खुलवाना एक, पौधारोपण 4232, मनरेगा कार्य 26, जन्म-मृत्यु 17, पशु स्वास्थ्य जांच 285, रोगी पर्ची 213, एनसीडी 60, विद्युत नए पोल 6, पेंशन सत्यापन 26 किए गए। गांव को प्लास्टिक मुक्त बनाने का संकल्प करते हुए पौधरोपण किया गया।

# पखवाड़ा शिविर में ग्रामीण हुए लाभान्वित

**सादुलपुर @ पत्रिका.** ग्राम पंचायत चांदगोठी में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा अंतर्गत शिविर आयोजित हुआ। उपखण्ड अधिकारी मीनू वर्मा ने अभियान अंतर्गत हर जरूरतमंद को लाभान्वित करने पर बल दिया। नायब तहसीलदार मोहरसिंह मीणा, चांदगोठी गिरदावर राजेश पूनियां हलका पटवारी संजय पूनियां, ग्राम विकास अधिकारी राकेश गुर्जर, डॉ.विक्रम पूनियां, वीरसिंह झाझड़िया शिविर को सकारात्मक पहल बताया और ग्रामीणों से अधिक से अधिक पौधरोपण करने का आह्वान किया। इस मौके पर आमजन की समस्याओं का समाधान किया गया तथा ग्राम पंचायत द्वारा निशुल्क पौधे वितरण किए। सरपंच भरतसिंह प्रजापत ने आभार व्यक्त किया।



सादुलपुर. पखवाड़े अंतर्गत एसडीएम सहित कार्मिक भागीदारी निभाते हुए।



साहवा. शिविर में महिलाओं को बीज किट वितरित करते अतिथि।

**साहवा.** उप तहसील क्षेत्र में पं. दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के तीसरे दिन शुक्रवार को ग्राम पंचायत नेठवा मेघसर एवं पंडरेऊ ताल में शिविर आयोजित किए गए। गांव मेघसर के शिविर में पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ ने वर्चुअल सहभागिता निभाते हुए उपस्थित लाभार्थियों को केन्द्र एवं राज्य सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारियां दीं।

शिविर प्रभारी व उपखण्ड अधिकारी तारानगर राजेन्द्र कुमार ने विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए जरूरतमंदों को यथा संभव लाभान्वित करने पर जोर दिया। शिविर में भाजपा नेता राकेश जांगिड़ ने सरकारी सेवाओं एवं योजनाओं को हर गरीब तक पहुंचाने पर जोर दिया।

शिविर में स्वामित्व पट्टे, बीज वितरित किए तथा मेघसर में हरियालो राजस्थान के तहत पौधारोपण किया गया। शिविर में अशोक कुमार, पूर्व प्रधान कुन्दन बाबल, शिविर प्रभारी रामस्वरूप मुहाल, रामस्वरूप स्वामी, टीकूराम मीणा सहित ग्रामीण मौजूद थे।

दैनिक भास्कर 28.06.2025

पं. दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा • अनेक विभागों के अधिकारियों ने मौके पर समस्याओं का किया समाधान

## किसानों को वितरित किए बीज के मिनीकिट, मृदा स्वास्थ्य कार्ड बांटे





### तीन ग्राम पंचायतों में लगे शिविर, मेघसर में पौधरोपण किया





दै आस पास 28.06.2025

# पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा अंतर्गत आयोजित शिविर में हुआ 45 वर्षों से लंबित खाता विभाजन

**चूरू।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की अंतिम छोर के व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने की मंशा से जिले में चलाए जा रहे पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा अंतर्गत शिविरों में आमजन के वर्षों पुराने काम मौके पर ही हो पा रहे हैं। जिले के लालगढ़ गांव की रोही में खातेदार उमाराम, चेनाराम, भगवानाराम पुत्र अनाराम,भूराराम पुत्र उदाराम, रामप्रताप पुत्र आसूराम की संयुक्त खातेदारी भूमि का 45 वर्षों से खाता विभाजन नहीं हो रहा था। जिले की बीदासर पंचायत समिति की लालगढ़ ग्राम पंचायत में 24 जून को आयोजित शिविर में खातेदारों की उपस्थिति में उनकी खातेदारी भूमि का विभाजन हो पाया। खातेदार उमाराम, चैनाराम, भगवानाराम पुत्र अनाराम, भूराराम पुत्र उदाराम, रामप्रताप पुत्र आसूराम ने विभाजन होने पर अपनी प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें अब राज्य सरकार की अनेकों योजनाओं का लाभ प्राप्त हो सकेगा। वह बहुत खुश है और राज्य सरकार का कोटि-कोटि धन्यवाद करते है।

# कनवारी शिविर में ग्रामीणजन हुवे लाभान्वित

**रतनगढ़।** पं दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय सम्बल पखवाडा के तहत ग्राम पचायत कनवारी में सरपंच हनुमाना राम की अध्यक्षता में शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का निरीक्षण उपखण्ड अधिकारी राम कुमार वर्मा, विकास अधिकारी जगदीश प्रसाद व्यास, नायब तहसीलदार मुरारीलाल ने किया तथा विभागों से प्रगति की जानकारी ली इस अवसर पर ग्रामीणजनो ने अपनी अपनी समस्याओ को सम्बंधित विभाग को अवगत करवाकर समाधान करवाया। इस अवसर पर एडीओ लक्ष्मीनारायण सैनी, ग्राम विकास अधिकारी पवन कुमार, कनिष्ठ सहायक ओमप्रकाश, बजरगलाल, प्रिसिपल हरलाल डुडी सहित विभिन्न अधिकारी, कर्मचारियों ने ग्रामीणो का शिविर स्थल पर ही समस्याओं का समाधान किया गया।

# ग्रामीण क्षेत्रों में अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति को राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना भी मूल लक्ष्य-महावीर पूनिया

**सादुलपुर।** राज्य सरकार द्वारा आयोजित शिवरों में आज ग्राम पंचायत हरपालू कुशाला में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय सम्बल पखवाड़े के तहत शिविर का आयोजन हुआ ।शिविरो के माध्यम से प्रदेश सरकार अन्तिम पंक्ति में बैठे व्यक्ति को विभिन्न सरकारी योजनाओं से वंचित पात्र व्यक्तियों को जोडने के लिए हर संभव प्रयास करने के लिए कटिबद्ध है। शिविर में भाजपा वरिष्ठ नेता महावीर पूनिया ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा 24 जून से प्रारंभ कर 9 जुलाई तक हर पंचायत मुख्यालय पर आयोजित अंत्योदय पखवाड़े शिवरो में ग्रामीण क्षेत्रों में अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति को राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना ही मूल लक्ष्य है ।प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की मंशा है कि हर गरीब,वंचित व्यक्ति को राज्य सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का अधिकतम लाभ इस शिविरो के माध्यम से आम जनता को मिलें।भाजपा किसान मोर्चा जिला महामंत्री कृष्ण ने भी शिविर के आयोजन के बारे में विस्तार से जानकारी दी इस अवसर पर तहसीलदार धीरज झाझडिया ने कैंप में उपस्थित लाभान्वित व्यक्तियों को शिविर के माध्यम से राजस्व विभाग,ग्रामीण विकास विभाग, बिजली,पानी ,शिक्षा चिकित्सा पशु चिकित्सा आदि सहित अन्य विभागों से जुड़े विभिन्न कार्य मौके पर ही तथा सूचीबद्ध कर निश्चित समयावधि में पूर्ण किए जायेगे वाए जा सकते हैं. उन्होंने ग्रामीणों को शिविर में अधिकाधिक संख्या में भाग लेने व अन्य ग्रामजन को जागरूक करने का आह्वान किया. ।आज के शिविर में भाजपा नेता महावीर पूनिया एव राजगढ़ तहसीलदार व शिवर प्रभारी धीरज झाझडिया तथा उपस्थित अन्य जनप्रतिनिधियों ने पंचायत क्षेत्र के लोगों को आबादी भूमि पट्टो का वितरण किया।

# दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय सम्बल शिविर में सैंकड़ों लोग लाभान्वित



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)**। पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय सम्बल पखवाड़ा के तहत ग्राम पंचायत गोपालपुरा में शिविर का आयोजन हुआ। जिसका उपखंड अधिकारी ओमप्रकाश वर्मा, पूर्व मंत्री खेमाराम मेघवाल, जिला परिषद सदस्य नौरंगलाल सिलू की ओर से अवलोकन किया गया। शिविर में उपखंड अधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि अधिक से अधिक ग्रामीणों को शिविर का लाभ मिलना चाहिए। प्रशासक सविता राठी ने कैंप में होने वाले कार्यों के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर नामान्तरण के 19 प्रकरण, खाता शुद्धिकरण के 14, बंटवारे का एक, रास्ता खुलवाने का एक, हरियालो राजस्थान के तहत करीब 4 हजार पौधों का रोपण, मनरेगा के 26 कार्य, जन्म मृत्यु के 17 प्रकरण, पशु जांच 285, चिकित्सा विभाग की ओर से 213 लोगों की स्वास्थ्य जांच की गई। विद्युत निगम की ओर से 6 पोल लगाए गए। पेंशन के 26 प्रकरणों का सत्यापन किया गया। शिविर प्रभारी रवि कुमार ने अधिकाधिक पेड़ लगाने क अपील की।

दै नवयत्न 28.06.2025

# शिविर में प्रकरणों का मौके पर किया निस्तारण



तारानगर (नवयत्न)। पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के तहत मेघसर, नेठवा एवं पंडरेऊ ताल ग्राम पंचायत में शिविर आयोजित हुआ। शिविर में विद्युत, पेयजल, सड़क, स्वास्थ्य, कृषि, पशु, खाद्य सुरक्षा, राजस्व से संबंधित विभिन्न प्रकरणों का मौके पर निस्तारण कर ग्रामीणों को लाभान्वित किया गया। भाजपा नेता राकेश जांगिड़, एसडीएम राजेन्द्र कुमार, विकास अधिकारी अशोक कुमार, कुन्दन बाबल, सरपंच जीवणराम, शिवराजसिंह शेखावत, महावीर दास, सुनील भाकर आदि अतिथियों ने ग्रामीणों को स्वामित्व पट्टे, मृदा स्वास्थ्य कार्ड व बीज वितरित किए गए। मेघसर में हरियाली राजस्थान के तहत पौधे लगाए। इस मौके पर नायब तहसीलदार महावीर, शिविर प्रभारी रामस्वरूप स्वामी, रामस्वरूप मुहाल, ग्राम विकास अधिकारी टीकूराम मीणा, शालू, शिवराज सिंह शेखावत, संजय शर्मा, गणपतसिंह, मनोज स्वामी, श्रवण स्वामी समेत सभी विभागों के अधिकारी, कर्मचारी तथा ग्रामीण मौजूद रहे।

जलते दीप 28.06.2025

# अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति को राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का मिले लाभ : महावीर पूनिया



युगपक्ष 28.06.2025

# ग्रामीण क्षेत्रों में राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना भी मूल लक्ष्य : पूनिया



मादुलपुर (मदनमोहन आचार्य)। राज्य सरकार द्वारा आयोजित शिविरों में आज ग्राम पंचायत हरपालू कुशाला में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय सम्बल पखवाड़े के तहत शिविर का आयोजन हुआ।

शिविरों के माध्यम से प्रदेश सरकार अंतिम पंक्ति में बैठे व्यक्ति को विभिन्न सरकारी योजनाओं से वंचित पात्र व्यक्तियों को जोड़ने के लिए हर संभव प्रयास करने के लिए कटिबद्ध है। शिविर में भाजपा वरिष्ठ नेता महावीर पूनिया ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा 24 जून से प्रारंभ कर 9 जुलाई तक हर पंचायत मुख्यालय पर आयोजित अंत्योदय पखवाड़े शिविरों में ग्रामीण क्षेत्रों में अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति को राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना ही मूल लक्ष्य है।

प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की मंशा है कि हर गरीब,वंचित व्यक्ति को राज्य सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का अधिकतम लाभ इन शिविरों के माध्यम से आम जनता को मिले। भाजपा किसान मोर्चा जिला महामंत्री कृष्ण ने भी शिविर के आयोजन के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर तहसीलदार धीरज झाझड़िया ने कैंप में उपस्थित लाभान्वित व्यक्तियों को शिविर के माध्यम से राजस्व विभाग, ग्रामीण विकास विभाग, बिजली, पानी, शिक्षा चिकित्सा पशु चिकित्सा आदि सहित अन्य विभागों से जुड़े विभिन्न कार्य मौके पर ही तथा सूचीबद्ध कर निश्चित समयावधि में पूर्ण किए जायेंगे बताए जा सकते है।

उन्होंने ग्रामीणों को शिविर में अधिकाधिक संख्या में भाग लेने व अन्य ग्रामजन को जागरूक करने का आह्वान किया। आज के शिविर में भाजपा नेता महावीर पूनिया एवं राजगढ़ तहसीलदार व शिविर प्रभारी धीरज झाझड़िया तथा उपस्थित अन्य जनप्रतिनिधियों ने पंचायत क्षेत्र के लोगों को आबादी भूमि पट्टों का वितरण किया। शिविर में विभिन्न विभागों के प्रभारियों सहित ग्राम पंचायत सरपंच प्रतिनिधि धर्मवीर कटारिया, लाभार्थी सोमवीर पूनिया, मनोज कुमार,निशान, सुखबीर सिहाग, बलवान, विनोद कुमार, रामस्वरूप सहित अन्य ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# स्वामित्व योजना में पट्टा मिलने से मानाराम मेघवाल को अब मिल सकेगा आवास



**सीकर टाइम्स। चूरू.** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की अंतिम छोर के व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने की मंशा से जिले में चलाए जा रहे पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा अंतर्गत शिविर आमजन के लिए वरदान साबित हो रहे हैं। जिले की रतनगढ़ पंचायत समिति के सीतसर में बुधवार को आयोजित शिविर में सीतसर के ही मानाराम मेघवाल को जब स्वामित्व योजना अंतर्गत भूमि का पट्टा मिला तो उसने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए अपनी खुशी जाहिर की। मानाराम बताते हैं कि उनके घर की भूमि का पहले पट्टा नहीं बना हुआ था, जिस कारण मुझे किसी प्रकार का आवास का लाभ नहीं मिला और न ही उनके पास किसी प्रकार का भूमि सम्बन्धी माप व मालिकाना हक़ का कोई कागजात थे, लेकिन अब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा चलाई गई स्वामित्व योजना में उनकी भूमि का ड्रोन सर्वे होने के बाद शिविर में आबादी भूमि में रहवास की जमीन का पट्टा व सम्पति कार्ड प्रदान किया गया। जमीन का पट्टा व सम्पति कार्ड मिलने से बहुत प्रसन्नता हुए। अपनी खुशी जाहिर करते हुए मानाराम ने कहा कि अब मुझे बैंक द्वारा लोन लेने व प्रधानमंत्री आवास योजना में लाभ लेने हेतु बहुत सहायता मिलेगी व मेरी जमीन आधिकारिक माप व मालिकाना हक भी मुझे मिल गया है।

# 40 वर्ष से परेशान थे, शिविर में ही हुई कृषि भूमि में नाम शुद्धि

**सीकर टाइम्स।** चूरू. मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की अंतिम छोर के व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने की मंशा से जिले में चलाए जा रहे पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा अंतर्गत शिविर आमजन के लिए वरदान साबित हो रहे हैं। 24 जून को जिले के बीदासर पंचायत समिति की जोगलसर में आयोजित शिविर में केशु सिंह का कृषि भूमि में नाम शुद्धि हुई तो उनकी खुशी का ठिकाना नहीं रहा। केशु सिंह ने बताया कि जोगलसर में उनकी कृषि भूमि में उनका नाम केसरी सिंह दर्ज था, जो गलत था। इस कारण उन्हें पीएम किसान तथा केसीसी योजना का लाभ नहीं



मिल रहा था। वह 40 वर्षों से नाम शुद्ध करवाने का प्रयास कर रहे थे। 24 जून को जब ग्राम पंचायत में शिविर लगा तो उनका नाम तुरन्त एक ही जगह पर शुद्धि कर 'केशु सिंह' किया गया। अपनी प्रसन्नता जताते हुए उन्होंने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का शिविरों के आयोजन के लिए आभार जताया।

# शिविर में हुआ 45 वर्षों से लंबित खातेदारी भूमि का विभाजन



**सीकर टाइम्स। चूरू.** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की अंतिम छोर के व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने की मंशा से जिले में चलाए जा रहे पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा अंतर्गत शिविरों में आमजन के वर्षों पुराने काम मौके पर ही हो पा रहे हैं। जिले के लालगढ़ गांव की रोही में खातेदार उमाराम, चेनाराम, भगवानाराम पुत्र अनाराम,भूराराम पुत्र उदाराम, रामप्रताप पुत्र आसूराम की संयुक्त खातेदारी भूमि का 45 वर्षों से खाता विभाजन नहीं हो रहा था। जिले की बीदासर पंचायत समिति की लालगढ़ ग्राम पंचायत में 24 जून को आयोजित शिविर में खातेदारों की उपस्थिति में उनकी खातेदारी भूमि का विभाजन हो पाया। खातेदार उमाराम, चैनाराम, भगवानाराम पुत्र अनाराम, भूराराम पुत्र उदाराम, रामप्रताप पुत्र आसूराम ने विभाजन होने पर अपनी प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें अब राज्य सरकार की अनेकों योजनाओं का लाभ प्राप्त हो सकेगा। वह बहुत खुश है और राज्य सरकार का कोटि-कोटि धन्यवाद करते है।

# वर्षों से परेशान लोगों का प. दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के तहत आयोजित शिविर ने दूर किया संकट

■ संजीवनी टुडे

रेनवाल मांजी। पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के तहत पंचायत समिति माधोराजपुरा की ग्राम पंचायत रेनवाल मांजी में आयोजित शिविर गुलशन बेगम पत्नी अब्दुल शकूर खान निवासी ग्राम पंचायत रेनवाल मांजी के लिए वरदान साबित हुआ। राजस्थान सरकार की आम जन के लिए अंतिम पंक्ति में बैठे व्यक्ति को किसी समस्या को पहचान कर सुविधा व सरकारी योजनाओं में लाभान्वित करने के लिए पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के अंतर्गत प्रत्येक ग्राम पंचायत मुख्यालय पर एक दिवसीय शिविर लगाकर ऐसे पात्र व्यक्तियों की पहचान कर मौके पर ही लाभान्वित करने की व्यवस्था 65 वर्षीय महिला के पीपीओ में महिला की जगह पुरुष हो रखा था। तब उसमें पुरुष की जगह महिला संशोधन कर दिया गया साथ ही नया पीपीओ जारी कर सत्यापन कर दिया गया। साथ ही सूजा पुत्र भंवरिया/सूज्या पुत्र भंवरिया/सूजाराम पुत्र भंवरिया जाट का शुद्धिकरण कर सूजाराम पुत्र भूरा राम जाट किया गया। शिविर प्रभारी एसडीएम माधोराजपुरा राजेश मीणा, विकास अधिकारी मदन लाल बैरवा एवं सरपंच संजय बुनकर द्वारा अन्य लाभार्थियों को विभिन्न योजनाओं तथा



प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण व्यक्तिगत शौचालय एवं विकलांगता पेंशन जैसी योजनाओं से भी लाभान्वित होने पर लाभार्थी अपने आप को सुरक्षित एवं खुशहाल महसूस कर रहे हैं। कैंप में लाभार्थी पुरुष सहित उपस्थित आमजन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा, चाकसू विधायक रामावतार बैरवा, ग्राम पंचायत रेनवाल मांजी सरपंच संजय बुनकर एवं अन्य जनप्रतिनिधियों का आभार व्यक्त किया। इस दौरान शिविर प्रभारी एसडीएम राजेश कुमार मीणा, तहसीलदार तन्नु शर्मा, विकास अधिकारी मदन लाल बैरवा, रेनवाल मांजी उप तहसीलदार अरविंद शर्मा, रेनवाल मांजी हल्का पटवारी राही दयाल चौधरी भाजपा नेता रमेश निठारवाल सहित अन्य कर्मचारी, जनप्रतिधि व ग्रामीण मौजूद थे।

दैनिक भास्कर

जयपुर-दूदू भास्कर 28-06-2025

# पेंशन शुरू होते ही वृद्ध दंपती के चेहरे खिले

रेनवाल मांजी। रेनवाल मांजी पंचायत में अंत्योदय संबल शिविर में कस्बे की रहने वाली गुलशन बेगम को आखिरकार वृद्धावस्था पेंशन योजना का लाभ मिल गया। शारीरिक रूप से कमजोर गुलशन बेगम को रोजमर्रा के कामों में दिक्कत होती थी। रोजगार का कोई साधन नहीं था। आर्थिक तंगी से जूझ रही थीं।राज्य सरकार की वृद्धावस्था पेंशन योजना में लिंग की गलती के कारण उनकी पेंशन कई महीनों से रुकी हुई थी। लगातार ई-मित्र केंद्रों और अधिकारियों के चक्कर काट रही थीं। कैंप में उनका लिंग मेल से बदलकर फीमेल किया गया। इसके बाद उनका सत्यापन हुआ। पेंशन फिर से शुरू कर दी गई। पेंशन शुरू होते ही गुलशन बेगम और उनके पति के चेहरे पर राहत और खुशी दिखी। सरकार की इस योजना से उन्हें जीवन जीने में सहारा मिला। वृद्धावस्था में आर्थिक मदद मिलने से उनका जीवन अब थोड़ा आसान हो गया है। उन्होंने सरकार का आभार जताया।

दैनिक भास्कर
जयपुर-दूदू भास्कर 28-06-2025

चित्तौड़ा रेनवाल मांजी में अंत्योदय संबल शिविर कार्यक्रम

# चाकसू विधायक ने की स्कूल विकास कार्यों लिए 10 लाख रुपए की घोषणा

भास्कर न्यूज़ | रेनवाल मांजी

चित्तौड़ा ग्राम पंचायत प्रांगण में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के तहत शिविर का आयोजन प्रभारी एसडीएम राजेश मीणा की मौजूदगी में हुआ।चाकसू विधायक रामावतार बैरवा ने शिरकत की,शिविर के दौरान चित्तौड़ा में नामांतरण,सीमाज्ञान के मामलों का निस्तारण किया गया। पशुपालन विभाग ने पशुओं का टीकाकरण किया। कैंप में 18 प्रॉपर्टी पार्सल,46 पेंशन वेरिफिकेशन जन्म 7 एवं 2 मृत्यु 1 विवाह पंजीकरण किया गया, शिविर में 16 विभागों के कार्मिकों ने सेवाएं दीं। विधायक बैरवा ने प्रतापपुरा राजकीय विद्यालय के लिए 10 लाख रुपए की घोषणा की गई। इस दौरान उपखंड अधिकारी राजेश मीणा, तहसीलदार तनु शर्मा, सरपंच राकेश जसवाल, बीसीएचएमओ तरुण तिवाड़ी, ग्राम विकास अधिकारी जीतेश भारद्वाज, गिरदावर राजेंद्र यादव, हल्का पटवारी अजय यादव, हंसराज शर्मा, एईएन बिजली मनीष कुमार, चिकित्सा अधिकारी डॉ राकेश जसवाल, जीएसएस अध्यक्ष मंगल जसवाल, पशु चिकित्सक पाबूराम विश्नोई, नवल यादव, सनी कुमार के साथ महिला बाल विकास, ऊर्जा विभाग, शिक्षा, पंचायतराज, राजस्व विभाग के साथ अन्य विभाग कर्मचारी रहे।

दैनिक नवज्योति
जयपुर, शनिवार, 28 जून 2025

# अन्त्योदय संबल पखवाड़ा का आयोजन

**बगरू।** राज्य सरकार की जनकल्याणकारी मंशा को मूर्त रूप देने हेतु पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़ा के अंतर्गत शुक्रवार को ग्राम पंचायत दहमीकलां में सेवा शिविर आयोजित किया गया। शिविर में सैकड़ों ग्रामीणों ने भाग लेकर विभिन्न योजनाओं व प्रमाण-पत्रों से जुड़ी समस्याएं दर्ज करवाईं, जिनमें से अनेक का मौके पर ही समाधान कर दिया गया। शिविर में उपस्थित उपखंड अधिकारी हिम्मत सिंह ने कहा कि सरकार का प्रयास है कि ग्रामीणों को योजनाओं का लाभ उनके अपने गांव में ही मिले, ताकि उन्हें बार-बार सरकारी दफ्तरों के चक्कर नहीं लगाने पड़ें। उन्होंने कहा कि यह शिविर ''सरकार गांव के द्वार'' की भावना को साकार कर रहे हैं। शिविर में राजस्व, पंचायत, सामाजिक न्याय, महिला एवं बाल विकास, विद्युत, जलदाय, चिकित्सा व कृषि विभागों ने भागीदारी निभाई। इस दौरान सीमाज्ञान, पत्थर गढ़ी, सहमति नामांतरण, विधवा पेंशन स्वीकृति, श्रमिक कार्ड नवीनीकरण, तथा आय, जाति व मूल निवास प्रमाण पत्र जैसे मामलों का तत्काल निस्तारण किया गया। गुमंतु समुदाय के लिए विशेष प्रावधान करते हुए शिविर में जाति व निवास प्रमाण पत्र मौके पर ही जारी किए गए,



जिससे इस वर्ग में खास उत्साह देखा गया। ग्रामीणों की प्रतिक्रिया भी सकारात्मक रही। स्थानीय महिला गुड्डी देवी ने बताया कि वह लंबे समय से विधवा पेंशन के लिए प्रयास कर रही थी, लेकिन शिविर में उसका आवेदन तुरंत स्वीकार हो गया। उन्होंने प्रशासन का आभार जताया। शिविर में नायब तहसीलदार उम्मेद सिंह, पंचायत प्रशासक गणेश कुमावत, विद्युत विभाग सहायक अभियंता राजेश मीणा, बगरू उपजिला अस्पताल डॉ. राकेश बिराणिया, जलदाय विभाग के कनिष्ठ अभियंता अनिल कुमार गुरु सहित सभी विभागों के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे। शिविर में अलग-अलग काउंटर बनाकर समस्याओं को सुनने व निस्तारण की व्यवस्था की गई। प्रशासन का यह प्रयास ग्रामीणों को सशक्त बनाने व शासन-प्रशासन के प्रति विश्वास बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित हो रहा है।

# शिविर में 727 मरीजों का इलाज, 745 पशुओं का टीकाकरण

जाहोता| रामपुरा-डाबड़ी उपखंड कार्यालय के अधीन जयरामपुरा और भट्टों की गली ग्राम पंचायत में शुक्रवार को पं. दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के तहत शिविर लगाया गया। शिविर में ग्रामीणों की समस्याएं सुनी गईं। कई मामलों का मौके पर ही समाधान किया गया। जयरामपुरा के खातेदार पप्पू राम रैगर ने कृषि भूमि के खसरा नंबर 879 में गलत अंकन की शिकायत दी। बताया कि सेग्रीगेशन के बाद बने नक्शे में खसरा नंबर 879 और 878 को उल्टा दर्ज कर दिया गया। इससे उन्हें परेशानी हो रही है। शिविर सहप्रभारी सुभाष आर्य ने मामले को गंभीरता से लिया। पटवारी राकेश बुनकर से रिपोर्ट मंगवाई। भू-अभिलेख निरीक्षक से जांच करवाई गई। इसके बाद मूल नक्शा शीट के अनुसार राजस्व रिकॉर्ड में सुधार के आदेश दिए गए। खातेदार को तुरंत राहत दी गई। रामपुरा-डाबड़ी उपखंड अधिकारी अशोक कुमार चौधरी ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं। शिविर प्रभारी तहसीलदार आस्था चंदेलिया, जालसू विकास अधिकारी सुप्यार कपूरिया, सुभाष आर्य, घनश्याम शुक्ला, भट्टों की गली सरपंच सजना चौधरी, पटवारी केसर सिंह चौधरी, जाहोता पटवारी दिनेश यादव, उप सरपंच सुमित जिंजवाडिया, ग्राम विकास अधिकारी शशि शर्मा, अनिल स्वामी, चिकित्सा प्रभारी कैसी चोपड़ा सहित कई अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

चिकित्सा विभाग की ओर से ई-केवाईसी, बीपी, शुगर सहित अन्य बीमारियों के 727 मरीजों को लाभ मिला। विद्युत निगम के जेईएन आशीष चौधरी ने बताया कि कुल 6 शिकायतें मिलीं। इनमें से 4 का समाधान मौके पर किया गया। झूलते तार, बिजली के पोल, पेड़ों की टहनियों की समस्या दूर की गई। पशुपालन विभाग ने 745 पशुओं का इलाज और टीकाकरण किया। इससे 67 पशुपालकों को लाभ मिला। खाद्य सुरक्षा के 6 और नामांतरण के 12 प्रकरण खोले गए। कृषि, राजस्व सहित कई विभागों के अधिकारी शिविर में मौजूद रहे। सुबह बारिश के कारण कुछ समय के लिए परेशानी हुई।

# रोजड़ी में समस्याओं का मौके पर निस्तारण किया

हिरनोदा | ग्राम पंचायत रोजड़ी में शुक्रवार को पं. दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा अभियान के तहत शिविर लगाया गया। शिविर की अध्यक्षता सरपंच महेंद्र कुमावत ने की। विकास अधिकारी भागीरथ मल मीणा शिविर प्रभारी रहे। नायब तहसीलदार गंगा विशन गुजराती सह प्रभारी रहे। राजस्व विभाग ने 15 नामांतरण, 4 सीमा विवादों का निस्तारण और भूमि विभाजन के कार्य पूरे किए। पशुपालन विभाग ने 410 पशुओं का टीकाकरण किया। कृषि विभाग ने 81 मृदा कार्ड वितरित किए।

ग्राम पंचायत ढींढा और ढाणी बोराज में पं. दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा अभियान के तहत शिविर लगे। ढींढा में सरपंच कमला देवी जाट और ढाणी बोराज में सरपंच भैरूराम की अध्यक्षता में शिविर हुए। तहसीलदार भंवरसिंह और गोपाल बुनकर शिविर प्रभारी रहे। एसडीएम जोबनेर देवेंद्र सिंह चौहान ने शिविर का औचक निरीक्षण किया। शिविर में विकास अधिकारी रेनवाल छोटूराम मीणा, विकास अधिकारी जोबनेर ताराचंद, सह प्रभारी मोहनलाल नोदल, अति विकास अधिकारी मौजूद रहे। राजस्व विभाग ने नामांतरण, सीमा विवादों का निस्तारण और भूमिविलाजन के कार्य किए।

# पोलियो पीड़ित बुजुर्ग का घर पर हुआ पेंशन सत्यापन



चीथवाड़ी | ग्राम पंचायत कुशालपुरा में पंडित दीन दयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा शिविर का आयोजन हुआ। शिविर में कुशालपुरा निवासी शंकरलाल नाई के पुत्र ने आवेदन दिया। बताया कि उनके पिता पोलियो व मानसिक रूप से भी कमजोर हैं। इस कारण ई-मित्र केंद्र पर जाकर पेंशन सत्यापन नहीं करवा पा रहे थे। कई महीनों से पेंशन बंद थी।

शिविर प्रभारी सुरेश चन्द देवत उपतहसीलदार ने मामले को गंभीरता से लिया। पटवारी सोनल प्रताप सिंह और ई-मित्र संचालक को पीड़ित के घर भेजा गया। वहां अंगूठा लगवाकर पेंशन सत्यापन की प्रक्रिया पूरी करवाई गई। मौके पर ही सत्यापन कर पीड़ित को राहत दी गई।

कार्यक्रम • 57 किसानों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड दिए, दिव्यांग को मिला स्मार्टफोन, सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी

# अंत्योदय संबल शिविर में एक जगह मिली 70 से ज्यादा सेवाएं



कालवाड़ | किसान को मृदा स्वास्थ्य कार्ड वितरित करते अधिकारी।

कालवाड़ | बेगस गांव में शुक्रवार को लगे अंत्योदय संबल शिविर के तहत महात्मा गांधी राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में लगे इस शिविर में ग्रामीणों को 70 से अधिक सेवाएं एक ही जगह पर दी गईं। महिलाओं, किसानों, बुजुर्गों और दिव्यांग की भागीदारी खास रही।

शिविर में एक दिव्यांग जन स्मार्टफोन के लिए चिन्हित किए गए। 57 किसानों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड दिए गए। इससे उन्हें अपनी जमीन की उर्वरता की जानकारी मिली। शिविर में उपस्थित किसान ने कहा कि अब खाद डालने में अंदाजा नहीं, सटीक विज्ञान काम आएगा। इस दौरान पात्र महिलाओं को व्यक्तिगत शौचालय निर्माण की स्वीकृति दी गई। शिविर में जिला प्रमुख रमा चोपड़ा, प्रधान रामस्वरूप [illegible], उपप्रधान [illegible] देवी सहित पंचायत प्रतिनिधि मौजूद रहे। प्रशासन की ओर से विकास अधिकारी हरी सिंह, तहसीलदार [illegible] सिंह, सहायक विकास अधिकारी योगेन्द्र सिंह जादौन, पूर्व मंडल अध्यक्ष [illegible], पीईईओ आलोक [illegible] सहित कई अधिकारी शामिल हुए।

## तिगरिया में बीपीएल परिवारों का हुआ स्वास्थ्य सर्वे



निवाई। पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा शिविर के दौरान उपस्थित लोग।

भास्कर न्यूज | निवाई

पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के तहत शुक्रवार को ग्राम पंचायत तिगरिया में विशेष स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। शिविर की अध्यक्षता सरपंच दीपिका शर्मा और ग्राम विकास अधिकारी कुंदन अटल ने की। मुख्य अतिथि एसडीएम दिलीप सिंह और नायब तहसीलदार सुरेश देवड़ा रहे। शिविर में टीबी मरीजों के साथ बीपीएल श्रेणी के जरूरतमंद लोगों का स्वास्थ्य सर्वे किया गया। टीबी से पीड़ित मरीजों को निक्षय पोषण योजना के तहत पोषण किट दी गईं।

## शिविर में 727 मरीजों का इलाज, 745 पशुओं का टीकाकरण

आंधी| रामपुरा-डाबड़ी उपखंड कार्यालय के अधीन जमवारामगढ़ और भट्टों की गली ग्राम पंचायत में शुक्रवार को पं. दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के तहत शिविर लगाया गया। शिविर में ग्रामीणों की [illegible] विकास अधिकारी [illegible], [illegible] आर्य, घनश्याम शुक्ला, भट्टों की गली सरपंच सज्जन चौधरी, पटवारी केसर सिंह चौधरी, [illegible] पटवारी दिनेश यादव, उप सरपंच [illegible], ग्राम विकास [illegible]

## 500 लोग चिकित्सा सुविधा का लाभ लिया



बिलौची। जटवाली शिविर में टीबी के मरीजों को पोषण किट देते हुए।

बिलौची चौमूं- तहसील की ग्राम पंचायत जटवाली में शुक्रवार को अंत्योदय संबल पखवाड़े के तहत शिविर आयोजित हुआ। जिसमें शिविर प्रभारी बीडीओ रामू अग्रवाल पंचायत समिति गोविंदगढ़ रहीं।

शिविर में अनेक विभागों के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे। जटवाली पीएचसी प्रभारी डॉ.राजकिशोर जाट व पशु चिकित्सालय अधिकारी डॉ. पूरण [illegible] सहित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय जटवाली पीईईओ रोशन मीणा सहित स्टाफ ने शिविर में विभाग से संबंधित कार्य करते हुए सेवाएं दी। डॉ. राजकिशोर जाट ने बताया कि कैंप में दिनभर में 5 सौ लोगों की स्वास्थ्य से संबंधित बीपी, शुगर, एन सी डी स्क्रीनिंग, टीकाकरण, टीबी के मरीजों की स्क्रीनिंग सहित अनेक प्रकार की जांचें की गईं और निःशुल्क दवाइयां वितरण की गईं।

## रोजड़ी में समस्याओं का मौके पर निस्तारण किया

[illegible] | ग्राम पंचायत रोजड़ी में [illegible] में पं. दीनदयाल उपाध्याय

दैनिक भास्कर
जयपुर

# जनकल्याण शिविर में 6 लोगों को पट्टे मिले, 90 साल की महिला को पेंशन राहत

भास्कर न्यूज | मनोहरपुर

बिशनगढ़ ग्राम पंचायत में शुक्रवार को जनकल्याण शिविर लगा। शिविर में एसडीएम संजीव खेदड़ मौजूद रहे। प्रधान पिस्ता देवी यादव मुख्य अतिथि रहीं। सरपंच रामनिवास यादव ने अध्यक्षता की। ग्राम पंचायत ने शिविर में 6 लोगों को पट्टे जारी किए। ग्राम विकास अधिकारी जितेंद्र सैनी ने बताया कि 90 वर्षीय धापा देवी पत्नी जगू मीणा का पेंशन सत्यापन नहीं हो पा रहा था। महिला कई दिन से परेशान थी। शिविर में पंचायत समिति के विकास अधिकारी राकेश वर्मा ने भौतिक सत्यापन करवाया। इसके बाद पेंशन की प्रक्रिया पूरी कराई। इससे बुजुर्ग महिला को राहत मिली।

शिविर में भाजपा नेता उपेन यादव ने लोगों से सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की। मौके पर तहसीलदार नीलमराज बंसीवाल, उपतहसीलदार दिलीप कुमार, एडिशनल बीडीओ राजेश शर्मा, सहायक विकास अधिकारी गणेश नारायण शर्मा, गिरदावर जगदीश प्रसाद, पटवारी अक्षयदीप जींजवाडिया, कनिष्ठ सहायक सुवालाल सहित कई विभागीय अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।



मनोहरपुर। शिविर में लाभान्वित महिला।

शिविर संचालित हुए। एडीएम भागीरथ साख ने दोनों स्थानों पर शिविरों का निरीक्षण किया और आईडी वितरित की। हालांकि, अजीतगढ़ पंचायत प्रशासक संघ अध्यक्ष शंभूदयाल मीणा

# स्वामित्व योजना के तहत 11 पट्टे वितरित किए

## ग्राम पंचायत खजूरिया तिवाडियान तथा खतेपुरा शिविर में विभिन्न प्रकरणों का निस्तारण किया

भास्कर न्यूज | माधोगढ़ (टूंगा)

पं. दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के तहत शुक्रवार को टूंगा ब्लॉक के खजूरिया तिवाडियान व खतेपुरा में शिविर का आयोजन किया गया। ग्राम पंचायत खिजूरिया तिवाडियान शिविर प्रभारी नायब तहसीलदार सपना मीना, अति. सहायक विकास अधिकारी राम मनोहर गुर्जर ने बताया कि शिविर में राजस्व विभाग, पंचायती राज विभाग, कृषि विभाग, पशुपालन विभाग, खाद्य विभाग, सामाजिक अधिकारिता विभाग, बिजली निगम चिकित्सा विभाग, वन विभाग, शिक्षा विभाग और जलदाय विभाग के अधिकारी मौजूद रहे। अति. सहायक विकास अधिकारी ने बताया कि राजस्व विभाग ने सीमाज्ञान के लंबित चल रहे 3 आवेदनों का तुरंत निस्तारण कर लोगों राहत दी। 4 रास्ते खोले, एक सहमति से जमीन का विभाजन, 1 शौचालय का आवेदन व 2 स्वयं सहायता समूह से परिवारों को जोड़ा गया। 2 खाद्य सुरक्षा में नाम जोड़कर हाथोंहाथ राहत दी गई। पखवाड़ा अवधि में 68 स्वामित्व योजना कार्ड तैयार कर 11 स्वामित्व योजना के तहत पट्टे वितरित किए। 88 असत्यापित पेंशन में 4 लोगों की पेंशन सत्यापन कर उन्हें राहत दी गई।

साथ ही मंजू देवी का पेंशन त्याग पत्र प्राप्त किया। पशुपालन विभाग ने 87 पशुओं का इलाज तथा 120 पशुओं के टीकाकरण किया गया। वन विभाग ने 25 हजार पौधे वितरण कर 15 हजार पौधे लगाए गए। बिजली निगम ने झूलते तारों को मरम्मत कर नीचे आ रहे पेड़ों की छंगाई की। इसी प्रकार खतेपुरा शिविर में तहसीलदार राकेश मीना व विकास अधिकारी हेमलता महावर ने लोगों की फरियाद सुनकर उन्हें तुरंत राहत दी। शिविर के दौरान पौधरोपण भी किया गया।


माधोगढ़। शिविर में मौजूद अधिकारी पट्टे वितरित करते हुए।

# खोरी पंचायत में दिव्यांग को ट्राई साइकिल मिली, लोग हुए लाभान्वित

भास्कर न्यूज़ | बांसखोह

ग्राम पंचायत खोरी में शुक्रवार को दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय पखवाड़ा के तहत शिविर लगाया गया। शिविर में दिव्यांगजन बाबूलाल मीणा को ट्राई साइकिल दी गई। बाबूलाल मीणा दोनों पैरों से चलने में असमर्थ हैं। उन्हें आने-जाने में काफी परेशानी होती थी। ट्राई साइकिल मिलने के बाद वे अब बिना किसी की मदद के अपने गांव और मोहल्ले के काम कर सकेंगे। बाबूलाल काफी खुश नजर आए। शिविर में ग्राम पंचायत द्वारा स्वामित्व योजना के तहत प्रॉपर्टी पार्सल जारी किए गए। मनरेगा योजना में जॉब कार्ड बनाए गए। जन्म और मृत्यु पंजीयन के कार्य भी किए गए। इन सेवाओं से ग्रामीणों को राहत मिली। शिविर में कैंप प्रभारी नायब तहसीलदार अभिषेक पारिक, सह प्रभारी सहायक विकास अधिकारी अर्जुन लाल मीणा, सरपंच सुनीता महेश मीना, ग्राम विकास अधिकारी हेमराज मीणा, रामफूल मीणा सहित चिकित्सा, राजस्व, कृषि और सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के कर्मचारी मौजूद रहे।

## 7 पेंशन सत्यापन हुई

आमेर | खोरामीणा और ढंढ पंचायत में शुक्रवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा अभियान के तहत शिविर लगाया गया। खोरामीणा पंचायत शिविर के प्रभारी एसडीएम बजरंग लाल स्वामी रहे। ढंढ पंचायत शिविर का जिम्मा तहसीलदार सौरभ गुर्जर और दीनबंधु सुरोलिया ने संभाला। दोनों शिविरों में कुल 14 लोगों को नए पट्टे दिए गए।

30 लोगों के पट्टों का नवीनीकरण किया गया। शिविर में पट्टे मिलने पर ग्रामीणों के चेहरे खिल उठे। मौके पर अलग-अलग विभागों ने भी काम किया। 5 पेंशन पीपीओ जारी किए गए। 7 पेंशन सत्यापन हुए। 2 गर्भवती महिलाओं की गोद भराई की गई। 3 एनएफएसए से जुड़े काम निपटाए गए। 37 आधार साइडिंग और 48 केवाईसी कार्य रसद विभाग ने पूरे किए। 11 सामाजिक ज्ञान से जुड़े कार्य भी किए गए। शिविर में प्रधान बद्रीनारायण बागड़ा, उपप्रधान प्रदीप मीणा, सहायक विकास अधिकारी जितेंद्र तिवाड़ी, खोरामीणा सरपंच राजेंद्र योगी, ढंढ सरपंच मूली देवी, वीडीओ शंकर लाल मीणा, रामकृष्ण तिवाड़ी, बाबू अनिल चौधरी सहित अन्य विभागों के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।



आमेर | शिविर में आमेर एसडीएम बजरंग लाल स्वामी और अन्य मौजूद अधिकारी

# कोटखावदा में 32 साल बाद खुला विरासत का नामांकरण

भास्कर न्यूज़ | कोटखावदा

ग्राम पंचायत मुख्यालय कोटखावदा में शुक्रवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के तहत शिविर आयोजित किया गया। शिविर प्रभारी कोटखावदा नायब तहसीलदार केंद्र प्रसाद शर्मा ने बताया कि कोटखावदा निवासी हट्टू गुर्जर पुत्र गोविंदा गुर्जर की 1992 में मौत हो जाने के बाद भी खाता संख्या 705 में विरासत का नामातंकरण दर्ज नहीं हुआ था।

कैम्प की जानकारी मिलने पर उसके पौत्र हेमराज पुत्र हीरा गुर्जर ने कैम्प प्रभारी कोटखावदा नायब तहसीलदार केंद्र प्रसाद शर्मा को अपनी पीड़ा बताई। शिविर प्रभारी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए नामातंकरण संबंधी दस्तावेज तैयार करवा कर तत्काल नामातंकरण की कार्रवाई पूर्ण करने के हल्का पटवारी व भू अभिलेख निरीक्षक को निर्देश दिए। मौके पर ही प्रार्थी का नामातंकरण करवाया गया।शिविर के दौरान कोटखावदा तहसीलदार अनीता सिंह ने भी निरीक्षण किया। शिविर प्रभारी केंद्र प्रसाद शर्मा ने बताया कि राजस्व मामलों में लंबित पत्थरगढ़ी, सीमा ज्ञान और नामांतरण प्रकरणों का निस्तारण किया गया। राजस्व विभाग द्वारा शिविर के दौरान 31 नामातंकरण,2 सहमति से बटवारा,3 करेजा रिपोर्ट ,3 पत्थरगढ़ी प्रकरण दर्ज हुए जिनमें सभी का मौके पर ही निस्तारण किया गया।पंचायती राज विभाग द्वारा स्वामित्व योजना के तहत 15 पट्टे बनाए गए।वहीं बिजली विभाग की 18 प्रकरण दर्ज हुए सभी का मौके पर ही निस्तारण किया गया। कृषि विभाग द्वारा 60 मृदा स्वास्थ्य कार्ड व 62 नमूने लिए गए।

पशुपालन विभाग की ओर से 134 पशुपालकों के 300 पशुओं का टीकाकरण व 120 पशुओं को गलघोंटू के टीके लगाए गए। वनविभाग द्वारा पौधे वितरण किए गए वहीं हरियालो राजस्थान के तहत 2 हजार पांच सौ पौधारोपण का लक्ष्य रखा गया।अन्य विभागों की शिकायतों का भी मौके पर समाधान किया गया।

# बिंगोलाव में 20 पट्टे बांटे, 320 पशुओं का टीकाकरण किया

मंमाणा| ग्राम पंचायत बिंगोलाव में शुक्रवार को अंत्योदय संबल पखवाड़ा के तहत शिविर लगा। सरपंच भेरूराम शेषमा की अध्यक्षता में हुए शिविर में लोगों की समस्याएं सुनी गईं। मौके पर ही समाधान किया गया।ग्राम पंचायत ने 20 पट्टे वितरित किए। कृषि विभाग ने मुद्रा स्वास्थ्य कार्ड के 16 आवेदन पूरे किए। पाइपलाइन की 4 स्वीकृतियां दी गईं। राजस्व विभाग ने 10 नामांतरण, 10 सीमाज्ञान और 6 बंटवारे के प्रकरण निपटाए। पशुपालन विभाग ने 76 पशुओं की जांच की। 320 पशुओं को टीके लगाए गए। सामाजिक न्याय विभाग ने 23 पेंशन का सत्यापन किया। शिविर में उपखंड अधिकारी योगेश देवल, तहसीलदार मदन परमार, विकास अधिकारी अंकित पाराशर, ग्राम विकास अधिकारी लाल मोहम्मद देशवाली, वेद प्रकाश, चिकित्सा प्रभारी डॉक्टर कुलदीप कुमावत, गिरदावर ओमप्रकाश अटल, पटवारी फूलचंद जाटोलिया, अर्जुन भाकर, कृषि पर्यवेक्षक सीमा जाट और बिजली विभाग से कनिष्ठ अभियंता सीताराम सहित कई विभागों के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

# देवकी को 30 साल बाद मिला मकान का पट्टा

भास्कर न्यूज | बाड़ापदमपुरा

ग्राम पंचायत डाहर और आकोडिया में शुक्रवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल शिविरों का आयोजन किया गया। शिविरों में विभिन्न विभागों के अधिकारियों और कर्मचारियों ने मौके पर पहुंचकर जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। डाहर शिविर का निरीक्षण चाकसू विधायक रामावतार बैरवा ने किया और कैंप में हो रहे कार्यों की प्रगति पर संतोष जताया। इस अवसर पर तहसीलदार विपुल चौधरी, नायाब तहसीलदार मधुबाला मीणा, भू अभिलेख निरीक्षक मदन लाल,विनोद मीना,पटवारी लक्ष्मी नारायण यूडीसी चाकसू अंकित शर्मा, सरपंच शंकर लाल,ग्राम विकास अधिकारी किशन लाल सहित अन्य




बाड़ा पदमपुरा | शिविर में विधायक व अधिकारी पट्टा देते हुए।

अधिकारी मौजूद रहे। विधायक रामवतार बैरवा की अध्यक्षता में कैंप का आयोजन हुआ। जिसमें 20 से अधिक लोगों को अपने आवास का पट्टा मिला, राजस्व विभाग की ओर से 8 तकासमा के प्रकरण, 8 सीमाज्ञान, 25 शुद्धिपत्र, 1 श्मशान आवंटन प्रस्ताव, 3 मृत्यु / जन्म प्रमाण पत्र, 17 वार्षिक पेंशन सत्यापन इत्यादि कार्य सम्पादित हुवे।शिविरों में विभिन्न विभागों ने लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ दिलाया। सामाजिक न्याय विभाग ने पेंशनर्स का सत्यापन किया। मिशन हरियालो राजस्थान के तहत पौधे लगाए गए और वन विभाग ने पौधे वितरित किए। कृषि विभाग ने मृदा नमूने लेकर मृदा स्वास्थ्य कार्ड जारी किए। चिकित्सा विभाग ने पीएम-जय के कार्ड बांटे।

बिजली निगम ने पोल ठीक किए और झूलते तार सुधारे। तारों के संपर्क में आने वाले पेड़ों की छंगाई करवाई। पशुपालन विभाग ने पशुओं का टीकाकरण किया। राजस्व विभाग ने बंटवारे, सीमा ज्ञान, पत्थरगढ़ी, नामांतरण और कुर्रेजात रिपोर्ट तैयार की। इस दौरान रास्तों और भूमि उपयोग प्रकरणों का निस्तारण किया गया।

सालगरामपुरा निवासी रामवतार धानका 15 वर्षों से बेटे का जन्म प्रमाण पत्र बनवाने के लिए भटक रहे थे। शिविर में उनकी समस्या का त्वरित समाधान हुआ और प्रमाण पत्र मौके पर जारी किया गया।ग्राम डाहर निवासी गौरीशंकर शर्मा और देवकीनंदन शर्मा को भी 30 वर्षों की प्रतीक्षा के बाद अपने आवास का पट्टा मिला। इससे उन्हें मालिकाना हक मिलने के साथ ही बैंक लोन लेने में सुविधा होगी।

# मोहनपुरा में 4818 पौधे बांटे, 6 माह से बंद पेंशन हुई शुरू, नया पट्टा मिला

## कृषि विभाग ने मृदा नमूना संग्रहण और सॉयल हेल्थ कार्ड बांटे

भास्कर न्यूज़ | बाड़ा पदमपुरा

सांगानेर उपखंड की ग्राम पंचायत मोहनपुरा उर्फ महाराजपुरा में शुक्रवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा कैंप लगाया गया। कैंप में उपखंड अधिकारी हिम्मत सिंह, तहसीलदार कार्तिकेय लाठ, नायब तहसीलदार सूरज सिंह, अतिरिक्त विकास अधिकारी बाबूलाल, अन्य विभागों के अधिकारी-कर्मचारी, सरपंच मधु शर्मा, जीएसएसएस चेयरमैन मदनलाल शर्मा, मनोज शर्मा, राजकुमार शर्मा और दीपक कुमार भास्कर मौजूद रहे।

शिविर प्रभारी सूरज सिंह ने बताया, कैंप में आमजन के लिए राजस्व से जुड़े कार्य किए गए। 8 नामांतरण, 26 कुरेजात रिपोर्ट, 9 आपसी सहमति से बंटवारे किए गए। 16 जगह बिजली के झूलते तार खिंचवाए गए। 20 विद्युत पोल ठीक करवाए गए। 30 पेड़ों की छंटाई करवाई गई जो तारों के संपर्क में थे। 4818 पौधे बांटे गए। 100 पौधे लगाए गए। खाता शुद्धि का कार्य भी हुआ। कृषि विभाग ने मृदा नमूना संग्रहण और सॉयल हेल्थ कार्ड बांटे। पंचायतीराज विभाग ने स्वामित्व योजना के तहत पट्टे बांटे। शिक्षा, चिकित्सा, जल संसाधन, बिजली, वन, पशुपालन, सामाजिक न्याय और खाद्य विभागों ने भी योजनाओं का लाभ दिलाया। मोहनपुरा निवासी लालचंद शर्मा का आबादी भूमि का पट्टा कई साल पहले गुम हो गया था। शुक्रवार को कैंप में उन्हें नया पट्टा मिला। शांति देवी पत्नी नंदूराम और नंदूराम पुत्र रामनाथ ने बताया, उनकी छह महीने से बंद पेंशन कैंप में ही शुरू करवा दी गई। उन्होंने मुख्यमंत्री, जिला प्रशासन और शिविर प्रभारी का आभार जताया।

# ढाणी बोराज में 45 लोगों को पट्टे मिले

भास्कर न्यूज | बोराज

क्षेत्र के ढाणी बोराज ग्राम पंचायत प्रांगण में शुक्रवार को अंत्योदय संबल पखवाड़े के तहत शिविर लगाया गया। सरपंच भैरूं राम देगड़ा की अध्यक्षता में हुए शिविर में 16 विभागों के कार्मिकों ने सेवाएं दीं। शिविर प्रभारी जोबनेर तहसीलदार भंवर सिंह ने बताया कि ग्रामीणों की समस्याएं सुनकर मौके पर ही समाधान किया गया।

चिकित्सा विभाग ने 508 लोगों की जांच की। पशुपालन विभाग ने 400 पशुओं की लंपी और गलघोंटू बीमारी की जांच कर टीकाकरण किया।बिजली विभाग ने जगह-जगह झूलते तारों को ठीक करवाया। 8 नामांतरण, 2 बंटवारे के मामलों का निस्तारण किया गया। कृषि विभाग ने 12 मृदा कार्ड बनाए, 23 मृदा नमूने लिए। सूक्ष्म सिंचाई योजना के तहत 3 प्रस्ताव स्वीकृत किए गए।शिक्षा विभाग ने 150 छात्र-छात्राओं को निशुल्क पुस्तकें दीं। 45 स्वामित्व पट्टा कार्ड बनाए गए, 5 पट्टे जारी किए गए। 15 बंद पेंशन का मौके पर सत्यापन कर शुरू किया गया।शिविर में अतिरिक्त विकास अधिकारी मोहनलाल नोदल, समाज कल्याण विभाग से भाग्यश्री, कृषि एवं उद्यानिकी विभाग से सुरेंद्र चौधरी,बिजली विभाग से महेश पुनिया और चंद्रशेखर कुमावत, ग्राम विकास अधिकारी राजूराम जांगिड़, आसलपुर सीएचसी प्रभारी डॉ गणेश चौधरी आदि मौजूद रहे।

# पेंशन शुरू होते ही वृद्ध दंपती के चेहरे खिले

रेनवाल मांजी। रेनवाल मांजी पंचायत में अंत्योदय संबल शिविर में कस्बे की रहने वाली गुलशन बेगम को आखिरकार वृद्धावस्था पेंशन योजना का लाभ मिल गया। शारीरिक रूप से कमजोर गुलशन बेगम को रोजमर्रा के कामों में दिक्कत होती थी। रोजगार का कोई साधन नहीं था। आर्थिक तंगी से जूझ रही थीं।राज्य सरकार की वृद्धावस्था पेंशन योजना में लिंग की गलती के कारण उनकी पेंशन कई महीनों से रुकी हुई थी। लगातार ई-मित्र केंद्रों और अधिकारियों के चक्कर काट रही थीं। कैंप में उनका लिंग मेल से बदलकर फीमेल किया गया। इसके बाद उनका सत्यापन हुआ। पेंशन फिर से शुरू कर दी गई। पेंशन शुरू होते ही गुलशन बेगम और उनके पति के चेहरे पर राहत और खुशी दिखी। सरकार की इस योजना से उन्हें जीवन जीने में सहारा मिला। वृद्धावस्था में आर्थिक मदद मिलने से उनका जीवन अब थोड़ा आसान हो गया है। उन्होंने सरकार का आभार जताया।

# शिविर में दो भाइयों के बीच हुआ बंटवारा



**मांडल@पत्रिका.** पंचायत समिति क्षेत्र में चल रहे पण्डित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय सम्बल पखवाड़ा के तहत आयोजित शिविर में ग्रामीणों को राहत मिल रही हैं । उपखण्ड अधिकारी सीएल शर्मा ने बताया कि शुक्रवार को केरिया में आयोजित शिविर में महावीर एवं सत्यनारायण पुत्र कुन्दनमल माली ने जमीन का बंटवारा सम्बन्धी प्रार्थना पत्र पेश किया । दोनों भाइयों में मौके पर ही बंटवारा कराया गया । शिविर में राजस्व विभाग, पंचायतीराज विभाग, कृषि विभाग के साथ साथ अन्य सभी विभागों से संबंधित भी विभिन्न प्रकार के कार्य संपादित किए। ग्राम पंचायत ने पट्टे भी वितरित किए। आलमास शिविर में डालू पुत्र गोकल बलाई ने राजस्व रिकॉर्ड में नाम शुद्धि के लिए प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया, जिसका मौके पर ही निस्तारण किया गया । इस मौके पर प्रधान शंकरलाल कुमावत , नायब तहसीलदार लक्ष्मीलाल शर्मा , अतिरिक्त विकास अधिकारी पवन मंडोवरा, सरपंच मानवेन्द्र सिंह सहित सभी विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

## पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा

# समस्याओं का हाथोंहाथ किया समाधान, ग्रामीणों को दी राहत

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**रायला.** बनेड़ा उपखंड क्षेत्र के रूपाहेली खुर्द ग्राम पंचायत में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के तहत शिविर आयोजित किया गया। शिविर प्रभारी तहसीलदार नारायण लाल शर्मा ने शिविर के दौरान विभागीय अधिकारियों कर्मचारियों की ओर से पौधारोपण किया गया तथा सभी ने अपने जीवन में कम से कम एक पौधा लगाने एवं उसकी देखरेख कर बड़ा करने का संकल्प लिया। वहीं शिविर में रूपाहेली खुर्द निवासी सूरज वैष्णव पुत्र रूप दास वैष्णव ने अवगत करवाया कि उनके पुश्तैनी मकान का आवासीय पट्टा नहीं बन पा रहा है। जिसके बाद शिविर प्रभारी ने तुरंत कार्रवाई करते हुए संबंधित विभाग को निर्देश दिए। विभाग के कर्मचारियों ने कार्रवाई करते हुए पट्टा जारी किया गया। पटटा मिलते ही ग्रामीण सूरज वैष्णव के चेहरे पर खुशी छा गई। वहीं रूपाहेली खुर्द निवासी बालमुकुंद कुमावत को विभिन्न सरकारी योजनाओं से जोड़कर लाभान्वित किया। शिविर में नायब तहसीलदार सत्यनारायण लोहार, सरपंच बालूराम भील, सचिन, हरि सिंह, जीएसएस अध्यक्ष रेखा लोहार, भेरूलाल लौहार, सांवरमल, हरिसिंह सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

क्यूआर कोड स्कैन कर बताएं अपनी समस्या...







**रायला.** ग्राम पंचायत बल्दरखा में शुक्रवार को राजकीय सीनियर उच्च माध्यमिक विद्यालय के प्रांगण में दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के तहत शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में सभी विभागों के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे। पात्र लोगों को सरकार की विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित किया गया। शिविर में शाहपुरा-बनेड़ा विधायक लालाराम बैरवा ने विभिन्न विभागों के काउंटर पर जाकर अवलोकन किया तथा अधिकारियों को ज्यादा से ज्यादा लोगों को योजनाओं से जोड़ने के निर्देश दिए। बनेड़ा उपखंड अधिकारी श्रीकांत व्यास, बनेड़ा विकास अधिकारी धर्मपाल परसोया, बनेड़ा नायब तहसीलदार सत्यनारायण लोहार, रायला भाजपा मंडल अध्यक्ष परमेश्वर पारीक, झातल सरपंच श्यामलाल शर्मा, समस्त ब्लॉक अधिकारी उपस्थित थे। शनिवार ग्राम पंचायत कासोरिया, डाबला में शिविर का आयोजन होगा।

## आयुष्मान आरोग्य योजना के कार्ड शत प्रतिशत वितरित

**शाहपुरा @पत्रिका.** पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय सम्बल पखवाड़ा के अन्तर्गत ग्राम पंचायत अरनिया रासा में शिविर का आयोजन किया गया। बुजुर्ग महिला ऐजन देवी पड़ोसी के बाडे के अंग्रेजी बबूल से परेशान थी। महिला ने परिवाद दर्ज करवाया। जिस पर शिविर प्रभारी ने हाथोंहाथ ग्राम पंचायत के सहयोग से बुजुर्ग महिला को राहत दिलाई। शिविर में चिकित्सा प्रभारी डॉ. गोविन्द वर्मा ने आयुष्मान आरोग्य योजना के कार्ड शत प्रतिशत वितरण किया। राजस्व विभाग द्वारा शिविर में 03 पत्थरगढी प्रकरण, 06 सीमा जानकारी के प्रकरण 13 नामान्तरण के प्रकरणों का निस्तारण किया। कृषि विभाग ने 21 मृदा स्वास्थ्य कार्ड का वितरण किया। पंचायतीराज विभाग की ओर से मौके पर ही पेंशन सत्यापन कर ग्रामीणों को राहत प्रदान की गई। शिविर प्रभारी एवं विकास अधिकारी प्रकाशचंद्र स्वर्णकार, प्रशासक ग्राम पंचायत अरनिया रासा सत्यनारायण जाट, चिकित्सा प्रभारी डॉ. गोविन्द वर्मा, ग्राम विकास अधिकारी महेन्द्र बैरवा मौजूद रहे।

सफलता की कहानी-

# ग्राम बच्छखेड़ा की 14 वर्षीय प्रिया भील टीबी से जंग जीतने की और अग्रसर

## प्रिया की उम्मीदों को मिला इलाज का सहारा, अंत्योदय पखवाड़े ने आसान की इलाज की राह

**प्रिया को पूर्ण विश्वास है कि वह शीघ्र ही बीमारी से पूरी तरह मुक्त हो पाएगी**

आत्मा की ज्वाला

भीलवाड़ा - पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़ा के अंतर्गत ग्राम पंचायत बच्छखेड़ा, ब्लॉक शाहपुरा में आयोजित तृतीय दिवस के स्वास्थ्य शिविर में प्रिया भील की टीबी के इलाज के लिए राह हुई आसान। यह कहानी है 14 वर्षीय बालिका प्रिया भील पुत्री गंगाराम भील की, जिसने टीबी से जंग लड़ते हुए न केवल साहस दिखाया, बल्कि अब वह तेजी से स्वस्थ होने की ओर अग्रसर है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सीपी गोस्वामी के अनुसार टीबी रोग के शुरुआती लक्षणों जैसे कि खांसी, थकावट और कमजोरी को लेकर प्रिया ने 16 मई 2025 को राजकीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बच्छखेड़ा में परिजनों के साथ पहुंचकर परामर्श लिया, जहां चिकित्सा अधिकारी डॉ. गोविन्द वर्मा ने सतर्कता दिखाते हुए प्रारंभिक जांच करवाई। बलगम और रक्त की जांच के पश्चात टीबी की पुष्टि हुई, जिसकी जानकारी तत्काल क्षय नियंत्रण प्रभारी डॉ. फिरोज खान को दी गई।

प्रिया का उपचार 28 मई से नियमानुसार शुरू हुआ। नियमित दवा, संतुलित पोषण, सतत मॉनिटरिंग और स्वास्थ्य विभाग की टीमों की नियमित देखरेख ने इस उपचार को सशक्त बनाया। 26 जून को आयोजित शिविर में जब प्रिया पुनः जांच के लिए आई, तो उसके स्वास्थ्य में उल्लेखनीय सुधार पाया गया। इस शिविर में एएनएम कविता जांगिड द्वारा प्रिया को इलाज के साथ अपनी सेहत में और अधिक सुधार के लिए «निक्षय पोषण किट» प्रदान किया गया, जो उसके पोषण स्तर को बनाए रखने में सहायक होगा। प्रिया ने बताया कि उसे पूरा विश्वास है कि सरकार की योजना में प्राप्त इलाज व पोषण सामग्री सहित, सतर्क चिकित्सा व्यवस्था और परिवार के सहयोग से वह जल्द ही इस बीमारी से पूरी तरह मुक्त हो जाएगी।



प्रिया और उसके परिजनों ने केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा चलाए जा रहे टीबी उन्मूलन अभियान का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि स्वास्थ्य विभाग की सजगता और मुफ्त इलाज जैसी सेवाओं के कारण उनका जीवन आसान हुआ है।

प्रिया ने अपने अनुभव साझा करते हुए अन्य मरीजों को संदेश दिया कि- आमजन 'टीबी से डरें नहीं, बस समय पर इलाज लें। यह पूरी तरह ठीक हो सकती है।'

# शाहपुरा भास्कर 28-06-2025

कार्यक्रम में शर्मा बिसायती, पूजा गौड़, सिमरन बानो, ललित वर्मा आदि शामिल हुई।

## टीबी मरीजों को पोषण किट, नहर की सफाई भी हुई



बनेड़ा| बल्दरखा और घरटा गांवों में शुक्रवार को अंत्योदय संबल पखवाड़े के तहत शिविर लगे। शिविर प्रभारी नायब तहसीलदार रमेश चंद्र सोनी की अध्यक्षता में कई काम मौके पर निपटाए। टीबी मरीज पप्पू भील और बसंती भील को पोषण किट दी। बल्दरखा शिविर का विधायक लालाराम बैरवा ने निरीक्षण किया। उपखण्ड अधिकारी श्रीकांत व्यास, विकास अधिकारी धर्मपाल परसोया,नायब तहसीलदार सत्यनारायण लुहार, प्रशासक श्यामलाल शर्मा, ग्राम विकास अधिकारी कुणाल शर्मा मौजूद रहे। शिविर में झांतल गांव के लोगों ने उपखण्ड अधिकारी के सामने नहर की समस्या रखी। जेसीबी से नहर की सफाई करवाई।

## शिविर में कलेक्टर ने सुनीं समस्याएं, पौधरोपण किया

"सफलता की कहानी"

# पीपली में आयोजित अंत्योदय शिविर में सुनिल कुमार को मिला न्याय "हाथो- हाथ हुआ खाता दुरूस्त"

आत्मा की ज्वाला

भीलवाडा - ग्राम पंचायत पीपली में आयोजित अन्त्योदय शिविर में सुनील कुमार पुत्र भंवर लाल उम्र 50 वर्ष निवासी पीपली ने प्रार्थना पत्र पेश कर निवेदन किया कि ग्राम कलुन्दिया उसकी खरीदशुदा भूमि है जिसे उसने काना पिता देबीदास बैरागी से खरीद की थी जो नामान्तकरण संख्या 756 दिनांक 26.06.2004 (किता 04 रकबा 2 बीघा 06 बिस्वा) राजस्व रिकॉर्ड में उसके नाम दर्ज हुई परन्तु वर्तमान जमाबंदी संवत् 2074-77 देखने पर ज्ञात हुआ कि उसकी खरीदशुदा कब्जेशुदा भूमि में किसी अन्य व्यक्ति का नाम 1/2 हिस्से में त्रुटिवश दर्ज हो गया है जिसे शुद्ध करने का निवेदन किया। प्रार्थी के प्रार्थना पत्र पर तहसीलदार भंवर लाल सेन ने प.ह. पीपली व भू.अ.नि. मंगरोप को जांच के आदेश दिया। पटवारी अनुराधा खटीक, भू.अ.नि. अल्का हींगड़ की जांच रिपोर्ट अनुसार वक्त सेग्रीगेशन त्रुटिवंश प्रार्थी के खाते से किसी अन्य व्यक्ति का नाम दर्ज हो गया। जिसे शुद्ध करना उचित है। जांच रिपोर्ट के आधार पर तहसीलदार हमीरगढ़ ने त्रुटिवश दर्ज हुए नाम को प्रार्थी के खाते से हटाने का आदेश दिया। उक्त त्वरित आदेश पाकर प्रार्थी अति प्रसन्न हुआ। उक्त आदेश न केवल उसके लिए आर्थिक रूप से लाभकारी रहा बल्कि मानसिक रूप से भारी राहत मिली। सुनिल कुमार ने राज्य सरकार जिला प्रशासन व उपखण्ड प्रशासन का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यदि आज ग्राम पंचायत पीपली में शिविर नही लगता तो मुझे शुद्धि करवाने के लिए लम्बि प्रक्रिया से गुजरना पडता। ''धन्य हो राजस्थान सरकार''

दैनिक भास्कर

भीलवाड़ा जिला 28-06-2025

कि अब किसी क्षेत्र में क्वारी जाता था, जिससे हजारों लोगों को बड़ी राशि सरकार को मिल रही है। मेवाड़ के नेतृत्व में भाजपा इंदरचंद

# पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा शिविरों मे

**बदनौर** | ग्राम पंचायत गिरधरपुरा में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के तहत शिविर आयोजित हुआ। शिविर में जयराम गुर्जर के पुत्र नानू गुर्जर के आधार कार्ड और अन्य दस्तावेजों की गहनता से जांच कर तत्काल संशोधित कर दिया गया। नाम शुद्धि का आदेश जैसे ही नानू को मिला, उनकी आंखों में खुशी के आंसू छलक उठे। वर्षों पुरानी यह समस्या हल होने से उनका सपना साकार हो गया। शिविर में तहसीलदार देवालाल भील सहित प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।

**उदलियास** | उदलियास ग्राम पंचायत आयोजित शिविर में टीबी मरीज भागवानलाल धोबी को निक्षय पोषण किट वितरित किया, तथा आमजन को विभिन्न योजनाओं की जानकारी के साथ ही मौसमी बीमारियों से बचाव के उपाय बताये। शिविर में विकास अधिकारी रामबिलास मीणा, सरपंच धापूदेवी, लक्ष्मण गाडरी, नायब तहसीलदार श्रीलाल मीणा, टीबी अधिकारी डॉ. प्रदीप कटारिया, डॉ. नमिता अग्रवाल, डॉ. महेंद्रकुमार, प्रेमलता शर्मा, रीना सिसोदिया, बालमुकुंद, ओमप्रकाश टेलर, लाली गाडरी, सुशीला शर्मा, सीमा शर्मा आदि मौजूद थे।

**आसींद** | परासोली कस्बे में आयोजित पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा शिविर नानी देवी पत्नी लादूलाल जाट के लिए वरदान साबित हुआ। तहसीलदार जयसिंह ने तुरंत कार्रवाई करते हुए नानी देवी के रिकॉर्ड में नाम शुद्धिकरण के आदेश जारी कर दिए। अपना नाम सही होने की जानकारी मिलते ही नानी देवी ने सरकार और प्रशासन का हार्दिक धन्यवाद किया। शिविर में पटवार भवन, परासोली को उसका आधिकारिक पट्टा जारी कर दिया गया।



उदलि

## ग्रामीणों ने अधिकारियों को ज्ञापन देकर समाधान की मांग की

"सफलता की कहानी"

# अन्त्योदय शिविर मोहनी देवी के लिए खुशिया लेकर आया

## " पेंशन का हुआ सत्यापन, अब मिलेगी पेंशन "

आत्मा की ज्वाला

भीलवाड़ा - ग्राम पंचायत पीपली में आयोजित अन्त्योदय शिविर में 95 वर्षीय मोहनी देवी को अब मिल सकेगी पेंशन, पेंशन का हुआ वार्षिक सत्यापन।

अपनी पौत्रवधु सिंकी सुथार के साथ 95 वर्षीय मोहनी देवी ने आज पीपली में आयोजित शिविर में शिविर प्रभारी भंवर लाल सेन तहसीलदार हमीरगढ़ के समक्ष उपस्थित होकर कहा कि मेरी पेंशन सत्यापन के अभाव में रूकी हुई है। मैं कही बार ई-मित्र पर जा चुकी हुँ मेरी समस्या का समाधान नही हुआ है। मेरी पेंशन चालू करवायें।

शिविर प्रभारी भंवर लाल सेन के आदेश पर अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी निजामुद्दीन नीलगर व ग्राम विकास अधिकारी शौकत हुसैन डायर को आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिये।

निजामुद्दीन अ.प्रशा.अधि. ने बाद जांच बताया कि अब तक महिला वृद्ध होने से फिंगर प्रिन्ट नही आ रहे है तथा आधार कार्ड में मोबाइल नम्बर अपडेट नही होने से पेंशन का सत्यापन नही हो रहा था। पिछले सप्ताह ग्राम विकास अधिकारी शौकत हुसैन डायर के सक्रिय प्रयासों से आधार में मोबाइल नम्बर अपडेट करवा दिये है। अब सत्यापन हो जायेगा।

इसके बाद निजामुद्दीन नीलगर अति.प्रशा.अधि. व शौकत हुसैन डायर ग्रा.वि.अधि. ने स्वयं काउन्टर पर उपस्थित रहकर वृद्ध महिला की पेंशन का सत्यापन करवाकर शिविर प्रभारी के माध्यम से सत्यापन स्लिप वृद्ध महिला को उपलब्ध करवाई। जिससे मोहनी देवी प्रतिमाह 1500/-रुपये व पूर्व मे रूकी हुई पेंशन राशि भी मिल सकेगी।

यह जानकार वृद्ध महिला ने राज्य सरकार जिला प्रशासन व उपखंड प्रशासन की भूरी-भूरी प्रशंसा करते हुए धन्यवाद अर्पित किया। इस प्रकार उक्त शिविर इस वृद्ध महिला के जीवन में रोशनी लेकर आयेगा। अब उसके बुढ़ापे का सहारा पेंशन नियमित रूप से मिल सकेगी।

''धन्य हो राजस्थान सरकार''

# अंत्योदय संबल पखवाड़ा : शिविरों में उमड़े ग्रामीण, मिली राहत

न्यूज सर्विस/नवज्योति, भीलवाड़ा

राज्य सरकार के निर्देश पर जिले में चल रहे अंत्योदय संबल पखवाड़ा के तहत कई ग्रामीण अंचलों में शिविरों का आयोजन कर पात्रताधारियों की समस्याओं का मौके पर ही निस्तारण कर राहत प्रदान की गई।

**बदनोर न्यूज सर्विस के अनुसार** क्षेत्र की ग्राम पंचायत गिरधरपुरा में शुक्रवार को अंत्योदय संबल पखवाड़ा के तहत आयोजित शिविर में जयराम गुर्जर के पुत्र नानू गुर्जर ने अपनी शिकायत दर्ज कराई। उनके राजस्व रिकॉर्ड में पिछले कई वर्षों से उनका नाम ह्ननेनू पुत्र जयराम गुर्जरह्व दर्ज था, जिसके कारण उन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ लेने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। शिविर में मौजूद अधिकारियों ने नानू गुर्जर के आधार कार्ड और अन्य दस्तावेजों की गहनता से जांच के बाद, उनके नाम को तत्काल हाथोंहाथ ह्ननानू पुत्र जयरामह्व में संशोधित कर दिया गया।

**करेड़ा न्यूज सर्विस के अनुसार** क्षेत्र के चिलेश्वर ग्राम पंचायत मुख्यालय पर शुक्रवार को आयोजित शिविर का आयोजन किया गया शिविर में राजस्व विभाग से संबंधित नामांतरण नाम शुद्धिकरण, पथरगढ़ी, सीमा ज्ञान, रास्ता संबंधी प्रकरण का निस्तारण किया गया। वहीं रामेश्वर उर्फ रमेश चंद्र लोहार निवासी डोड खेड़ा के राजस्व खाता में नाम अलग होने के कारण परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। उपखंड अधिकारी जोगेंद्र सिंह, तहसीलदार कंचन चौहान, राजस्व निरीक्षक राहुल पारीक, पटवारी लोकेश जोशी, अशोक दवे द्वारा हाथों-हाथ लाभार्थी रमेश चंद्र का शिविर में धारा 136 के अंतर्गत खाता दुरस्तीकरणकर रामेश्वर उर्फ रमेश चंद्र का सही नाम राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज कर प्रार्थी को राहत प्रदान की गई।

**मांडल न्यूज सर्विस के अनुसार** उपखंड के आलमास एवं केरया ग्राम पंचायतों में शुक्रवार को आयोजित शिविरों में राजस्व, पंचायत, कृषि आदि से जुड़े कार्यों को मौके पर ही संपादित किया गया, जिससे ग्रामीणों को त्वरित राहत मिली। आलमास ग्राम पंचायत में शिविर में ग्राम डालपुरा निवासी गोकल बलाई ने अपने नाम की शुद्धि हेतु आवेदन प्रस्तुत किया। रिकॉर्ड में उनका नाम डालू दर्ज था, जिसे सही करते हुए डालचंद किया गया। इसी प्रकार केरिया ग्राम पंचायत में आयोजित शिविर में महावीर पुत्र कुनमल माली एवं सोनारायण पुत्र कुनमल माली ने जमीन के बंटवारे को लेकर आवेदन दिया। पिछले कई वर्षों से चला आ रहा विवाद राजस्व अधिकारियों की समझाइश एवं सहमति के आधार पर मौके पर ही सुलझा दिया गया, जिससे दोनों पक्ष संतुष्ट हुए। इसी प्रकार प्रेमी कुमारी पुत्री सुखदेव कुमावत, रामेश्वर पुत्र मूला रेगर, लादुलाल पुत्र रामचंद्र शर्मा आदि को भी आवश्यक प्रमाण पत्र पंचायत द्वारा जारी किए गए, जिससे वे भी प्रसन्न नजर आए। उपखंड अधिकारी सी.एल. शर्मा ने कहा कि ऐसे शिविरों से शासन-प्रशासन और जनता के बीच विश्वास की मजबूत कड़ी बनती है। शिविरों ने सरकार की उस भावना को साकार किया, जिसमें प्रशासन सीधे गांवों तक जाकर आमजन की समस्याओं का तत्काल समाधान करता है।

**आसींद न्यूज सर्विस के अनुसार** क्षेत्र के परासोली में शुक्रवार को आयोजित शिविर में तहसीलदार जयसिंह के निर्देशन में पटवार भवन का पट्टा जारी कर प्रदान किया गया। इसे लेकर पटवारीयान की मासिक बैठक में तहसीलदार ने समस्त पटवारियान को ग्राम पंचायत में नियमानुसार आवेदन कर पटवार भवन का पट्टा बनाने के निर्देश दिये। ग्राम पंचायत ने पट्टा तैयार कर तहसीलदार एंव विकास अधिकारी भंवर सिंह चारण को प्रस्तुत किया। जिसे शिविर में ही उपखण्ड अधिकारी, तहसीलदार एंव विकास अधिकारी ने पटवारी हल्का परासोली संगीता कौर को प्रदान किया। इसके साथ ही जलदाय विभाग, पी.एम.श्री राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय के स्वाध्याय केन्द्र परासोली को भी पट्टा प्रदान किया। इसी प्रकार अन्य प्रकरणों का भी निस्तारण कर लोगों को राहत दिलाई।


बदनोर


करेड़ा


मांडल


आसीन्द

जा रहा बस्तियों



# लंबे अर्से बाद मिली सीतापुरा आईटीआई को भूमि

**न्यूज सर्विस/नवज्योति, बून्दी।**

पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़े के अन्तर्गत शुक्रवार को ग्राम पंचायत भवन सीतापुरा तहसील तालेड़ा में शिविर आयोजित किया गया। ग्राम सीतापुरा के खसरा संख्या 1277/96 में 1.8454 हैक्टेयर सिवायचक भूमि औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान तालेड़ा को आवंटित हुई थी। अधीक्षक औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान द्वारा शिविर में सीमाज्ञान करने एवं पत्थरगढ़ी करवाने के लिए अवगत कराया गया। तत्काल ही राजस्व टीम द्वारा उक्त भूमि का सीमाज्ञान कर, कच्चा पक्का अतिक्रमण हटाया गया। अधीक्षक आईटीआई की मौजूदगी में भूमि की चतुर्दिशाओं पर पत्थरगढ़ी की गई। भूमि प्राप्त होने पर अधीक्षक आईटीआई एवं समस्त छात्रों ने जिला कलक्टर, उपखंड अधिकारी, तहसीलदार तालेड़ा का धन्यवाद ज्ञापित किया है।



Scanned with OKEN Scanner

# लाभार्थियों को निक्षय किट वितरित



**पेच की बावड़ी @ पत्रिका.** कस्बे में शुक्रवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय सबल पखवाड़ा के तहत चिकित्सा विभाग के द्वारा आयुष्मान भारत स्वास्थ्य योजना सहित कई योजनाओं का लाभ प्रदान किया गया।

6 दिव्यांग जनों को काउंसलिंग के माध्यम से लाभान्वित किया गया व सक्षम स्तर पर भेजा गया। 5 टीबी ग्रस्त को पोषण किट वितरित किए गए व निक्षय मित्र बनाए गए। निक्षय मित्र बनने वालो में बाबूलाल मीना, समाज सेवी मैंपी खेमी, सीएमएचओ डॉ ओ पी सामर, चिकित्सा अधिकारी प्रभारी डॉ हर्षित यादव, अनिल मोरसिया ग्राम विकास अधिकारी को बनाया गया। प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत योजना अंतर्गत संचित आयुष्मान कार्ड वितरण, ई के वाईसी, एनसीडी स्क्रीनिंग, एएनसी जांचे, टीकाकरण कर आम जन को लाभान्वित किया।

Scanned with OKEN Scanner

# पण्डित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़ा

## » रास्ते को किया राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज, खिल उठे ग्रामीणों के चेहरे



– निरीक्षक न्यूज नेटवर्क –

**बूंदी | 27 जून।** पण्डित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़े के अन्तर्गत शुक्रवार को तहसील हिण्डोली, की ग्राम पंचायत अणतगंज में शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में अणतगंज के ग्रामीणों द्वारा ग्राम खटावदा में नहर से सती माता स्थान व पुरानी आबादी तक खसरा नम्बर 296, 549 व 548 राजकीय सिवायचक भूमि में से निकल रहे रास्ते जिसका कुल रकबा 0.2750 हैक्टेयर हैं को गे.मु. रास्ते में दर्ज करने हेतु अवगत कराया गया।

ग्राम खटावदा में नहर से सती माता के स्थान व पुरानी आबादी तक के रास्ते की कुल लम्बाई 550 मीटर हैं।

पटवारी हल्का अणतगंज से उक्त रास्ते का मौका निरीक्षण करवाने के पश्चात् उक्त रास्ते को राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज करने का प्रस्ताव तैयार किया गया। इसके लिए ग्राम पंचायत अणतगंज द्वारा भी अनापत्ति प्रमाण-पत्र जारी किया गया। उक्त रास्ते को राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज करने का प्रस्ताव सुनकर ग्राम वासियों के चेहरे खिल गये और उनकी बरसों पुरानी समस्या का समाधान पाकर उन्होंने राजस्थान सरकार व प्रशासन का शिविर आयोजन करने पर बहुत-बहुत आभार व्यक्त किया।

Scanned with OKEN Scanner

हाड़ौती संचार हिन्दी दैनिक

# पण्डित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़ा

## सिवायचक भूमि से निकल रहा रास्ता ग्रामीणो की मांग पर राजस्व रिकॉर्ड में हुआ दर्ज

बून्दी, 27 जून (हाड़ौती संचार ब्यूरो)।



पण्डित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़े के अन्तर्गत शुक्रवार को तहसील हिण्डोली, की ग्राम पंचायत अणतगंज में शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में अणतगंज के ग्रामीणों द्वारा ग्राम खटावदा में नहर से सती माता स्थान व पुरानी आबादी तक खसरा नम्बर 296, 549 व 548 राजकीय सिवायचक भूमि में से निकल रहे रास्ते जिसका कुल रकबा 0.2750 हैक्टेयर हैं को गै.मु. रास्ते में दर्ज करने हेतु अवगत कराया गया। ग्राम खटावदा में नहर से सती माता के स्थान व पुरानी आबादी तक के रास्ते की कुल लम्बाई 550 मीटर हैं। पटवारी हल्का अणतगंज से उक्त रास्ते का मौका निरीक्षण करवाने के पश्चात् उक्त रास्ते को राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज करने का प्रस्ताव तैयार किया गया। इसके लिए ग्राम पंचायत अणतगंज द्वारा भी अनापत्ति प्रमाण-पत्र जारी किया गया। उक्त रास्ते को राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज करने का प्रस्ताव सुनकर ग्रामवासियों के चेहरे खिल गये और उनकी बरसों पुरानी समस्या का समाधान पाकर उन्होंने राजस्थान सरकार व प्रशासन का शिविर आयोजन करने पर बहुत-बहुत आभार व्यक्त किया।

Scanned with OKEN Scanner

हाड़ौती संचार हिन्दी दैनिक

# 15 साल बाद मिली सीतापुरा आईटीआई को भूमि

बून्दी. (हाड़ौती संचार ब्यूरो)।

पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़े के अन्तर्गत शुक्रवार को ग्राम पंचायत भवन सीतापुरा तहसील तालेड़ा में शिविर आयोजित किया गया। ग्राम सीतापुरा के खसरा संख्या 1277/96 में 1.8454 हैक्टेयर सिवायचक भूमि औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान तालेड़ा को आवंटित हुई थी। अधीक्षक औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान द्वारा शिविर में सीमाज्ञान करने एवं पत्थरगढ़ी करवाने के लिए अवगत कराया गया। तत्काल ही राजस्व टीम द्वारा उक्त भूमि का सीमाज्ञान कर, कच्चा पक्का अतिक्रमण हटाया गया। अधीक्षक आईटीआई की मौजूदगी में भूमि की चतुर्दिशाओं पर पत्थरगढ़ी की गयी। भूमि प्राप्त होने पर अधीक्षक आईटीआई एवं समस्त छात्रों द्वारा जिला कलक्टर महोदय, उपखंड अधिकारी, तहसीलदार तालेड़ा का धन्यवाद ज्ञापित किया गया।



Scanned with OKEN Scanner

# 15 साल बाद सीतापुरा आईटीआई को मिली अपनी ज़मीन

बनास वरदान

**बूंदी ( नि.स. )।** आखिरकार 15 साल के लंबे इंतज़ार के बाद सीतापुरा औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) को अपनी आवंटित भूमि मिल गई है। पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़े के तहत शुक्रवार को ग्राम पंचायत भवन सीतापुरा, तहसील तालेड़ा में आयोजित शिविर में यह महत्वपूर्ण कार्यवाही की गई। ग्राम सीतापुरा के खसरा संख्या 1277/96 में औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान तालेड़ा को 1.8454 हेक्टेयर सिवायचक भूमि आवंटित की गई थी। आईटीआई अधीक्षक ने शिविर में ज़मीन का सीमाज्ञान और पत्थरगढ़ी करवाने की मांग की। इस पर तुरंत कार्यवाही करते हुए राजस्व टीम ने मौके पर पहुंचकर भूमि का सीमाज्ञान किया और सभी कच्चे-पक्के अतिक्रमण हटा दिए। आईटीआई अधीक्षक की मौजूदगी में भूमि की चारों दिशाओं में पत्थरगढ़ी भी की गई। अपनी ज़मीन मिलने पर आईटीआई अधीक्षक और सभी छात्रों ने जिला कलेक्टर, उपखंड अधिकारी और तहसीलदार, तालेड़ा का आभार व्यक्त किया है। रास्ते को राजस्व रिकॉर्ड में किया दर्ज, ग्रामीणों के चेहरे खिले वहीं बूंदी जिले की हिंडोली तहसील के अणतगंज ग्राम पंचायत में शुक्रवार को



आयोजित पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़े के शिविर में ग्रामीणों की वर्षों पुरानी समस्या का समाधान हुआ। ग्राम खटावदा में नहर से सती माता स्थान और पुरानी आबादी तक का रास्ता अब राजस्व रिकॉर्ड में गैर-मुमकिन (गै.मु.) रास्ते के तौर पर दर्ज कर लिया गया है। ग्रामीणों ने शिविर में इस रास्ते को राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज करने का अनुरोध किया था। यह रास्ता खसरा संख्या 296, 549 और 548 में स्थित राजकीय सिवायचक भूमि से होकर गुजरता है और इसका कुल रकबा 0.2750 हेक्टेयर है, जिसकी कुल लंबाई 550 मीटर है।अणतगंज हल्का पटवारी द्वारा मौके का निरीक्षण करने के बाद इस रास्ते को राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज करने का प्रस्ताव तैयार किया गया।

Scanned with OKEN Scanner

समाचार जगत

## न्यूज गैलरी

# 15 साल बाद मिली सीतापुरा आईटीआई को भूमि



**बूंदी, समाचार जगत ब्यूरो** . पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़े के अन्तर्गत शुक्रवार को ग्राम पंचायत भवन सीतापुरा तहसील तालेड़ा में शिविर आयोजित किया गया। ग्राम सीतापुरा के खसरा संख्या 1277/96 में 1.8454 हैक्टेयर सिवायचक भूमि औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान तालेड़ा को आवंटित हुई थी। अधीक्षक औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान द्वारा शिविर में सीमाज्ञान करने एवं पत्थरगढ़ी करवाने के लिए अवगत कराया गया। तत्काल ही राजस्व टीम द्वारा उक्त भूमि का सीमाज्ञान कर, कच्चा-पक्का अतिक्रमण हटाया गया। अधीक्षक आईटीआई की मौजूदगी में भूमि की चतुर्दिशाओं पर पत्थरगढ़ी की गई। भूमि प्राप्त होने पर अधीक्षक आईटीआई एवं समस्त छात्रों द्वारा जिला कलक्टर, उपखंड अधिकारी, तहसीलदार तालेड़ा का धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

Scanned with OKEN Scanner

दैनिक भास्कर बूंदी 28-06-2025

# अंत्योदय संबल योजना के आज भी लगेंगे शिविर

बूंदी. पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल योजना के शिविर शनिवार को भी लगेंगे। 28 जून को तहसील नैनवां की ग्राम पंचायत बांसी व सादेड़ा में कैंप रहेगा। वहीं, तहसील हिंडोली की ग्राम पंचायत मेंडी, चेंता, उमर के अटल सेवा केंद्र में शिविर लगाए जाएंगे।

Scanned with OKEN Scanner

दैनिक भास्कर
दौसा भास्कर 28-06-2025

# खेड़ला खुर्द एवं चांदसेन में आज लगेंगे शिविर, लोगों को योजनाओं का लाभ मिलेगा

दौसा| पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के तहत 28 जून को लालसोट पंचायत समिति की खेड़ला खुर्द व चांदसेन ग्राम पंचायत में शिविर लगेंगे। कलेक्टर देवेंद्र कुमार ने बताया कि इसी प्रकार पखवाड़े के तहत 30 जून को दौसा पंचायत समिति की ग्राम पंचायत जसोता एवं खुरी कलां, बांदीकुई की कोलवा एवं नयागांव, बसवा की झरवालों की ढाणी एवं करनावर, सिकराय की पीपलकी, पांचोली, गंडरावा एवं टोरडा, महवा की खानपुर, तालचिड़ी एवं खेड़ला बुजुर्ग, मंडावर की ढिगारिया भीम एवं बावड़ी खेड़ा, लालसोट की बगड़ी, महारिया एवं महाराजपुरा, नांगल राजावतान की बैजवाड़ी एवं प्यारीवास, रामगढ़ पचवारा की जगनेर तुर्कान एवं कालीवाड़, सैंथल की ग्राम पंचायत बापी में शिविर आयोजित किए जाएंगे।

# भूमि के स्वामित्व पट्टे व जनसमस्याओं का मौके पर निस्तारण होने पर खिले चेहरे







patrika.com

**पौधे लगाने का किया आह्वान**



# आनन्दपुरा व कंचनपुरा में हटाया अतिक्रमण



लवाण. अतिक्रमण हटाने के दौरान बारिश में भीगती प्रशासन की टीम।

**डिगारिया (लवाण).** ग्राम पंचायत डिगारिया के गांव आनन्दपुरा मे कोटापटटी सडक वाया तलाई वाले बालाजी का सीमाज्ञान कर जेसीबी से अतिक्रमण हटाया गया। इस दौरान राजस्व टीम एवं पुलिस जाप्ता बारिश में भीगता नजर आया।

राजस्व टीम ने पहले रास्ते का सीमांकन किया फिर जेसीबी की सहायता से रास्ते को खाली करवाया गया।आनंदपुरा मे अतिक्रमण हटाने के दौरान बरसात शुरू हो गई। काश्तकार भी रास्ता खोलने मे विवाद उत्पन्न करने लगे लेकिन पुलिस व राजस्व टीम ने कीचड़ में खड़े रहकर रास्ते को खुलवाया।



बैजूपाड़ा क्षेत्र में मार्ग से अतिक्रमण हटवाता प्रशासन।

**बैजूपाड़ा.** क्षेत्र के गांव कंचनपुरा मे डिगारिया कपूर की ओर जाने वाले रास्ते पर पर हो रहे अतिक्रमण को रास्ता खोलो अभियान के तहत शुक्रवार को प्रशासन की मौजूदगी मे हटाकर रास्ता खुलवाया और आवागमन सुचारू कराया। ग्रामीणो ने बताया कि एक माह पहले ज्ञापन देकर शिकायत की थी। इस पर तहसीलदार प्रकाशचंद मीणा ने मौके पर जाकर अतिक्रमण हटा कर रास्ते को सुचारू कराया। इस मार्ग पर कुछ लोगों ने पेड़ लगाकर व तारबंदी कर अतिक्रमण कर रखा था। भामाशाह केदारप्रसाद मीणा, जगदीश पटेल ठंडीराम आदि मौजूद रहे।

### महुवा उपखंड में सबसे अधिक 22 रास्ते खुलवाए

# 'रास्ता खोलो' अभियान बना वरदान, 125 मार्ग खुलने से राह हुई आसान



दौसा. रास्ते से अतिक्रमण हटाती जेसीबी।

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**दौसा.** राज्य सरकार की ओर से ग्रामीण अंचल में शुरु किया गया 'रास्ता खोलो' अभियान ग्रामीणों के लिए वरदान साबित हो रहा है। इसके तहत सालों से बंद पड़े रास्ते खुलने से आमजन की राह आसान होने लगी है और आपसी विवाद भी कम हुए हैं। अभियान के तहत जिले में 125 रास्तों को अतिक्रमण मुक्त कराकर खुलवाने से जिलेवासियों को बड़ी राहत मिली है। महुवा उपखंड में सर्वाधिक 22 रास्तों से अतिक्रमण हटवाकर आवाजाही शुरु करवाई गई।

जिला कलक्टर देवेन्द्र कुमार ने बताया कि अप्रेल माह से शुरू हुए इस अभियान के माध्यम से जो रास्ते अतिक्रमण की वजह से सालों से बंद पड़े थे। उनको खोलकर लोगों की राह को सुगम बनाया गया है। उपखंड अधिकारी एवं तहसीलदारों के नेतृत्व में राजस्व टीमों ने कहीं लोगों से समझाइश कर रास्ते खुलवाए तो कहीं पुलिस की मदद से सार्वजनिक रास्तों से अतिक्रमण हटवाकर चालू कराया। इनमें से कई रास्ते तो ऐसे हैं, जो कई दशकों से बंद पड़े हुए थे। उन्होंने बताया कि विभिन्न तहसीलों में रास्तों से संबंधित 186 प्रकरण दर्ज थे, जिनमें से 125 रास्तों को अतिक्रमण मुक्त कराकर प्रकरण निस्तारित करवाए गए हैं।



## ग्रेवल रोड बनवाने के निर्देश

जिला कलक्टर देवेन्द्र कुमार ने बताया कि 'रास्ता खोलो' अभियान के अंतर्गत खोले गए इन रास्तों पर ग्रेवल रोड निर्माण करवाने के लिए संबंधित विकास अधिकारियों को निर्देशित किया गया है। उन्होंने बताया कि सालों से बंद पड़े इन रास्तों के खुलने से ग्रामीणों की राह सुगम होने के साथ लोगों के बीच विवाद भी खत्म हुए हैं। सालों से विवादित इन रास्तों को खुलवाने में राजस्व टीमों के साथ पुलिस, जनप्रतिनिधि एवं आमजन का भी सकारात्मक सहयोग रहा। (ग्रामीण)

दैनिक भास्कर

दौसा भास्कर 28-06-2025

# बैजूपाड़ा : रास्ते से हटवाया अतिक्रमण

बैजूपाड़ा| कंचनपुरा गांव में ढिगारिया कपूर के लिए जाने वाले आम रास्ते पर हो रहे अतिक्रमण को शुक्रवार को प्रशासन ने जेसीबी की मदद से हटवा दिया। यहां कुछ लोगों ने सड़क की पटरी काटकर पौधे लगाकर व तारबंदी कर अतिक्रमण कर लिया था। इससे रास्ते की चौड़ाई कम हो गई। वाहन यहां से आसानी से नहीं निकल पा रहे थे। बड़े वाहनों को आने जाने में परेशानी होती थी।



लोगों ने बताया कि यह रास्ता सीधे अलवर जिले के रैणी कस्बे को भी जाता है। इससे बड़ी संख्या में लोगों की आवाजाही रहती है। लेकिन अतिक्रमण के कारण लोग परेशान थे। इस मामले की एक माह पहले लोगों ने शिकायत की। जिस पर शुक्रवार शाम को तहसीलदार प्रकाशचंद मीणा मौके पर पहुंचे और जेसीबी की मदद से अतिक्रमण को हटवा दिया। इस दौरान भामाशाह केदार प्रसाद मीणा, जगदीश पटेल, ठंडीराम मीणा, राजू मीणा, कमलेश शर्मा, पीडब्ल्यूडी जेईएन जया रावत सहित पुलिस मौजूद रही।

# झांझीरामपुरा व जावली का बाद में शिविर, एसडीएम ने सुनी समस्याएं



बसवा| पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के तहत झांझीरामपुरा व जावली का बाढ़ में शिविर लगाए गए। शिविर में एसडीएम रेखा मीणा ने समस्याएं सुनी। साथ ही समाधान के निर्देश दिए। इस दौरान तहसीलदार अनु शर्मा, बीडीओ मातादीन मीणा सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# बनियाना शिविर में पशु अस्पताल की भूमि का सीमाज्ञान कर कब्जा दिया

लवाण (दौसा)| पंचायत समिति समिति के ग्राम पंचायत बनियाना में शुक्रवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय संबल पखवाड़ा के तहत कैंप आयोजित किया गया। कैंप के दौरान 38 पेंशनरों का वेरिफिकेशन, खाद्य सुरक्षा के 101 आवेदकों की ईकेवाईसी, 47 की आधार सीडिंग, 39 पशुओं का उपचार, 60 पशुओं का वेक्सीनेशन, 10 जॉबकार्ड, पीएमएवाई के 30 सर्वे, 15 भूमियों की कृषि जांच सहित अन्य योजनाओं का लाभ लोगों मिला। राजस्व विभाग की टीम ने बनियाना में पशु चिकित्सालय की भूमि भवन का सीमाज्ञान कर विभागीय अधिकारियों को कब्जा सुपुर्द कराया। 1 जुलाई को सिंगवाड़ा ग्राम पंचायत में शिविर लगेगा।

# चारागाह भूमि को कराया अतिक्रमण मुक्त, रास्ता खुलने से लोगों को मिली राहत

लवाण (दौसा)| डुंगरकावता गांव में चरागाह भूमि पर हो रहे अतिक्रमण को राजस्व विभाग की टीम ने शुक्रवार को हटवा दिया। एसडीएम के निर्देश पर तहसीलदार नवल किशोर शर्मा के नेतृत्व में नायब तहसीलदार राजेश राय के साथ राजस्व टीम और थानाधिकारी रामकुमार मीणा के नेतृत्व में पुलिस जाब्ता मौके पर पहुंचा और कार्रवाई की गई। रास्ता खोलो अभियान के तहत ग्राम डुंगरावता में चरागाह भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया। इससे चक देलवास, चक हरपट्टी एवं डुंगरावता के ग्रामीणों के लिए रास्ता खुल गया। ग्रामीणों ने बताया कि करीब 20 सालों से हो रहे अतिक्रमण की कई बार शिकायत दर्ज कराई गई थी। एसडीएम रविकांत सिंह ने कहा सार्वजनिक भूमि पर कब्जा स्वीकार नहीं किया जाएगा। कार्रवाई के दौरान भू अभिलेख निरीक्षक विजय सिंह जाटव, पटवारी अजय सामरिया, हेमलता मीणा आदि उपस्थित रहे।

दैनिक भास्कर
दौसा भास्कर 28-06-2025

**आयोजन** • पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के शिविरों में उमड़ रहे लोग

# विधायक ने शिविर में लोगों की समस्याएं सुनी



बैजूपाड़ा। शिविर में समस्या सुनते विधायक राजेंद्र मीणा।



लालसोट। पट्टे वितरित करते विधायक

**बैजूपाड़ा|** राज्य सरकार द्वारा संचालित पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के तहत शुक्रवार को विधायक राजेंद्र मीणा ने ग्राम पंचायत बालाहेड़ा में आयोजित शिविर का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों की समस्याएं सुनकर कई मामलों का मौके पर ही निस्तारण किया। कार्यक्रम में विधायक मीणा ने राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों को देते हुए कहा कि सरकार का उद्देश्य अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना है।

उन्होंने विशेष रूप से चिकित्सा, शिक्षा, पेयजल, बिजली, पेंशन, रोजगार गारंटी, महिला सशक्तीकरण व सामाजिक सुरक्षा से जुड़ी योजनाओं की जानकारी देकर पात्र लाभार्थियों को जोड़ने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। इस दौरान ग्रामीणों ने सड़क, पानी, स्वास्थ्य सेवाओं सहित कई मुद्दों को उठाया। कई समस्याओं का मौके पर समाधान किया गया। विधायक ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि आमजन से सीधा संवाद बनाकर हर समस्या का शीघ्र समाधान सुनिश्चित करें।

## पट्टे बांटे, ग्रामीणों ने गर्ल्स स्कूल खोलने की मांग की

**लालसोट|** पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के तहत बिलौना कलां गांव में शुक्रवार को पंचायत कार्यालय में सेवा शिविर और जनसुनवाई का आयोजन हुआ। शिविर में विधायक रामबिलास मीणा ने ग्रामीणों से सीधा संवाद किया। मौके पर मौजूद अधिकारियों की मदद से कई समस्याओं का समाधान कराया। विधायक ने उपखंड अधिकारी को गांव की बावड़ी का जीर्णोद्धार कराने के निर्देश दिए। ग्रामीणों ने सीनियर सेकेंडरी स्तर की कन्या स्कूल खोलने की मांग रखी। विधायक ने कहा कि यह पखवाड़ा केवल औपचारिकता नहीं, बल्कि जन सेवा का अभियान है। शिविर में खाद्य सुरक्षा योजना में नाम जोड़ने, मृदा स्वास्थ्य कार्ड वितरण, पंचायत भूमि पट्टा आवंटन, पेंशन स्वीकृति, चिकित्सा सेवाएं, राजस्व और सामाजिक न्याय विभाग की योजनाओं की जानकारी दी गई। लोगों को निःशुल्क दवाएं और जांच की सुविधा भी दी गई। शिविर में एसडीएम बिजेंद्र मीणा, तहसीलदार अमितेश मीणा, शंभू कुईवाला, मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी सत्यनारायण मीणा सहित कई अधिकारी मौजूद रहे।

## शिविर में 22 ग्रामीणों को आवासीय पट्टे दिए

डिगो ग्राम पंचायत में शिविर में विधायक रामबिलास मीणा ने किसानों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड बांटे। उन्होंने कहा, पंडित दीनदयाल उपाध्याय का दर्शन अंत्योदय का मूल है। सरकार की कोशिश है कि गांव-ढाणी में ही लोगों को योजनाओं का लाभ मिले।

शिविर में 22 ग्रामीणों को आवासीय पट्टे दिए गए। वृद्धावस्था, विधवा और दिव्यांगजन पेंशन के प्रकरण मौके पर ही निपटाए गए। खाद्य सुरक्षा योजना में पात्र परिवारों के नाम जोड़ने के लिए आवेदन लिए गए। ग्रामीणों ने पेंशन, रोजगार, कृषि, स्वास्थ्य, पालन-पोषण योजना, उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत योजना सहित कई योजनाओं की जानकारी ली और आवेदन किए। इसी तरह किशोरपुरा ग्राम में भी शिविर आयोजित कर लोगों को लाभान्वित किया गया।

# 125 रास्तों को अतिक्रमण मुक्त कराकर प्रकरण किए निस्तारित: देवेन्द्र कुमार

न्यूज सर्विस/नवज्योति, दौसा। राज्य सरकार की ओर से ग्रामीण अंचल में शुरू किया गया रास्ता खोलो अभियान ग्रामीणों के लिए वरदान साबित हुआ है। इसके तहत सालों से बंद पड़े रास्ते खुलने से आमजन की राह आसान हुई है और आपसी विवाद कम हुए हैं। अभियान के दौरान जिले में 125 रास्तों को अतिक्रमण मुक्त कराकर खुलवाने से जिलेवासियों को बड़ी राहत मिली है।

महुवा उपखंड में सबसे अधिक 22 रास्तों से अतिक्रमण हटवाकर आवाजाही शुरू करवाई गई। जिला कलक्टर देवेन्द्र कुमार ने बताया कि राज्य सरकार के निर्देशानुसार अप्रैल माह से यह अभियान शुरू किया गया था। इस अभियान के माध्यम से जो रास्ते अतिक्रमण की वजह से सालों से बंद पड़े थे। उनको खोलकर लोगों की राह को सुगम बनाया गया है।

उपखंड अधिकारी एवं तहसीलदारों के नेतृत्व में राजस्व टीमों ने कहीं लोगों से समझाइश कर रास्ते खुलवाए तो कहीं पुलिस की मदद से सार्वजनिक रास्तों से अतिक्रमण हटवाकर चालू कराया। इनमें से कई रास्ते तो ऐसे हैं, जो कई दशकों से बंद पड़े हुए थे।

जिला कलक्टर ने इस अभियान के दौरान खोले गए रास्तों की जानकारी देते हुए बताया कि विभिन्न तहसीलों में रास्तों से संबंधित 186 प्रकरण दर्ज थे, जिनमें से 125 रास्तों को अतिक्रमण मुक्तकराकर प्रकरण निस्तारित करवा दिए गए।



### ग्रेवल रोड बनवाने के निर्देश

जिला कलक्टर ने बताया कि रास्ता खोलो अभियान के अंतर्गत खोले गए इन रास्तों पर ग्रेवल रोड निर्माण कराने के लिए भी संबंधित विकास अधिकारियों को निर्देशित कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि सालों से बंद पड़े इन रास्तों के खुलने से ग्रामीणों की राह सुगम होने के साथ लोगों के बीच विवाद भी खत्म हुए हैं। उन्होंने बताया कि सालों से विवादित इन रास्तों को खुलवाने में राजस्व टीमों के साथ पुलिस, जनप्रतिनिधि एवं आमजन का भी सकारात्मक सहयोग रहा।

### डाबर कलां में 25 साल से बंद राह खुली

रामगढ़ पचवारा पंचायत समिति की निजामपुर ग्राम पंचायत में डाबर कलां गांव में 25 साल से बंद रास्ते को अतिक्रमण से मुक्त कराकर खुलवाया। सालेमपुरा-रामीली मुख्य सड़क से ग्राम पंचायत निजामपुरा के डाबर कलां गांव को जोड़ने वाला यह रास्ता 25 साल से अतिक्रमण के कारण बंद था। रास्ते की इस रुकावट की वजह से लोगों को आवाजाही में काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। इस रास्ते को लेकर दोनों तरफ से काश्तकारों का विरोध था, जिससे यह रास्ता बंद पड़ा था। प्रशासन ने दो-तीन बार पहले भी इसे खुलवाने का प्रयास किया था, लेकिन कामयाबी नहीं मिली थी। उपखंड प्रशासन ने आसपास के काश्तकारों से संवाद कर इस रास्ते को खुलवाने की सकारात्मक पहल की। राजस्व टीम ने गांव वालों के सहयोग से पुलिस को साथ लेकर 26 जून को सवा किलोमीटर लंबे इस रास्ते को अतिक्रमण से मुक्त करवाया। इससे अब ग्रामीणों की आवाजाही सुगम हो सकेगी, स्कूली बच्चों के लिए आने-जाने में दिक्कत नहीं होगी और काश्तकार जरूरी सामान एवं कृषि यंत्र लाने-ले जाने का काम आसानी से कर सकेंगे। ग्रामीणों ने 25 साल से चल रही इस समस्या का हल होने पर खुशी जाहिर की और इस अभियान के माध्यम से किए जा रहे पुनीत कार्यों के लिए राज्य सरकार की सराहना की।

### 25 साल से बंद डेढ़ किलोमीटर लंबा रास्ता खुला

इस अभियान के दौरान अप्रैल माह में [illegible] तहसील के [illegible] गांव में 25 साल से बंद डेढ़ किलोमीटर लम्बा रास्ता खुलवाया। सार्वजनिक निर्माण विभाग की ओर से अवाप्त यह रास्ता पिछले 25 साल से अतिक्रमण के कारण बंद था। गांव में इस मार्ग के अलावा अन्य कोई रास्ता रिकॉर्डेड नहीं होने की वजह से ग्रामीणों को आवाजाही में काफी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा था। साथ ही, राजकीय प्राथमिक विद्यालय के बच्चों और शिक्षकों के लिए भी कोई सुगम रास्ता नहीं था। मय पुलिस जाब्ता राजस्व टीम ने इस अभियान के दौरान वहां पहुंचकर करीब डेढ़ किलोमीटर लम्बे इस रास्ते से अतिक्रमण हटाया। गांव में इस रास्ते के खुलने से उत्साहित ग्रामीणों ने रास्ता खोलो अभियान चलाने के लिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का आभार व्यक्त किया।

### लवाण में दो दशक से बंद रास्ता खुलवाया

तहसीलदार लवाण के नेतृत्व में राजस्व टीम ने पुलिस बल की मौजूदगी में 18 जून को लवाण के पूनीवास गांव में मायोलाई तलाई से कैलाश की कोठी तक जेसीबी चलवाकर बीस साल से बंद रास्ता खुलवाया।